www.epaper.azadsipahi.in

31 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 12

जन-जन का स्नेह झामुमो के साथ : हेमंत सोरेन



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## छठ पर्व और पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर

**मुजफ्फरपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मुजफ्फरपुर जिले की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में एक परिवाद दायर किया गया है। यह मामला राहुल गांधी द्वारा छठ पर्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गयी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने अदालत में परिवाद दायर किया। अदालत ने मामले को स्वीकार करते हुए 11 नवंबर 2025 को सुनवाई की तिथि तय की है।

### झारखंड में ब्लड बैंक को मजबूत करने की पहल

# अब खून के बदले नहीं मिलेगा खून

- अपर मुख्य सचिव ने की बैठक, मांगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ब्लड बैंकों के संचालन को और प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य राज्यभर में ब्लड बैंकों के सुचारू संचालन और राष्ट्रीय रक्त नीति 2002 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किये जायें। उन्होंने कहा कि राज्य में कार्यरत सभी स्वयंसेवी संस्थाओं को इस अभियान से जोड़ा जाये, ताकि स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा मिल सके। साथ ही उन्होंने सभी सिविल सर्जनों को जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर सरकारी और निजी ब्लड बैंकों की ऑडिट रिपोर्ट शनिवार तक विभाग को उपलब्ध कराने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन ब्लड बैंकों में एलिसा टेस्ट की सुविधा



उपलब्ध नहीं है, वहां इसे तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाये। टेस्टिंग में फोर्थ जनरेशन किट के उपयोग पर भी बल दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सभी ब्लड बैंक अपने लाइसेंस का नवीनीकरण या नये लाइसेंस के लिए आवेदन ओएनडीएलएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करें। औषधि निदेशक को शीघ्र अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उन्होंने ब्लड रिप्लेसमेंट पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में ब्लड रिप्लेसमेंट की अनुमति नहीं होगी और रक्त संग्रह केवल स्वैच्छिक दाताओं के माध्यम से ही किया जाये। उन्होंने डाटा प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ब्लड डोनर, थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों का पूरा रिकॉर्ड इ-रक्त पोर्टल पर अपडेट किया जाये। साथ ही आरटी-पीसीआर और ट्रूनेट मशीनों को भी अद्यतन रखने के निर्देश दिये गये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि ब्लड बैंक का प्रभारी एमडी पैथोलॉजी डॉक्टर होना चाहिए और उन्हें अन्यत्र प्रतिनियुक्त नहीं किया जाये। टेक्निकल स्टाफ और काउंसलर की नियुक्ति आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाये। जिन जिलों में एमडी पैथोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां शीघ्र नियुक्ति सुनिचित की जाये। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों में ब्लड सेपरेशन मशीन शीघ्र स्थापित करने का आदेश भी दिया गया। उन्होंने रक्तदाताओं में विश्वास बढ़ाने के लिए कांफिडेंस बिल्डिंग उपायों को अपनाने और व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक अबु इमरान, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा, एनएचएम निदेशक शशि प्रकाश झा, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज और डीआइसी सिद्धार्थ सान्याल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने का मामला

### हाइकोर्ट ने अधिकारियों को लगायी फटकार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची और चाइबासा में बच्चों को खून चढ़ाने के बाद उनके एचआइवी पॉजिटिव होने के मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाइकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी और ऐसी घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए सरकार को तत्काल इसे रोकने के लिए एक्शन लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट के समक्ष स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी के परियोजना निदेशक और औषधि नियंत्रक सशरीर उपस्थित थे। हाइकोर्ट ने उक्त अधिकारियों को शपथ पत्र दाखिल कर सरकारी और निजी अस्पतालों में रक्तदान शिविर का ब्योरा मांगा है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य के अस्पतालों में कितने रक्त की आवश्यकता है और कितना उपलब्ध हो पा रहा है, इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई।

# मुंबई के स्टूडियो में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले का एनकाउंटर

- पुलिस ने सभी बच्चों को सुरक्षित बचाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के पवई स्थित आरे स्टूडियो में 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले आरोपी रोहित आर्य की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गयी। इससे पहले गुरुवार को रोहित ने ऑडिशन के लिए आये बच्चों को बंधक बना लिया था। पुलिस ने उससे बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी। फिर पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर घुसी और सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया। शुरुआत में मुंबई पुलिस के हवाले से यह जानकारी सामने आयी थी कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि कुछ ही देर बाद यह खबर आयी कि आरोपी रोहित आर्य की गोली लगने से मौत हो गयी है।

**बंधकों को बचाते वक्त गोली चली थी :** सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने बंधकों को बचाते वक्त आरोपी पर गोली चलायी थी। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

**बंधकों में 17 बच्चे थे, बाथरूम के रास्ते घुसी पुलिस :** मुंबई पुलिस को अभिभावकों की तरफ से गुरुवार दोपहर 1:45 बजे फोन आया था। पुलिस ने पहले आरोपी से बातचीत की कोशिश की। जब बात नहीं बनी, तो पुलिस बाथरूम के रास्ते अंदर घुसी। बताया जा रहा है कि बंधकों में 17 बच्चे थे। इनके अलावा दो और लोग थे, जिनमें एक बुजुर्ग भी शामिल थे। ये सभी अब सुरक्षित हैं।




### बंधक बनाने वाले ने कहा था उकसाया तो आग लगा दूंगा

बताया जा रहा है कि आरोपी रोहित आर्य स्टूडियो में ही काम करता था। उसने एक वीडियो भी जारी किया था। इसमें उसने धमकी दी थी, मैं रोहित आर्य। मैंने आत्महत्या करने की जगह एक प्लान बनाया और कुछ बच्चों को यहां बंधक बनाया। मेरी कुछ ज्यादा मांगें नहीं हैं। मेरी कुछ नैतिक मांगें हैं। कुछ लोगों से सवाल पूछने हैं। मुझे उनके जवाब चाहिए। न मैं आतंकी हूं, न मेरी पैसों की कोई मांग है। मुझे आसानी से बात करनी है, इसी के लिए बच्चों को बंधक बनाया है। अगर जिंदा रहा, तो मैं यह करूंगा, लेकिन होगा जरूर। आपकी तरफ से एक छोटा सा कदम मुझे उकसा देगा और मैं पूरी जगह को आग लगाकर मर जाऊंगा। इससे बच्चों को बेवजह नुकसान होगा। वे निश्चित तौर पर डर जायेंगे। इसका जिम्मेदार मुझे न माना जाये। मैं सिर्फ बात करना चाहता हूं। मैं अकेला नहीं हूं, मेरे साथ कई सारे लोग हैं, जिन्हें परेशानियां हैं।

# झारखंड में एसआइआर की तैयारी, समीक्षा बैठक

- सीइओ ने पैतृक मैपिंग कार्य तेजी और त्रुटिरहित पूरी करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम की तैयारियों की गुरुवार को समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज देने पड़ें, इसके लिए 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की पैतृक मैपिंग का कार्य तेजी और त्रुटिरहित ढंग से पूरी की जाये। सीइओ ने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किये जायें, जिनमें सभी बीएलओ अनिवार्य रूप से शामिल हों। बीएलओ को भौतिक सत्यापन के बाद सभी



मतदाताओं का डाटा बीएलओ एप पर दर्ज करने को कहा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कैंप स्थलों पर हाइ स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे पुनरीक्षण कार्य के लिए सटीक और अद्यतन डाटा उपलब्ध हो सकेगा। समीक्षा के दौरान के रवि कुमार ने 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' सुविधा की भी समीक्षा की और कहा कि इस सेवा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि अधिक से अधिक मतदाता इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

# सीबीएसइ 10वीं और 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से

### अंतिम डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने 2026 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की फाइनल डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण घोषणा है। बोर्ड द्वारा पहले ही बताये गये परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार दोनों कक्षाओं की परीक्षा 17 फरवरी 2026 से शुरू होगी। डेटशीट के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा 10 मार्च 2026 को और 12वीं की परीक्षा 9 अप्रैल, 2026 को समाप्त होगी।

कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1.30 बजे खत्म होगी। विस्तृत डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की गयी है।



**10वीं के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव :** सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा 2026 से एक बड़ा बदलाव लागू कर रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीए) 2020 की सिफारिशों के आधार पर कक्षा 10वीं के लिए साल 2026 में दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। इससे छात्रों को अपने प्रदर्शन को सुधारने का दूसरा मौका मिलेगा और परीक्षा का तनाव कम होगा।

# सीएम से मिला गुरुद्वारा शिष्टमंडल, प्रकाश पर्व में शामिल होने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड और गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने गुरुद्वारा समुदाय की ओर से मुख्यमंत्री को श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व उत्सव में सम्मिलित होने के लिए औपचारिक आमंत्रण सौंपा। समुदाय के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रकाश पर्व के अवसर पर 3 नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड से भव्य नगर-कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा 5 नवंबर को पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर में मुख्य प्रकाश पर्व समारोह का आयोजन होगा, जिसमें राज्यभर से श्रद्धालु शामिल होंगे। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से दोनों कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज



कराने का अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान समुदाय प्रतिनिधियों ने प्रकाश पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि यह आयोजन सद्भाव, सेवा और मानवीय मूल्यों को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों से बातचीत की और आयोजनों के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि झारखंड विविध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं वाला राज्य है और ऐसी पावन पर्वधर्मिता और सामाजिक सौहार्द को और मजबूत करते हैं।

शिष्टमंडल में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के प्रेसिडेंट रणजीत सिंह हैप्पी, गुरुद्वारा मेन रोड के सचिव गगनदीप सिंह सेठी, गुरुनानक सत्संग सभा प्रबंधक कमिटी के अध्यक्ष अर्जुन मिड्ढा, सचिव सुरेश मिड्ढा समेत समुदाय के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार के सहयोग और सकारात्मक संवाद के लिए आभार व्यक्त किया।

# जंगल राज से दूर रहेगा बिहार फिर से एनडीए सरकार : मोदी

### प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर किया करारा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**छपरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को छपरा हवाई अड्डा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सारण, सीवान और गोपालगंज जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने भाषण में महागठबंधन, विशेषकर राजद और कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में बिहार ने जंगल राज, भ्रष्टाचार और अपराध का दर्द झेला है। उन्होंने लोगों से कहा कि एक पल को सोचिये, जंगल राज में क्या-क्या होता था। आज के नौजवानों को शायद इसकी जानकारी न हो, लेकिन आप अपने घर



जाकर अपने माता-पिता से पूछिये कि कैसा था वह दौर। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद ने तो घोषणा पत्र जारी किया है, लेकिन कांग्रेस ने नहीं किया, क्योंकि उन्होंने रेट लिस्ट जारी की है। भीड़ से संवाद करते हुए मोदी ने नारा लगवाया, जिसमें उन्होंने कहा कि मैं कहूंगा जंगल राज से दूर रहेगा बिहार, आपको कहना है फिर से एनडीए सरकार।

# इंदिरा गांधी में इस मर्द से अधिक दम था : राहुल गांधी

### कांग्रेस नेता ने पूर्व पीएम का जिक्र कर मोदी पर बोला हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नालंदा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाने का दावा कर-के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 50 बार अपमान किया है, लेकिन मोदी 'डरपोक' हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा, 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा, लेकिन इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि हम आपकी नौसेना से नहीं डरते> हमें जो करना होगा, हम करेंगे। उन्होंने आगे कहा, इंदिरा गांधी महिला थीं,



लेकिन इस मर्द (मोदी) से ज्यादा दम उस महिला (इंदिरा गांधी) में था। उन्होंने यह दावा भी किया कि बिहार में सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं चला रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और 'नागपुर' (आरएसएस) चला रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर नालंदा को एक फिर शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाया जायेगा।

# दिसंबर या जनवरी में हो सकता है नगर निकाय चुनाव

- ओबीसी के लिए 14 फीसदी आरक्षण को राज्य सरकार की मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब नगर निकाय चुनाव जल्द होने वाले हैं। तीन साल से चुनाव टल रहे थे, लेकिन अब इसका रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 14% आरक्षण की मंजूरी दे दी है। इससे चुनाव कराने में जो अड़चन थी, वह खत्म हो गयी है। झारखंड हाइकोर्ट ने चुनाव में देरी पर नाराजगी जतायी है और 10 नवंबर को अगली सुनवाई रखी है। उम्मीद है कि उसी दिन चुनाव की तारीखें तय हो जायेंगी। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव ने कहा है कि चुनाव दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच हो जायेंगे। इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को अंतिम रूप दे रहा है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर जैसे कई शहरों में वार्डवार मतदान केंद्रों की सूची भी जारी की जा चुकी है।

# शराब घोटाला मामले में दो आइएएस से पूछताछ

- मनोज कुमार और मुकेश कुमार को आज फिर बुलाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित शराब घोटाले मामले की जांच के क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को दो आइएएस अधिकारियों, मनोज कुमार और मुकेश कुमार से पूछताछ की। मनोज कुमार से लगातार दूसरे दिन पूछताछ हुई, जबकि मुकेश कुमार पहली बार एसीबी के सामने पेश हुए। दोनों अधिकारियों को शुक्रवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दोनों अधिकारी कई दस्तावेज के साथ एसीबी मुख्यालय पहुंचे थे। पूछताछ का सिलसिला देर शाम सात बजे तक चला। बता दें कि झारखंड शराब घोटाले में एसीबी ने सबसे पहले पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे को गिरफ्तार किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# जमीनी विकास, हवा-हवाई वादों और जातीय समीकरण से भरा है बिहार चुनाव

## ■ जाके संग रहल नारी, ओही के किस्मत खुली भारी, महिला रोजगार बनाम माई-बहिन योजना में भी रस्साकशी

## ■ बिहार का असली बेटा-बेटी बनने की होड़ में जातीय राजनीति हावी

## ■ विकास गया तेल लेने, पहले देखो मेरी जात का कौन है प्रत्याशी

**बिहार का चुनाव जमीनी विकास, हवा-हवाई वादों और वोट देने की तारीख नजदीक आते-आते फिर वही जाति आधारित राजनीति पर आ चुकी है। एक तरफ जहां एनडीए अपने जमीनी विकास को गिनवा रहा है, वहीं दूसरी ओर महागठबंधन मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखा कर वोटरों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री मोदी जनता से मोबाइल का टॉर्च जलवाकर, लालटेन को बुझाने का नारा दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी लालटेन जलाकर हर घर सरकारी नौकरी देने का वादा कर चुके हैं। लेकिन लालटेन में कितना तेल है वह जनता को बता नहीं रहे हैं। यानी कैसे बिहार के 2.76 करोड़ परिवार को सरकारी नौकरी देंगे, उसका फार्मूला बता नहीं रहे हैं। बिहार का बजट तो 3.17 लाख करोड़ है, लेकिन पैसा खर्च करना होगा करीब 9-10 लाख करोड़। कहां से आयेगा पैसा, उसका आधार भी पता नहीं है। वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी तो कह रहे हैं कि बिहार का बजट दोगुना कर देंगे। अब अलादीन का चिराग रगड़ कर बजट दोगुना हो जाता होगा, तो मुमकिन है। फिलहाल बिहार की राजनीति जंगल राज से शुरू होकर विकास के रास्ते पर आयी, लेकिन अंततः बिहार फिर से वहीं आ गया, जिसने बिहार को बदहाली की ओर ढकेला है, यानी जातिगत राजनीति। इस बार चुनाव फिर से जाति आधारित हो गया है। बिहार के चुनाव में क्या है जातीय राजनीति का महत्व और यह क्या भूमिका निभाती है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह
संपादक

देश-दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार में मतदान का पहला चरण अब महज एक सप्ताह दूर रह गया है। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में, 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा। परिणाम 14 नवंबर को घोषित होगा। पहले चरण के चुनाव प्रचार में अब पांच दिन बाकी रह गये हैं। जाहिर है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक चुके हैं। इस चुनाव में सत्तारूढ़ जदयू-भाजपा गठबंधन (एनडीए) को राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन से कड़ी चुनौती मिल रही है।

### जमीनी विकास बनाम हवा-हवाई वादे

चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बिहार के विकास की बड़ी-बड़ी बातें कही जा रही हैं। दोनों तरफ से वादे किये जा रहे हैं। एक तरफ सत्तारूढ़ एनडीए है, जो पिछले दो दशक के अपने कार्यों को गिनवा रहा है और भावी योजनाओं का ठोस खाका तैयार कर मतदाताओं के सामने रख रहा है, तो दूसरी तरफ महागठबंधन है, जो हवा-हवाई वादे कर जनता को फुसला रहा है। बिहार की सत्ता के इन दो मजबूत दावेदारों के बीच बिहार के चुनाव मैदान में कुछ छोटे खिलाड़ी भी हैं, जो इस चुनाव को मुद्दा आधारित बना कर अपनी जगह तलाशने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इस पूरे सियासी युद्ध में बिहार का विकास कहीं पीछे छूटता नजर आ रहा है।

अब महागठबंधन के घोषणा पत्र में किये गये वादों को ही लें, तो इसमें ऐसे-ऐसे वादे किये गये हैं, जिन्हें पूरा करना लगभग असंभव है। घोषणा पत्र का केवल एक वादा, यानी हर घर में कम से कम एक सरकारी नौकरी कैसे पूरा होगा, इसका कोई ब्लूप्रिंट न तेजस्वी यादव के पास है और न राहुल गांधी के पास। बिहार के कुल 3.17 लाख करोड़ के बजट के विपरीत 9-10 लाख करोड़ रुपये का खर्च कहां से पूरा होगा, इस बारे में कोई सवाल नहीं कर रहा है। तेजस्वी-राहुल यह नहीं बता रहे हैं कि इतनी सरकारी नौकरी कहां से आयेगी और इस वादे को पूरा करने के लिए पैसा कहां से आयेगा।

### जाके संग रहल नारी, ओही के किस्मत खुली भारी

बिहार में पिछले कई दशकों से चुनाव को लेकर एक नया बदलाव देखने को मिला है और वो है महिला वोटर, जो आज एक निर्णायक फैक्टर बन चुका है। यह बात आज हर दल या गठबंधन को समझ में आ चुकी है कि सत्ता के शीर्ष तक आपको महिलाएं ही पहुंचा सकती हैं। आंकड़े भी बताते हैं कि पिछले 60 सालों में बिहार में वोटिंग पैटर्न में एक बड़ा बदलाव आया है। जहां पुरुषों की मतदान दर 8% घट गयी है, तो वहीं महिलाओं की मतदान दर 84% बढ़ी है। इसने बिहार की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया है। 1962 में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों के मुकाबले 23% कम थी, जबकि 2020 में यह पुरुषों से 5.2% ज्यादा हो गयी। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में महिला वोटरों का मतदान प्रतिशत लगभग 59.6% रहा, जो पुरुषों के 54.7% से करीब 5 प्रतिशत ज्यादा था। यह लगातार तीसरा चुनाव था, जिसमें महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया था। कुल मतदान प्रतिशत इस चुनाव में लगभग 57.05% दर्ज किया गया था। राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग 167 सीटों पर महिलाओं का टर्नआउट पुरुषों से ज्यादा था। खासकर ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की भागीदारी जबरदस्त थी। हालांकि, विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व अभी भी सीमित था, 2020 के चुनाव में कुल 26 महिलाएं विधायक चुनी गयीं, जो कुल सीटों का लगभग 11% हिस्सा थी।




### नारी शक्ति जिसके साथ हो ली, उसकी भर दी झोली

वैसे इस प्रयास में सत्ताधारी एनडीए काफी हद तक सफल भी नजर आ रहा है और उसका एक बड़ा कारण है- मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, जिसके तहत लगभग 1.25 करोड़ महिलाओं के बैंक अकाउंट में 10,000 रुपये की पहली किस्त सीधे डीबीटी के जरिए ट्रांसफर भी कर दी गयी है। इसके अलावा बिहार में नीतीश कुमार की शराब बंदी और केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से मिलने वाले फ्री राशन ने भी महिला खेमे में मजबूत पकड़ बनाने में काफी मदद की है। इतना ही नहीं बिहार सरकार ने ग्रेजुएशन कर रही या स्नातक पास कर चुकी छात्राओं के बैंक अकाउंट में भी 50,000 रुपये भेजे हैं। यह धनराशि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना (मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना) के तहत दी गयी। इस योजना का उद्देश्य बिहार की अविवाहित छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में आर्थिक सहायता देना है। इस योजना की प्रक्रिया अक्टूबर 2025 के पहले हफ्ते यानी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले से जारी है और लाखों छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। भले ही महिलाएं बिहार की गेम चेंजर हैं, लेकिन एक तथ्य यह भी है कि बिहार की महिलाएं साइलेंट वोटर भी हैं। जहां महिलाएं अपने एक वोट से खेल बना या बिगाड़ देती हैं, तो वहीं यह वर्ग बड़े से बड़े ओपिनियन पोल को भी गलत साबित करवा देता है। वहीं महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने भी माई बहन मान योजना के तहत 2500 रुपये हर महीने और 30000 रुपये सालाना देने का एलान किया है। यानी 30 हजार रुपये सलाना। साथ ही शिक्षा पर फोकस करते हुए हर अनुमंडल में महिला कॉलेज की स्थापना करने और 136 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के घोषणा पत्र में संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी करने की बात कही है। अभी संविदा कर्मचारियों को 17,000 प्लस रुपये सैलरी मिलती है। सरकारी कर्मचारी बनने के बाद इसमें कम से कम 8 हजार रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। मूल वेतन में भी बढ़ोतरी होगी। हर साल इंक्रीमेंट की सुविधा मिलेगी।

### बिहार में जातीय राजनीति एक हकीकत है

लेकिन यह भी हकीकत है कि बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से एक निर्णायक कारक रहा है। विभिन्न जातियों में उनकी संख्या और उनकी राजनीतिक एकजुटता चुनाव के नतीजों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बिहार चुनाव में कोई भी पार्टी या गठबंधन सिर्फ एक जाति समूह के भरोसे बहुमत हासिल नहीं कर सकता। सफलता के लिए अति पिछड़ा वर्ग (इबीसी) और महादलित जैसे बड़े और बिखरे हुए समूहों को साधने की जरूरत होती है। साथ ही अपने कोर वोट बैंक (जैसे राजद के लिए एमवाइ और बीजेपी के लिए सवर्ण) को एकजुट रखना आवश्यक होता है। जातियों का यह गणित सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में भी प्रमुख भूमिका निभाता है। इसके अलावा स्थानीय मुद्दे भी हर चुनाव में अपनी भूमिका निभाते हैं।

### अनोखी है बिहार की राजनीतिक चेतना

बिहार की राजनीतिक चेतना एक अनोखी पहेली है। जहां एक ओर साक्षरता दर कम है, वहीं दूसरी ओर मतदाताओं में राजनीतिक जागरूकता कूट-कूट कर भरी है। यह एक विरोधाभास है कि इतनी जागरूकता के बावजूद, बिहार की राष्ट्रीय छवि एक ऐसे राज्य की है, जहां से मजदूर और कामगार दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह छवि इतनी गहरी है कि राज ठाकरे जैसे नेता, जो मराठी मानुष के नाम पर राजनीति करते हैं, बिहारी छात्रों और मजदूरों पर हमले करते हैं। वे कभी रोजगार के नाम पर, तो कभी स्थानीय संस्कृति की रक्षा के नाम पर इन हमलों को जायज ठहराते हैं। यह सब बिहार को लेकर बनी एक खास छवि का नतीजा है। लेकिन दुख की बात यह है कि बिहार की इस छवि को बदलने के लिए शायद ही कभी किसी चुनाव में गंभीर सोच या मुद्दे पर बात हुई हो।

### आर्थिक मोर्चे पर चिंताजनक है बिहार की स्थिति

आर्थिक मोर्चे पर बिहार की स्थिति चिंताजनक है। जहां देश की प्रति व्यक्ति औसत आय एक लाख 14 हजार 710 रुपये सालाना है, वहीं बिहार का औसत निवासी आम भारतीय की तुलना में एक तिहाई से भी कम, यानी महज 32 हजार 227 रुपये ही कमा पाता है। यह एक बहुत बड़ा अंतर है। कर्नाटक राज्य, जो कभी बिहार से काफी पीछे था, अब राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गया है। कर्नाटक में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 90 हजार रुपये सालाना है। यहां तक कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन जैसे नेता भी बिहार का उपहास उड़ाने का मौका नहीं छोड़ते, क्योंकि उनके राज्य की प्रति व्यक्ति आय बिहार से करीब छह गुना ज्यादा, यानी एक लाख 80 हजार रुपये सालाना है। ये आंकड़े बिहार की आर्थिक पिछड़ी स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

आजादी के तुरंत बाद के बिहार की तस्वीर बिल्कुल अलग थी। उस समय के आंकड़े बताते हैं कि देश के कुल चीनी उत्पादन में बिहार का योगदान चौथाई था। धान और गेहूं की पैदावार में उसकी भागीदारी 29 प्रतिशत थी। देश का आधा बागवानी उत्पादन भी बिहार में ही होता था। उस समय बिहार में चीनी और वनस्पति तेल उद्योग फल-फूल रहे थे। डालमियानगर और टाटानगर जैसे औद्योगिक शहर कागज और स्टील उत्पादन के महत्वपूर्ण केंद्र थे। लेकिन समय के साथ, बिहार की यह गौरवशाली अतीत की तस्वीर धुंधली पड़ती गयी।

### सामाजिक न्याय की राजनीति

नब्बे के दशक में, सामाजिक न्याय के नाम पर पिछड़ी और दलित जातियों को आवाज तो मिली, लेकिन इसी दौर में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती चली गयी। इस बिगड़ती कानून-व्यवस्था ने विकास की रफ्तार को थाम दिया और उद्योगों ने बिहार से अपना बोरिया-बिस्तर समेट लिया। जो लोग सामाजिक न्याय की राजनीति करते हैं, वे अक्सर इस स्थिति के लिए कथित ब्राह्मणवादी मानसिकता को जिम्मेदार ठहराते हैं। यह एक तरह से अपनी कमियों को छिपाने का बहाना बन जाता है।

### गायब हो गये हैं गंभीर मुद्दे

बिहार के चुनावों में कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। राष्ट्रीय औसत से ज्यादा शिशु मृत्यु दर, पलायन की भयावहता, उत्तरी बिहार को लगातार चोट पहुंचाने वाली बाढ़ की समस्या, ग्रामीण सड़कों की बदहाली, कृषि उपज आधारित उद्योगों के विकास की कमी और शिक्षा की गिरती दशा जैसे मुद्दे चुनावी चर्चा का केंद्र बनने चाहिए। यह भी एक बड़ा सवाल है कि लोकतंत्र की स्टीलफ्रेम नौकरशाही में बिहार मूल के लोगों की अच्छी-खासी संख्या होने के बावजूद बिहार की मजदूर सप्लायर छवि क्यों नहीं बदल पा रही है? उस नौकरशाही का अपनी माटी के विकास में कितना और कैसा योगदान रहा है?

दुर्भाग्यवश ये महत्वपूर्ण सवाल बिहार के चुनावों में अक्सर विमर्श से गायब रहते हैं। इस बार भी हैं। सामाजिक न्याय के नाम पर जातियां तो गोलबंद हो जाती हैं, लेकिन असल मुद्दे उनके एजेंडे से बाहर हो गये हैं। हाल के वर्षों में प्रशांत किशोर जैसे राजनीतिक रणनीतिकारों के उभार ने इन मुद्दों की ओर कुछ ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन यह बदलाव अभी भी आंशिक है। यह सच है कि नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार में कुछ बदलाव हुए हैं। उन्होंने अपने अतीत के गौरव की ओर लौटने की कोशिश की।

लेकिन यह पटकथा भी धीरे-धीरे कमजोर होती गयी है। किसी भी राज्य के लिए दो दशक का समय बहुत लंबा होता है। ओड़िशा जैसे राज्य ने इतने ही समय में अपनी स्थिति में बहुत सुधार किया है। इसलिए यह बेहतर होगा कि बिहार के मतदाता इन मुद्दों पर गंभीरता से सोचना शुरू करें और अपने लिए एक बेहतर भविष्य की राह तैयार करें।

# बिहार की सवैयाटांड़ पंचायत के लोगों का जीवन आधार है झारखंड का डोमचांच

सतीश कुमार

■ बसरौन इलाके के लोग बिहार विधानसभा चुनाव में 11 नवंबर को वोट डाल जन प्रतिनिधियों का करेंगे चुनाव

■ कम दूरी होने से झारखंड के डोमचांच बाजार में करते हैं अधिकांश प्रमुख कार्य





**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** पड़ोसी राज्य बिहार का एक ऐसा इलाका, जहां के वोटर वोट तो बिहार में डालते हैं, लेकिन सारा कार्य झारखंड के कोडरमा में संपन्न करते हैं। इसका मुख्य वजह दूरी है। यह इलाका बिहार राज्य अंतर्गत जिला नवादा, प्रखंड रजौली के सवैयाटांड़ पंचायत अंतर्गत बसरौन गांव है। यहां की आबादी करीब दो हजार और वोटर 650 हैं। इस गांव के वोटर बिहार विधानसभा चुनाव में वोट 11 नवंबर को वोट करेंगे और जन प्रतिनिधि को चुनेंगे। पर मार्केटिंग, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा आदि का लाभ कोडरमा, झारखंड के डोमचांच बाजार से उठाते हैं। बताते हैं कि बसरौन गांव से डोमचांच की दूरी 15 से 18 किमी, जिला मुख्यालय कोडरमा की दूरी 30 किमी है। जबकि बसरौन से बिहार के प्रखंड रजौली मुख्यालय की दूरी 35 से 40 किमी और जिला मुख्यालय नवादा की दूरी करीब 80 किमी है। इस तरह बसरौन गांव के ग्रामीणों की अपने प्रखंड और जिला मुख्यालय की दूरी दुगुना से भी ज्यादा है। लंबी दूरी की वजह से उक्त गान के लोग डोमचांच बाजार में कार्य करना ज्यादा आसान और सहज है। हालांकि इसी पंचायत के कुछ इलाके ऐसे हैं, जिन्हें दूरी कम होने और रोड की सुविधा मिलने से प्रखंड मुख्यालय रजौली से काम लेते हैं।

**आय का मुख्य श्रोत ढिबरा और माइका :** बसरौन समेत पास के इलाके की आय का प्रमुख श्रोत ढिबरा और माइका है। इसमें लोग वर्षों से लगे हुए हैं। हालांकि माइका खदानें वर्षों से बंद होने के कारण अब ज्यादातर लोग ढिबरा यानी वेस्ट माइका पर निर्भर हैं। पहले यहां से बड़े पैमाने पर खदानों से बड़े पैमाने पर माइका माइनिंग होता था और सरकार को बड़े स्तर पर राजस्व की प्राप्ति होती थी। तब विदेशी आयातक और निर्यातकों का जमावड़ा लगा रहता था।

### सपही का आधा हिस्सा झारखंड और आधा हिस्सा बिहार में

झारखंड-बिहार बोर्डर पर बसे सपही का आधा इलाका बिहार में और आधा इलाका झारखंड के कोडरमा में है। यहां से रोड चटकरी,बरटांड़, सिमराटांड़ क्षेत्र जाती है।

### रोड बनने से बदल गयी इलाके की स्थिति

रजौली से कुंभरुआ, धमनी, चटकरी 20 किमी रोड सालभर पूर्व ही बनी है। जबकि चटकरी से पहले से बनी रोड को जोड़ती है। रोड बन जाने से न सिर्फ स्थिति बदली है,बल्कि विकास कार्य भी दिखने लगा है।

### क्या कहते हैं स्थानीय मुखिया और समाजसेवी?



मुखिया नारायण सिंह

सवैयाटांड़ पंचायत मुखिया नारायण सिंह और समाजसेवी महेंद्र सिंह बताते हैं कि पहले लोगों को आवाजाही के लिए रोड की कमी थी। रोड बन जाने से अब लोगों को आने-जाने में सुविधा हो जाती है। उन्होंने बताया कि अब अधिकारी भी आने लगे हैं। विकास कार्यों में पुल-पुलिया बने हैं। सरकारी योजनाओं उज्जवला, हर घर नल का लाभ मिल रहा है। शिक्षक भी स्कूल आने लगे हैं। अपराध कम हुआ है। अवैध काम बंद हुए हैं। वे मानते हैं कि कोडरमा के डोमचांच की दूरी बहुत कम होने से सर्वाधिक जरूरी काम यहीं से लोग करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 26.1 °c | 21.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.53 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## रांची में धड़ल्ले से चल रहा है प्रतिबंधित मांस का कारोबार

# प्रशासन की कार्रवाई मात्र आई वाश : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बीच चल रहे प्रतिबंधित गोमांस के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ बुधवार को हुआ। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आजाद बस्ती से गोमांस लदे दो ट्रक जब्त किये और चार लोगों गिरफ्तार किया। यह गोरखधंधा नगर निगम की जमीन पर चल रहा था। झारखंड में गोमांस की बिक्री निषेध है, इसके बावजूद धड़ल्ले से यह धंधा चल रहा है। इसपर रांची के हिंदू संगठन और आम लोगों में आक्रोश है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इस बात की चर्चा किये हुए महीनों बीत गये। मैंने इस मुद्दे को विधानसभा के पटल पर भी रखा था। उस जगह को नगर निगम के द्वारा सील भी किया गया था। इसके



बावजूद इस तरह का गोरख धंधा चल रहा था। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि यह एक छोटा सा मामला है, पूरे झारखंड में व्यापक पैमाने पर इस तरह का धंधा चल रहा है। रांची के मुस्लिम इलाकों में ज्यादातर खाने-पीने की दुकानों में खुलेआम बीफ परोसा जा रहा है। क्या पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है। यह पूरा गोरखधंधा पुलिस प्रशासन और सरकार के संरक्षण में संचालित किया जा रहा है।

बड़ा सवाल यह है कि जिला प्रशासन और पुलिस उन्हें क्यों छोड़े हुए है। यह अवैध वसूली का जरिया बन चुका है। जिन थाना क्षेत्रों में गौ मांस की बिक्री होती है, वहां के थानों को अवैध पैसा बंधा हुआ है, यह जगजाहिर है। थाना और पुलिस से इस तरह की जानकारी छिपी नहीं रहती है। झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार है, इन लोगों की मजबूरी है, इन्हें संरक्षण देना। यह कार्रवाई भी सिर्फ एक तरह का आई वाश है।

## वधशालाओं को बुलडोजर चलाकर नष्ट करें: विहिप

विहिप के झारखंड-बिहार क्षेत्र मंत्री बिरेंद्र साहू ने कहा कि झारखंड में गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 लागू है। इस अधिनियम के तहत झारखंड में किसी भी प्रकार से गोवंशीय पशु की हत्या करना अपराध है, फिर भी झारखंड की राजधानी रांची और उसके आसपास के क्षेत्रों में गोवंशीय पशु वधशाला को संचालन करने का बड़ा तंत्र संलिप्त है। रांची प्रशासन के द्वारा गुदड़ी एवं आजाद बस्ती में नगर निगम की जमीन पर चल रहे वधशाला से जा रहे दो ट्रक गोमांस और अपराधियों को पकड़ना एक सकारात्मक कार्य है। परंतु ध्यान रहे इस कारोबार का तंत्र बहुत



लंबा है। रांची के कांटाटोली, हिंदपीड़ी, डोरंडा सहित अनेक स्थानों पर गोवंशीय पशुओं की हत्या का कारोबार निःसंकोच चलाया जा रहा है। कई स्थानों पर चल रहे कारोबार का प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी कार्रवाई न होने के कारण, अपराधियों का मन बढ़ा हुआ है। इसके पूर्व भी रांची में गो तस्करों द्वारा प्रशासनिक पदाधिकारी तक की हत्या की गयी। परंतु इसकी जड़ तक जाने के लिए प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। वहीं विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने कहा कि बहुत ही शर्म की बात है कि राजधानी रांची के बीचों-बीच गोमांस का धंधा किया जा रहा है। इस पर लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता लगातार छापेमारी कर गौ तस्करी पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं।

## हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ : विक्रम साहू



गौ रक्षक दल और बजरंग दल के महानगर संयोजक विक्रम साहू ने कहा कि झारखंड गो तस्करी का हब बनता जा रहा है। बजरंगदल और गो रक्षा दल के सदस्य लगातार अपनी जान पर खेल कर तस्करों से गो माता को छुड़ाते हैं। गो को हम लोग माता मानते हैं, लेकिन इसके बावजूद हमेशा हम हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता है।

## पूर्वी सिंहभूम के कई वरिष्ठ नेताओं ने थामा जेएमएम का दामन

# जन-जन का स्नेह झामुमो के साथ : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव से पहले पूर्वी सिंहभूम में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का दामन थाम लिया है। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो की सदस्यता ग्रहण की है। झामुमो में शामिल होने वालों में जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्वी सिंहभूम भाजपा जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मुसाबनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रों, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश महाली और जमशेदपुर के जंबू अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह प्रमुख हैं। इनके अलावा कई स्थानीय कार्यकर्ता भी भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामा है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नये साथियों का स्वागत करते हुए लिखा भाजपा से पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत अनेक नेताओं का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है। सभी को जोहार। घाटशिला उपचुनाव में जन-जन का स्नेह झामुमो के साथ है। बता दें कि कुछ ही दिनों में घाटशिला में उपचुनाव होना है ऐसे में इन नेताओं के झामुमो में शामिल होने से झारखंड मुक्ति मोर्चा का बड़ी मजबूती मिली है।

कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी और जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू भी मौजूद रहीं। नये सदस्यों ने कहा कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीतियों और जनहित की प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि इन नेताओं के जुड़ने से संगठन को जमीनी स्तर पर नयी ऊर्जा मिलेगी।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 3 नवंबर को

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से बताया गया है कि झारखंड कैबिनेट की बैठक सोमवार, 03 नवंबर 2025 को होगी। इसकी अध्यक्षता सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। बैठक का समय अपराह्न 03:00 बजे से है और स्थान झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष बताया गया है।

## झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया

# मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना शुरू

- पहले चरण में 50 करोड़ रुपये स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक लागू की जायेगी, जिस पर कुल 299.30 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**डिजिटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ेंगे सरकारी अस्पताल :** योजना का उद्देश्य राज्य में आधुनिक तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिचित करना है। सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्रों को डिजिटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ा जायेगा। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। योजना के लिए पहले चरण में 50 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

**इन उपकरणों की होगी खरीद :** योजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में 229 कंप्यूटर और 44 स्क्रीन, जिला अस्पतालों में 542 कंप्यूटर और 158 स्क्रीन तथा पीएचसी स्तर पर 990 कंप्यूटर, 990 आभा स्कैनर, 990 बायोमीट्रिक स्कैनर और 330 प्रिंटर उपलब्ध कराये जायेंगे। सभी उपकरणों की खरीद और स्थापना झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन करेगा।

**तीन चरणों में लागू होगी योजना :** योजना तीन चरणों में लागू होगी। पहले वर्ष मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में, फिर अनुमंडल व ब्लॉक स्तर के अस्पतालों में और अंतिम चरण में प्रशिक्षण, तकनीकी सुधार और मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा। सरकार का दावा है कि इस योजना से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, जवाबदेही सुनिश्चित होगी और दूरस्थ क्षेत्रों में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की डिजिटल सलाह उपलब्ध होगी।

**डिजिटल हो जायेंगे स्वास्थ्य रिकॉर्ड :** योजना के तहत रियल टाइम हेल्थ डाटा प्रबंधन, डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड, टेली मेडिसिन सेवाएं, मरीजों का डिजिटल हेल्थ इतिहास, ऑनलाइन रेफरल सिस्टम, आपातकालीन डिजिटल हेल्थ सहायता और डिजिटल उपस्थिति प्रणाली लागू की जायेगी। इससे मरीजों को अब कागजी रिपोर्ट संभालने की आवश्यकता नहीं होगी।

HEALTH DEPARTMENT
Govt of JharKhand

### एबीडीएम के अनुरूप होगा कार्यान्वयन

इस योजना का कार्यान्वयन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अनुरूप होगा। इसके तहत स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआइएस), 24/7 कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और हाइ-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही निगरानी और प्रशासनिक नियंत्रण के लिए सीसीटीवी और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम लगाये जायेंगे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, महाप्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या:** बीआर-मुख्यालय-एडीए-आरएनसी-25-26-06; **कार्य का विवरण:** "रांची आद्रा मंडल" - "100 किमी प्रति घंटे की गति से 25टी एक्सल वाले मालगाड़ियों के चलने के लिए पुलों का पुनःगर्डरिंग (ए) ओरगा-हाती खंड के पुल संख्या 489 (9x18.3 मीटर) और 574 (6x18.3 मीटर) (बी) ओरगा-हटिया खंड के पुल संख्या 520 (11x18.3 मीटर) (सी) मुरी-कोटशिला खंड के पुल संख्या 156 अप (9x18.3 मीटर) (डी) आद्रा - गोमो खंड के पुल संख्या 409 अप (5x12.2 मीटर + 5x30.5 मीटर) (ई) आद्रा - चांडिल खंड के पुल संख्या 414 डाउन (5x30.50 मीटर + 1x24.40 मीटर) (एफ) आद्रा- मिदनापुर खंड के पुल संख्या 284 (13x18.3 मीटर) (जी) बोकारो स्टील सिटी - तालगड़िया खंड के पुल संख्या 443 (1x18.3 मीटर) (एच) आद्रा - एन.सी.बी. गोमो खंड के पुल संख्या 412 डाउन (1x30.5 मीटर + 5x45.7 मीटर + 1x12.2 मीटर) (आई) केटीडी -यूआरए स्टेशन के पुल संख्या 392 अप (2x18.3 मीटर) और 394 अप (2x18.3 मीटर)।" **निविदा मूल्य:** ₹ 102,21,02,145.18; बयाना राशि: ₹ 52,60,500.00; **निविदा दस्तावेज लागत:** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.12.2025 को 11:30 बजे। **पूर्णता अवधि:** 18 (अठारह) महीने। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं का पूरा विवरण/जानकारी और इस निविदा की स्थिति जानने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते है ताकि अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकें। इस कार्य के लिए भौतिक/मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (PR-781)



**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ST-OT-AMC-MEDHA-MSDAC-512, दिनांक: 23.10.2025

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के अधीन खोरधा रोड मंडल के विभिन्न स्टेशनों में स्थापित मेधा निर्मित मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) सिस्टमों के लिए 24 (चौबीस) महीने की अवधि हेतु सम्पूर्ण वार्षिक रखरखाव संविदा (AMC) का प्रावधान, इसके अंतर्गत आने वाले स्टेशन JSPC "A", पारादीप (PRDP), JSPC "B", BOXN यार्ड, BBMT तथा ऑटो सेक्शन कटक (CTC)-कन्दरपुर (KDRP), रघुनाथपुर (RCTC)-गोरखनाथ (GRKN), कन्दरपुर (KDRP), रघुनाथपुर (RCTC), साथ में इसी मंडल के भीतर भुवनेश्वर (BBS), खोरधा, रानीताल लिंक जंक्शन केबिन (RLJC), जाजपुर केन्दुझर रोड (JJKR) तथा कोराइ (KRIH) स्टेशनों के लिए मेधा निर्मित विभिन्न MSDAC कार्डों की आपूर्ति।

**निविदा मूल्य:** रु. 4,39,73,044.66, EMD: रु. 3,69,900.00.

बोली शुरू होने की तारीख: 31.10.2025.

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.11.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा तथा किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इन निविदाओं के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, खोरधा रोड
PR-741/Q/25-26


# पिकअप मैक्स पलटने से चार की मौत, कई गंभीर

## जन आक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे थे लोग, ताऊ मैदान में प्रस्तावित रैली स्थगित

- गंभीर रूप से घायल लोगों को रिम्स में भर्ती कराया गया
- विधायक विकास मुंडा ने दिये मदद के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू के ताऊ मैदान में आयोजित जन आक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे लोगों का गुरुवार दोपहर एनएच 33 के समीप गोसाइडीह के पास सड़क हादसा हो गया। रैली में शामिल होने जा रहे मैक्स पिकअप सवारी वाहन का टायर फट गया, जिसके बाद वाहन संतुलन खोकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में ऊपर-नीचे बैठे लोग वाहन के नीचे दब गये। मौके पर चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में ब्रजकिशोर मुंडा (35 वर्ष), रासबिहारी मुंडा (45 वर्ष), डोमन सिंह मुंडा (48 वर्ष), जगरनाथ सिंह मुंडा (55 वर्ष) सभी मृतक सिगिद (बीरडीह) गांव, ऊपर बालालोंग के निवासी बताये जा रहे हैं। ये सभी गुरुवार को सुबह जनाक्रोश रैली में भाग लेने के लिए ताऊ मैदान जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस से बुंडू अनुमंडल अस्पताल भेजा गया, जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को रिम्स रांची रेफर किया गया।

इस बीच बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा, बीडीओ सावित्री कुमारी और अंचलाधिकारी हंस हेंब्रोम भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायलों की स्थिति का जायजा लिया और तत्काल राहत और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की। वहीं विधायक विकास कुमार मुंडा के निर्देश पर विधायक सहयोगी प्रदीप कुमार मुंडा, अरविंद कुमार और अड़की विधायक प्रतिनिधि अनुमंडलीय अस्पताल सह ट्रॉमा सेंटर पर पहुंचे। उन्होंने हर संभव मदद उपलब्ध करायी और गंभीर रूप से घायलों को तत्काल रिम्स भेजवाया।

## सीआरपीएफ इंस्पेक्टर ने दिल्ली एम्स में तोड़ा दम

**रांची (आजाद सिपाही)।** सारंडा जंगल में 10 अक्टूबर को हुए आइडी विस्फोट में घायल सीआरपीएफ इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा ने गुरुवार को दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनकी शहादत की खबर मिलते ही चाइबासा सहित पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गयी है। 10 अक्टूबर को चाइबासा जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान सीआरपीएफ की टुकड़ी आइडी विस्फोट की चपेट में आ गयी थी।

# प्रदेश भाजपा ने घाटशिला मंडल अध्यक्ष समेत पांच नेताओं को पार्टी से किया निष्कासित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** प्रदेश भाजपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पांच नेताओं को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी किया गया। जारी पत्र के अनुसार, पूर्वी सिंहभूम जिला के चार नेताओं को घाटशिला उपचुनाव प्रचार के दौरान पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ कार्य करने का दोषी पाया गया। इन नेताओं में पूर्व जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषारकांत और सक्रिय कार्यकर्ता सुरेश महली शामिल हैं।

इसी क्रम में घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बताया गया है कि कौशिक कुमार घाटशिला उपचुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के विरोध में प्रचार करते पाये गये। प्रदेश भाजपा ने स्पष्ट किया है कि पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने वाले किसी भी नेता या कार्यकर्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।


**SEBI**

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड**
**Securities and Exchange Board of India**

**भर्ती -2025**

**सामान्य, विधिक (लीगल), सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल), इंजीनियरिंग (सिविल) और राजभाषा धारा में अधिकारी ग्रेड "ए" के पद हेतु आवेदन**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एक सांविधिक निकाय है, जिसका गठन संसद के अधिनियम के तहत किया गया है। इसका उद्देश्य है- प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों का संरक्षण करना, प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के विकास का उन्नयन करना और उसे विनियमित करना। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सामान्य, विधिक (लीगल), सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल), इंजीनियरिंग (सिविल) और राजभाषा धारा में अधिकारी ग्रेड "ए" के पद पर भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**आवेदन October 30, 2025 से November 28, 2025** तक **ऑन-लाइन** भरे जा सकते हैं।

इस विज्ञापन के संबंध में अधिक जानकारी और ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वेबसाइट पर इस लिंक के अंतर्गत उपलब्ध हैं
**https://www.sebi.gov.in/sebiweb/about/AboutAction.do?doVacancies=yes**

**CBC 15204/11/0175/2526**

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में धूमधाम से हेलोवीन डे मना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दुनिया की विविध संस्कृतियों से बच्चों को परिचित कराने के उद्देश्य से ग्रिजली पब्लिक स्कूल में गुरुवार को हेलोवीन डे का आयोजन उल्लास और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा टू के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा विद्यालय हेलोवीन थीम से सजाया गया था। दीवारों पर डरावनी सजावट, पृष्ठभूमि में संगीत, और झिलमिलाती रोशनियों ने माहौल को रहस्यमय और रोमांचक बना दिया। बच्चे काले रंग के परिधानों में, भूत-प्रेत, चुड़ैल, ममी, मकड़ी के रूप में सजे हुए जब स्कूल पहुँचे, तो वातावरण उत्साह से भर गया। शुरूआत रोल प्ले से हुई, जिसमें बच्चों आरवी शंघाई, आरजव जैन, दक्ष आर्या, कीर्ति राज, रुतांश वर्मा और अनविका मोदी ने दानव, भूत, ममी, चुड़ैल और कंकालों की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद रुषिका वर्मा, काश्वी यादव, वेदिका यादव, रिंसी, आयांश आर्या, युवराज मोदी, तन्वी जैन और आव्या राज ने पार्टी विद द भूतनाथ की धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। जब शानदार रैंप वॉक में बच्चों ने आत्मविश्वास से भरे कदमों के साथ अपने डरावने और रचनात्मक वेशभूषा का प्रदर्शन किया, तब तालियों की गड़गड़ाहट से स्कूल परिसर गूंज उठा। बच्चों ने एक डरावनी परेड निकाली और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या ने कहा कि हेलोवीन डे का उद्देश्य बच्चों के मन से अंधविश्वास और भय को दूर करके उन्हें मनोरंजन के माध्यम से साहस, आत्मविश्वास और आनंद का अनुभव कराना है। असली हेलोवीन का अर्थ है डरने के बजाय मुस्कुराना और दोस्तों के साथ खुशियाँ बाँटना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका अनीता कुमारी, गुरजीत कौर, शिक्षिका श्वेता अग्रवाल, मनीषा, मुकेश कुशवाहा, फैजान, सागर, अंजु, मायावती, रानी, रिया, डांस प्रशिक्षक सूरज प्रताप, सिम्मी, प्रशासनिक सदस्य अनिल, विकास, रोहित पटेल, निखत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## महेशमराय में नये आंगनबाड़ी केंद्र का गृह प्रवेश संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हीरोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम महेशमराय यादव टोला कोड संख्या 164 में नए आंगनबाड़ी केंद्र का गृह प्रवेश संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास अधिकारी गौतम कुमार, मुखिया संगीता कुमारी के कर कमलों द्वारा संपन्न किया। बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्र क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगा। उन्होंने कहा की आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के पोषण, शिक्षा एवं मातृ स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर पंसस सुरेंद्र कुमार राणा, आंगनबाड़ी सेविका आशा देवी, सहायिका सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बिजली की चपेट में आने से बच्ची की मौत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत रूपायडीह गांव में बिजली की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हो गयी है। मृतक बच्ची की पहचान 8 वर्षीय निधी कुमारी (पिता संजय यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार निधी गुरुवार की सुबह अपने घर के छत पर नहाने गयी हुई थी। जहां दीपावली और छठ को लेकर घर को सजाने के लिए लगायी गयी वाइनीज लाइट जल रही थी। इसी दौरान नहाने के क्रम में पानी और उक्त लाइट का संपर्क हो गया, जिससे निधी भी उसके संपर्क में आ गयी और उसे झटका लग गया। वह वहीं पर मूर्छित होकर गिर पड़ी। इसी दौरान छत पर हुए आवाज को सुनकर घरवाले छत पर गये और देखा कि निधी बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। जिसके बाद परिजन आनन फानन में उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में मातम पसर गया है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## डीवीसी पंचायत में सतर्कता जागरूकता सप्ताह




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में डीवीसी केटीपीएस में चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 समारोह केटीपीएस के जलग्रहण क्षेत्र के गांव अन्तर्गत कांको पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन हुआ। जागरूकता कार्यक्रम मुखिया श्याम देव यादव ने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ किया जिसके पश्चात सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर जोर देते हुए पंचायत के सदस्यों को न केवल सार्वजनिक जीवन में बल्कि विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों के भीतर दिन-प्रतिदिन के व्यक्तिगत आचरण में भी सतर्कता, अखंडता और पारदर्शिता के महत्व के बारे में उजागर किया। कार्यक्रम में समन्वयक पंकज कुमार झा, सहायक प्रबंधक अनुपम तिवारी, नवीन कुमार, चिंता देवी, उषा देवी, दशरथ पासवान, प्रकाश चंद्र राम, सुरेंद्र यादव, सौदागर दास सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत विद्यार्थियों को नशामुक्ति का दिया गया संदेश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम कोडरमा के तत्वाधान में गुरुवार को तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा और सरस्वती विद्या मंदिर पथलडीहा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को तंबाकू, मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और क्षय रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी व्यक्ति और परिवार दोनों के लिए हानिकारक है। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने तंबाकू और नशा मुक्त रहने का शपथ लिया। विद्यार्थियों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, जिला परामर्शी दीपेश कुमार आदि मौजूद थे।

# हजारीबाग में बेमौसम बारिश से धान की फसल बर्बाद
## किसानों ने सरकार से मुआवजे की लगायी गुहार

आजाद सिाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में मोंथा चक्रवात का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बता दे कि इस लगातार वर्षा ने जहां तापमान में गिरावट लाई है, वहीं धान खेतों में खड़ी और कटी हुई दोनों फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। विशेष रूप से धान,टमाटर, फूलगोभी और मिर्च जैसी फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।



जिले के ईचाक, पदमा, बरही, दारू कटकमसांडी, बड़कागांव इत्यादि प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के कई खेतों में पानी भर गया है। जिससे धान की फसल गिर गई है। कटाई के लिए तैयार धान भीगने के कारण खराब होने की स्थिति में पहुंच गया है। किसानों ने बताया कि छठ पूजा के बाद धान की कटाई शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन लगातार बारिश ने सारी तैयारी पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि अगर बारिश इसी तरह दो-तीन दिन और जारी रही, तो पूरी पैदावार बर्बाद हो सकती है। फसलों के नुकसान से किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। नुकसान को लेकर किसानों ने सरकार और जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# हजारीबाग में चोरी की वारदातों से दहशत, पुलिस के लिए बनी चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला में इन दिनों चोरों का दुस्साहस ऐसा कि मानो उन्हें किसी बात का डर नहीं। लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ा दी है। चोर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं और पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। सदर थाना क्षेत्र के बड़ा अखाड़ा चौक के पास किरण बाला के घर बदमाशों ने लगभग 40 लाख रुपए के जेवर चोरी करके फरार हो गए। मिली सूचना के अनुसार अपराधी बाइक से दो अपराधी आए और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। इस संबंध में सदर थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है। भुक्तभोगी किरण बाला ने बताया कि परिवार में खुद बेटा और बहू है। बेटा वर्क फ्रॉम होम कर रहा है। बीते दिनों छठ पर्व



को लेकर बेटे का ससुराल रांची गयी थी। जब आई तो पता चला कि घर में चोरी हो गई है। तीज के समय जेवर पहनने के लिए बैंक के लॉकर से निकाला गया था। इसके बाद से ही जेवर अलमीरा में रखा हुआ था। अपराधियों ने अलमीरा तोड़कर घर में रखे सिर्फ जेवर की चोरी की है। जिसमें एक हीरे का सेट भी है। चोरी की इस वारदात के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चोरी की घटना के खुलासे को लेकर एसपी ने एक एसआईटी का गठन किया है। एसपी ने आम जनता से भी अपील किया कि अगर कोई व्यक्ति परिवार सहित शहर से बाहर जाता है, तो वे अपने स्थानीय थाना को सूचित करें। बुधवार को जिला के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन खुद जांच करने के लिए फील्ड पर उतर आए हैं। चोरी की घटना की जांच कहां तक पहुंची है इसे लेकर विभिन्न थाना प्रभारी से जानकारी ले रहे थे। उसी दिन एक खबर आई कि सदर थाना क्षेत्र के बड़ा अखाड़ा चौक के पास किरण बाला के घर चोरों ने लगभग 40 लाख रुपए के जेवर चोरी करके फरार हो गए। चोरी की लगातार घटना ने चोरों के मनोबल आसमान पर होने की गवाही दे रहा। इससे पहले हजारीबाग में लगातार चोरी की घटना घट रही है, जिसमें 26 अक्टूबर को शहर के पगमिल स्थित अल्फलाह कॉलोनी रोड नंबर-2 में चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। 27 अक्टूबर को लोहसिंगना निवासी शाहनवाज आलम के घर से लगभग 14 लाख रुपये के जेवरात गायब हो गये, जब परिवार शादी में गया हुआ था। 4 अक्टूबर को केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टीबरियातू गांव निवासी कुलदीप सोनी के घर से एक लाख 70 हजार नकद समेत करीब एक करोड़ 30 लाख रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी हो गई थी। 18 सितंबर को रात को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनवै में रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर के घर में घुसकर अपराधियों ने सभी को बंधक बनाकर 80 लाख से अधिक के जेवरात की डकैती की थी।

## गदोखर रोड से अज्ञात शव बरामद पुलिस जांच में जुटी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पेलावल थाना क्षेत्र अंतर्गत गदोखर रोड से गुरुवार सुबह पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पेलावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। प्राथमिक जांच में शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव के शरीर पर कुछ चोट के निशान भी पाये गये हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के थानों को शव की तस्वीर भेजी गई है ताकि पहचान सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय लोगों से भी मृतक की पहचान के संबंध में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।**

# एकता फुटबॉल टूर्नामेंट में पेनाल्टी शूटआउट में रेड आर्मी बाबूपारा ने खिताब पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम के ऐतिहासिक बीएमसी फुटबॉल मैदान में आयोजित एकता फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रेड आर्मी बाबूपारा हजारीबाग बनाम केएफसी सांडी रामगढ़ के बीच संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक खेला गया। मैदानी गोल कोई भी टीम करने में कामयाब नहीं रहा जिसके कारण पेनाल्टी सूट में रेड आर्मी बाबूपारा हजारीबाग की टीम ने एक गोल से टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। उक्त टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग ली थी। विजेता टीम को मुख्य अतिथि बड़कागांव अनुमंडल पदाधिकारी पवन कुमार के हाथों ट्रॉफी एवं 40000 नगद का पुरस्कार जबकि उपविजेता टीम को विशिष्ट अतिथि बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता के हाथों ट्राफी एवं 20 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज विजेता टीम के खिलाड़ी शशि कुमार एवं मेडल झामुमो के जिला प्रवक्ता



सतीश कुमार दास द्वारा दिया गया। फाइनल मैच का रेफरी शरीफुला उर्फ गुड्डू लाइसमेन संजय पासवान, संदीप कुमार, खेल का आंखों देखा हाल कार्तिक कुमार, पंचायत समिति सदस्य सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास द्वारा संयुक्त रूप से सुना रहे थे। पुरस्कार वितरण को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीपीओ श्री कुमार ने कहा कि खेल में एक की हार एवं एक की जीत होती है। लेकिन दोनों टीम बहुत ही रोमांटिक एवं संघर्ष पूर्ण खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने घोषणा की कि 10 दिन के बाद इसी मैदान में पुनः दूसरा टूर्नामेंट का आयोजन शुरू की जायेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष बेलाल सगीर उर्फ पिंटू खान, सचिव साजिद हुसैन, उपाध्यक्ष डॉलर खान, उपसचिव ताबीज खान, संरक्षक रियाज अहमद, अकमल खान, सहयोगी शाहबाज खान, वसीम खान, अफरीदी खान,शेख अब्दुल्ला, मोहम्मद हुसैन, सफीउल्लाह, मुजाहिद खान, हाजी समूह, विषमौल, सफदर आलम, दीपक दास, रंजन रविदास, वासुदेव यादव नदीम, शाहिद अहमद जहीर अहमद, मंजर, संजय, अफरीदी खान, विकी खान, अफरीदी खान, फेजल खान, फैसल खान, अयान, नौशाद, दिलशाद खान, इमाम हुसैन, राकेश रवि, असगर, शहजाद, आदित्य, अफान, सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# केरेडारी सीएचसी में व्याप्त कुव्यवस्था पर फूटा आक्रोश
# भाजपा के नेताओं ने किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त कुव्यवस्था और चिकित्सा में लापरवाही के खिलाफ गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के बैनर तले हजारीबाग लोकसभा सांसद के निर्देश पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा तथा बड़कागांव विधानसभा की सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। धरना केरेडारी प्रखंड कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ जिसका संचालन महेंद्र सिंह ने किया! इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण और आम लोग भी



शामिल हुए। वक्ताओं ने स्वास्थ्य केंद्र में फैली कुव्यवस्था,डॉक्टरों की अनुपस्थिति और इलाज में हो रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि हाल ही में 26 अक्टूबर को कराली पंचायत के बेला टोला गांव में महापर्व छठ पूजा के दौरान स्नान के समय तालाब में डूबे दो बच्चियों को केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था लेकिन उचित चिकित्सा सुविधा,डॉक्टर की अनुपस्थिति और अव्यवस्था के कारण इलाज नहीं मिल सका। बड़कागांव ले जाने के क्रम में दोनों बच्चियों की मौत हो गई। अगर समय पर इलाज मिलता तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। धरना में भाजपा नेताओं ने मांग की कि संबंधित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था सुधारने के ठोस कदम उठाए जाएँ! नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा व अंत में ज्ञापन भी सौंपा गया! मौके पर जिला सचिव जय नारायण प्रसाद,सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी,तीर्थ दर्शन यात्रा संयोजक जुगनू सिंह,विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,प्रीतम साहू, बैजनाथ तिवारी, असेश्वर यादव, वासुदेव पासवान, प्रमोद साव, बद्रीनारायण सिंह, नारायण यादव,शेर सिंह,रंजीत महतो, भीखन महतो, सुमन गिरी, शिबू मेहता, नरेश महतो, प्रकाश गुप्ता, अवधेश सिंह, सुनील ठाकुर, विनोद गोस्वामी, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुदेश महतो से मिले विधानसभा क्षेत्र के नेता



**केरेडारी(आजाद सिपाही।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कई नेताओं व शीर्ष पदाधिकारियों की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो के साथ रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की संगठन तथा पार्टी की भावी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बहुत जल्द बड़कागांव विधान सभा में पार्टी का एक बड़ा कार्यक्रम होगा। इसको लेकर पार्टी अध्यक्ष बड़का गांव विधानसभा के सभी शीर्ष पदाधिकारियों को तैयारी करने को कहा। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधानसभा के पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो,केंद्रीय महासचिव संजय मेहता,रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत,केंद्रीय सचिव पंकज शाहा,जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो,रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी,हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष भोला महतो,उपेंद्र कुशवाहा,जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल,जिला केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार,प्रेमचंद महतो सहित बड़कागाँव और पतरातु प्रखण्ड के सभी शीर्ष पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पत्रकार संजय विश्वकर्मा की माता के निधन पर हजारीबाग प्रेस क्लब ने की आर्थिक मदद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग प्रेस क्लब लगातार पत्रकारों के साथ खड़ा रहा है। ऐसी ही बानगी गुरुवार को फिर देखने को मिला। हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्य और रांची एक्सप्रेस दैनिक अखबार पत्रकार संजय विश्वकर्मा की माता कुमकुम देवी का निधन गत दिन पूर्व हुआ था। उनके ब्रह्मभोज के दिन हजारीबाग प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल संजय विश्वकर्मा के आवास पहुंच आर्थिक मदद किया। क्लब के सदस्यों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हजारीबाग प्रेस क्लब अपने सभी सदस्यों के सुख दुख में बराबर का भागीदार बनता रहा है। आज फिर एक सदस्य के दुख की घड़ी क्लब खड़ा है। इस अवसर पर संजय विश्वकर्मा और उनके परिवारजनों ने हजारीबाग प्रेस क्लब का आभार व्यक्त किया। मौके पर क्लब के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## कार्तिक एकादशी उद्यापन को लेकर मड़पा से निकली भव्य कलश यात्रा



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत मडपा गांव में कार्तिक एकादशी उद्यापन के अवसर पर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। प्रती सुमनी देवी, सुदामा देवी और टेकनी देवी के द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। लाल और पीले वस्त्रों में सुसज्जित महिलाएं देवी स्वरूपा बनकर पूरे डाढा पंचायत में कलश लेकर निकलीं। कलश यात्रा मडपा से प्रारंभ होकर मुर्तिया गांव होते हुए रामा बांध जलाशय तक पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने जल भरकर गांव के मंदिरों में दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद सभी पुनः यज्ञशाला लौट आयी। कार्यक्रम के दौरान यज्ञ के पुजारी मिथिलेश मिश्रा, गोविंद मिश्रा और भूषण मिश्रा सहित अन्य पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की। सात दिवसीय यह धार्मिक आयोजन 5 नवंबर 2025 को संपन्न होगा। इस मौके पर डाढा पंचायत की मुखिया सह झारखंड मुक्ति मोर्चा (महिला सेल) की जिला अध्यक्ष सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि दयानंद कुमार, उपमुखिया मिथिलेश मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि यह आयोजन गांव की धार्मिक एकजुटता और आस्था का प्रतीक है। कलश यात्रा में करीब डेढ़ सौ महिलाओं की सहभागिता ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कलशयात्रा में मुख्य रूप से डाढा.पंचायत के मुखिया श्रीमती सुनीता देवी जी सह झामुमो जिला अध्यक्ष सुनीता देवी (महिला सेल) मुखिया प्रतिनिधि दयानंद कुमार उप मुखिया मिथिलेश मेहता,संजय मेहता राजू मेहता इंद्र मेहता महेंद्र मेहता तालेश्वर मेहता विनोद कुमार मेहता जगजीवन हुलास मेहता प्रसाद मेहता, सुरेश मेहता सतीश मेहता इत्यादि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भेलवारा के पत्थलचुआ वन रक्षाबंधन की 22वी वर्षगांठ मनायी गयी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत भेलवारा पत्थलचुआ जंगल में भारी बारिश के बीच वृक्षों का वन रक्षाबंधन के 22वी वर्षगांठ पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हो रही बारिश में वृक्षों में रक्षा बंधन व वन्य पर्यावरण मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने तरीके से कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो को वन संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के पश्चात वन देवी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जंगल के सभी वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगाधर महतो ने एवं संचालन मनोज झारखंडी ने किया। मौके पर पहुंचे गणमान्य लोगो द्वारा जंगल संरक्षण के कई महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी चंद्रनाथ भाई पटेल उपस्थित रहे और पेड़-पौधों पर रक्षा सूत्र बांधकर उसे बचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो ने बताया कि पेड़ वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से बादलों के निर्माण में मदद करते हैं, उनके न होने से सूखे की स्थिति पैदा हो जायेगी, वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो जाएगी, जिससे सभी को सांस लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हमे पर्यावरण संरक्षण को लेकर 500 एकड़ में फैले हुए पत्थरचुआ जंगल में 168 प्रजातियों के वृक्षों की रक्षा और उनकी सही देखभाल करनी चाहिए, साथ ही हमे अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए, जिससे हमे शुद्ध हवा मिल सके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जयप्रकाश सिंह पटेल, खेमलाल महतो, जीवलाल प्रजापति, ठाकुर, दुष्यंत कुमार महतो, संतोष कुमार, तुलसी महतो, खुबलाल भारती, मुकेश कुमार, नकुल,नीलकंठ, प्रभु मराडी समेत काफी संख्या ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पीवीयूएनएल प्लांट में काम कर रहा मजदूर घायल



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन पीवीयूएनएल प्लांट के भेल के अधीनस्थ आरवीपीआर कंपनी में कार्यरत एक मजदूर कार्य के दौरान घायल हो गया। घायल की पहचान दिलकश खान गढ़वा निवासी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आरवीपीआर कंपनी के कार्य चलने के दौरान बॉयलर एरिया में कन्वेयर लाइन में काम चल रहा है। हाइड्रा के माध्यम से सीटा उठाया जा रहा था, ऊपर भी कई मजदूर कंट्रोल कर रहे थे। उठाने के क्रम में सीलिंग बेल्ट टूट गया। इससे मजदूर के ऊपर काफी सारा सीटा दोनों पैर के नीचे दब गया, जिससे मजदूर दिलकश खान घायल हो गया। आनन-फानन में घायल मजदूर को पीवीयूएनएल अस्पताल लाया गया है, जहां डॉक्टरों ने रांची वेदांत रेफर कर दिया।

### जयनगर गांव में गोपाष्टमी पूजा की गयी

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर में गोपाष्टमी पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी को लेकर गोपाष्टमी पूजा महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को पूजा कमेटी के तत्वावधान में गौ भोजन एवं गायों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें निर्णायकों द्वारा गायों का स्वास्थ्य, उसके सिंघो की बनावट सहित कई अन्य मापदंडों के आधार पर गायों को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, जिसे गाय के मालिक स्वीकार करते है। इस कार्यक्रम के अलावा छोटे छोटे बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दशरथ ठाकुर, दिलीप पाहन, रामा प्रजापति, नरेश राम, कार्तिक मुंडा, माहेश्वरी प्रजापति, धनेश्वर ठाकुर, लखन ठाकुर, चंदन कुमार, रवि ठाकुर, सुनील ठाकुर सहित अन्य द्वारा तन मन धन से सहयोग किया गया।

### सड़क दुघर्टना में युवक की हुई मौत



उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी ओपी क्षेत्र के पसेरिया घाटी चोर मोड़ के समीप बीते सोमवार को चारपहिया वाहन टाटा पंच रजिस्ट्रेशन नंबर खल्र 09 इउ - 2512 से विपरीत दिशा से आ रही स्पलेंडर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर खल्र 24 ऋ- 1746 में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक टुकेशवर महतो पिता त्रिवेणी महतो निवासी जरजरा बी टाइप जुबला बस्ती गंभीर रूप से घायल हो गया था। तत्पश्चात उरीमारी ओपी पुलिस को सूचना मिलने पर दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर आनन-फानन में पुलिस की सहयोग से प्राथमिक इलाज हेतु भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों के सलाह पर सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया। वहीं सदर अस्पताल रामगढ़ के चिकित्सको के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की सुबह लगभग साढ़े चार बजे युवक टुकेशवर महतो का निधन हो गया। मृतक अपने परिवार में एकलौता संतान व कमाऊ व्यक्ति था। वहीं युवक की मौत के माता-पिता सहित परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस मामले पर मृतक के पिता ने गाड़ी मालिक के विरुद्ध उरीमारी ओपी में आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### विधायक ममता के पैतृक गांव पहुंचे बादल पत्रलेख, श्रद्धांजलि समारोह में हुए शामिल




रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधायक ममता देवी के ससुर एवं रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के पिता का निधन हो गया था इस दौरान श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए और दुलमी के पैतृक गांव होहद पहुंचे। पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि भी दिया, उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर अमित महतो, संजय पटेल, शालिनी प्रिया, करदीप महतो, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, भरत महतो, हिरालाल महतो, छोटन महतो, कमलेश, मोहन, वरुण, गौरीशंकर महतो, अमित, डब्लू, मुकेश आदि मौजूद थे।

### वस्त्र बिक्री से उज्वला के सदस्य बन रहे हैं आत्मनिर्भर



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्ज्वला फाउंडेशन आत्मनिर्भर की ओर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जहां सदस्यों द्वारा दीपावली व छठ पर्व पर निर्मित वस्त्र की बिक्री से हुए आमदनी से फाउंडेशन आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है, जो फाउंडेशन के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनने में सहायक है। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बोंगावार में समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पर्व के मौके पर करीब पांच सौ निर्मित वस्त्र क्षेत्र के दिगवार, बोंगावार, कुजू, करमा, बलिया, लईयो, चुंबा समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में काफी डिमांड है। फाउंडेशन के पदाधिकारी आशा कुमारी, शांति देवी, कौशल्या देवी, वीणा कुमारी, मनसरी देवी ने संयुक्त रूप से बताया कि आने वाले दिनों में लग्न में साड़ी के मेचिंग के साथ पेटीकोट तैयार करने का निर्णय लिया गया है।

### गोला में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गयी



गोला (आजाद सिपाही)। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला के मंदिर भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नया मंदिर बनाया जा रहा है। मंदिर नवनिर्माण को लेकर शुभ मुहूर्त अक्षय नवमी के अवसर पर गुरुवार को आधारशिला रखी गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद अग्रवाल अपने पत्नी के साथ भूमि पूजन किया। पुजारी शालीग्राम पांडेय ने भूमि पूजन कराया। समारोह में अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, सचिव सनत कुमार सिन्हा, पुजारी शालीग्राम पांडेय, कोषाध्यक्ष सनेल राम नायक को सम्मानित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक, सुशील बुधिया, जनार्दन पाठक, प्रदीप चंद्र लाला, रवि अंबष्ट, कपिल देव प्रसाद, मनोज मिश्र, शिवप्रकाश, निहार रंजन, विजय ओझा, पंकज बुधिया, विक्रम सिंह, देवेंद्र दांगी, कैलाश महतो, जितेन्द्र साहू, प्रदीप अग्रवाल, दीपक मिश्र, चंद्रमोहन सिंह, प्रदीप पोद्दार, नरसिंह प्रजापति, भोला कुमार, सतपाल अग्रवाल, शुभम लोधा, गौरव सिन्हा, भगीरथ प्रजापति, उत्तम मौजूद थे।

### मजदूर की गुजरात के कच्छ में मौत



चतरा (आजाद सिपाही)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सलखुआ गांव के 38 वर्षीय मजदूर मनोज भारती पिता जदुनी भारती की मौत गुजरात के कच्छ में हो गयी है। मृतक का शव मंगलवार की रात्रि गांव लाया गया। शव को देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। गांव में मातम पसरा गया। इस संबंध में मृतक के परिजनो ने बताया की मृतक मनोज भारती वर्ष 2007 से गुजरात के कच्छ जिला अन्तर्गत श्यामाखाली इलेक्ट्रोथर्म एलडीटी प्राईवेट कंपनी में काम करता था लेकिन तीन दिन पूर्व अचानक तबियत खराब हो गया जिससे उसकी मौत हो गयी। मनोज के परिजन की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है परिजनों ने सरकार एवं उपायुक्त से मुआवजे की मांग किया है।

## प्रकाशोत्सव का आठवां दिन : प्रभातफेरी में गुरुवाणी से गूंजा शहर

# तेरी सेवा, तेरी सेवा मुकत भुक्त, जुगत तेरी सेवा...

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव आठवें दिन गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार गुरजोत सिंह सैनी अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, मेन रोड होते हुए पंजाबी मोहल्ला स्थित सरदार कंवलजीत सिंह सलूजा का आवास पहुंच।

**सरदार कंवलजीत सिंह सलूजा को सरोपा देकर किया गया सम्मानित :** प्रभातफेरी का स्वागत सरदार कंवलजीत सिंह सलूजा के परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। वही, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से सरदार गुरदीप सिंह सैनी ने सरदार कंवलजीत सिंह सलूजा को सरोपा देकर सम्मानित किया।

प्रभात फेरी के दौरान साथ संगत गुरुवाणी पेश करते चल रहे थे। जिसमें, कर किरपा तेरे गुण गांवा, तेरी सेवा, तेरी सेवा मुकत भुक्त, जुगत तेरी सेवा जैसे आदि गुरुवाणी गायन करते साध-संगत चल रहे थे।

**ये थे उपस्थित :** प्रभातफेरी में प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, तेजेंद्र सिंह सोनी, जगजीत सिंह सोनी, मंजीत सिंह, विंकल कालरा, प्रीतम सिंह कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा, हरजीत सिंह, कंवलजीत सिंह लांबा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, गुरजीत सिंह सलूजा, जगजीत सिंह सोनी, कमल जस्सल, विक्की छाबड़ा, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, हरेंद्र छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, जसकीरत सिंह सैनी, बिट्टी छाबड़ा, यश छाबड़ा, मन्नत सिंह, बबलू छाबड़ा, सूमी जौली, गुरबक्श कौर सैनी, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, सोनम कालरा, कुदरत छाबड़ा, बलविंदर कौर छाबड़ा, शरण कौर छाबड़ा, मनप्रीत कौर सैनी, लवली लांबा, बलविंदर कौर पवार, बबली सोनी, निक्की लांबा सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष शामिल थे।

# अक्षय नवमी पर महिलाओं ने किया पूजन, सुख-समृद्धि की कामना की



आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। पटेलनगर स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी प्रांगण एवं पार्क परिसर में गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में अक्षय नवमी व्रत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने आंवला वृक्ष का सामूहिक पूजन कर परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर कथा श्रवण और आरती के बाद व्रत का समापन किया गया। पूजन-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष की छांव में मिष्ठान भोजन ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया। ठाकुर बाड़ी परिसर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से खीर बनाकर ठाकुर जी को भोग लगाया और प्रसाद वितरण किया। पूजन का विधान पुरोहित वृजनंदन वैध ने कराया। पूजन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान विष्णु से सुख-समृद्धि, संतान सुख, परिवार कल्याण और क्षेत्र की शांति की कामना की।

# रामगढ़ जिनालय में आरंभ हुआ आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में गुरुवार को मेन रोड स्थित रामगढ़ जिनालय में आचार्य भगवन श्री विद्यासागर महाराजश्री की परम विदुषी शिष्याएं संपदा दीदी एवं अनीता दीदी के सानिध्य में 8 दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का विधिवत शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम विधान के मुख्य पात्रों का चयन किया गया। ध्वजारोहण का सौभाग्य सुशील जैन, सुनीता चूड़ीवाल परिवार, सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य इन्द्र मणी देवी चूड़ीवाल परिवार, कुबेर इंद्र का सौभाग्य देवेंद्र जैन, ममता गंगवाल परिवार को एवं श्रीपाल एवं मैना सुंदरी बनने का सौभाग्य राजेन्द्र जैन, प्रिया पाटनी को प्राप्त हुआ।

वही, चयनित पात्रों का समाज की तरफ से अभिनंदन किया गया। उसके बाद सभी पात्रों की शुद्धि करा कर ध्वजारोहण दीदी के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। ध्वजारोहण के बाद महिलाओं ने घटयात्रा करके कलश स्थापना की। सभी धार्मिक आयोजन दीदियों के द्वारा अत्यंत भक्तिमय तरीके से विधि विधान पूर्वक सम्पन्न हुए। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि जैन धर्मावलंबी वर्ष में तीन बार अष्टानिका पर्व मनाते हैं, परंतु कार्तिक मास की अष्टानिका का एक विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस बार अष्टानिका के अवसर पर हमारे यहां दीदियों का आना हम सब के लिए सौभाग्य का विषय है। श्री सेठी ने कहा कि संध्याकाल में महाआरती प्रश्नमंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेंद्र चूड़ीवाल के नेतृत्व में सभी कार्यकरणी सदस्य एवं महिला समूह प्रयासरत है। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

# स्वामी दयानंद निर्वाण दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा में श्रद्धा और प्रेरणा का संगम

आजाद सिपाही संवाददाता



रजरप्पा। डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, रजरप्पा प्रोजेक्ट में आज स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस अत्यंत श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण तथा झारखंड प्रक्षेत्र-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य के डॉ एसके शर्मा के मार्ग दर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई, जिसमें शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्कृत शिक्षक रामेश्वर शर्मा ने स्वामी दयानंदजी के जीवन, उनके सुधारवादी विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि स्वामीजी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाकर वैदिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी में प्रेरक भाषण प्रस्तुत किये, जिनमें डीएवी आंदोलन की भूमिका और स्वामीजी के नेतृत्व को रेखांकित किया गया। भजन सत्र में सत्यकाम आर्य और रजनीश पाठक के साथ विद्यार्थियों ने भी भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किये, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा विधिवत संपन्न हवन, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भाग लेकर शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना की। पूरे आयोजन का संयोजन रमेश्वर शर्मा के नेतृत्व में हुआ, जिन्होंने अनुशासित ढंग से सभी गतिविधियों का संचालन किया। अंत में बच्चों की सक्रियता को देखकर प्राचार्य ने कहा कि यह आयोज केवल स्वामी दयानंद को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं बना, बल्कि डीएवी परिवार को उनके विचारों और जीवन मूल्यों के प्रति पुनः समर्पित करने की प्रेरणा भी प्रदान की।

## ग्रामीण विकास योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक

# सभी अधूरी योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की मासिक प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मनरेगा कार्य, आवास योजनाओं तथा ग्रामीण आजीविका से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में बताया गया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत जिला अपने शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है, जो एक सराहनीय उपलब्धि है। वहीं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कई प्रखंडों द्वारा लक्ष्यों की पूर्ति नहीं किये जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे संवेदकों को नियमानुसार चिह्नित कर काली सूची में डाला जाए और उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

उपायुक्त ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अबुआ आवास योजना के लंबित आवासों को विशेष प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आकस्मिक सीबीआरएन आपदा की तैयारी

# समाहरणालय सभा कक्ष में संयुक्त टेबल टॉप अभ्यास




आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के संयुक्त तत्वावधान में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में CBRN अर्थात केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा प्रबंधन पर आधारित एक टेबल टॉप एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। संचालन 9 बटालियन एनडीआरएफ टीम (गृह मंत्रालय, भारत सरकार) इंस्पेक्टर सूरज कुमार द्वारा प्रजेंटेशन दिया गया, डिप्टी कमांडेंट श्री विनय के नेतृत्व में यह टेबल टॉक एक्सरसाइज पर चर्चा की गयी तथा उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम के पर्यवेक्षण में पूरा हुआ।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, सीआईएसएफ, एनटीपीसी, जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ से जुड़े अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

अभ्यास के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम ने संबोधित करते हुए कहा कि उइफठ आपदायें अत्यंत संवेदनशील एवं गंभीर प्रकृति की होती हैं, अतः इनके प्रभाव को कम करने के लिए सभी विभागों के मध्य उच्च स्तरीय समन्वय, निरंतर प्रशिक्षण एवं तत्परता आवश्यक है।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनायी जायेगी

# जमीनदाता किये जायेंगे सम्मानित : सुरेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। कांकेबार स्थित पटेल छात्रावास में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाने को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम की अंतिम तैयारी पूरी कर ली गयी है। जयंती समारोह के उद्घाटनकर्ता पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो होंगे। जबकि मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी एवं गोमिया के पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो होंगे। डिवाइन ओंकार स्कूल के बच्चों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। इसके अलावा पटेल छात्रावास के तमाम सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही जिला के कई पार्षद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य वार्ड पार्षद भी शामिल होंगे। पटेल छात्रावास निर्माण हेतू जमीन दाताओ का स्वागत समारोह किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम हेमली कुमारी द्वारा एक से बढ़कर एक क्षेत्रीय गीत एवं संगीत प्रस्तुत किया जाएगा। सहयोगी कलाकारों के द्वारा तथा संत फ्रांसिस स्कूल और डिवाइन ओंकार स्कूल के बच्चों बच्चियों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम किया जायगा। बैठक में छात्रावास के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव शीतल ओहदार प्रसाद, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता टिकेंद्र कुमार महतो, निगरानी कमिटी के सदस्य धनेश्वर महतो, कार्यकारिणी सदस्य ईश्वरनाथ महतो, भुनेश्वर महतो, मनोज मंडल, धनेश्वर चौधरी, देवधारी महतो, लालचंद महतो, नुनुलाल महतो, तेजपाल महतो, मुकेश कुमार महतो तथा सदस्य मे अधिवक्ता झलकदेव महतो, दयासागर महतो, बैजनाथ महतो, शिव नारायण महतो, महेंद्र कुमार, सुनील महतो आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने कौलेश्वरी से लापता मासूम को 48 घंटे में किया सकुशल बरामद





हंटरगंज, चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कौलेश्वरी पहाड़ से लापता 5 वर्षीय मासूम को मात्र 48 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। मासूम के स्वजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। इस मामले में थाने क्षेत्र के लेंजवा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कोसमाही गांव निवासी बाढ़ो यादव द्वारा थाने में दर्ज कराये गये प्राथमिकी में बताया था कि सपरिवार कौलेश्वरी मंदिर गए हुए थे। बीते मंगलवार दोपहर कौलेश्वरी पहाड़ में भीड़ उमड़ पड़ी थी। पहाड़ से इस दौरान एक अजनबी ने झांसे देते हुए कहा था कि आपके बेटे को पहाड़ से तलहटी तक ले चलते हैं। उसके झांसे में आकर मैं अपने बच्चें को उसे सुपुर्द कर दिया। जब पहाड़ के तलहटी पर पहुंचा तो ना ही बेटा लौटा था ना ही वह अजनबी। काफी खोजबीन करने पर भी कोई पता नहीं चल सका। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे को बिहार के गया जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत अकौनी गांव से सकुशल बरामद कर हंटरगंज थाने ले आया गया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि बच्चे को सकुशल बरामद किया गया है।

### बिजली के करंट लगने से होम गार्ड जवान घायल



चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कसमार गांव निवासी सह होम गार्ड जवान संदीप कुमार तैंतीस हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित बिजली तार की चपेट में आने से घायल हो गया। जवान को घायल अवस्था में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया है, जहां प्राथमिक उपचार किया गया । इस संबंध में घायल ने बताया की तैंतीस हजार वोल्ट विद्युत प्रवाहित बिजली का तार उसके घर के उपर से होकर प्रतापपुर पावर सब स्टेशन तक गया है। बीते मंगलवार उसने छत से गन्ना उतार रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली की तार के संपर्क में आने से उसके शरीर में करंट प्रावाहित हो गया। जिससे उसका अंगूठा, हाथ व पेट जल गया तथा शरीर के कई हिस्से में नुकसान हुआ है । घायल का कहना है कि बिजली की खंम्भा भी छतिग्रस्त हो गया है। 33 हजार विद्युत प्रवाहित इस तार को हटाने के लिए बिजली विभाग से कई बार कहा गया, लेकिन आज तक तार नही हटाया गया है, जिससे परिवार के लोग दहशत में रहते हैं।

### मतांतरण पर रोक को लेकर रउता में बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। मतांतरण पर रोक लगाने व स्थानीय युवक पर साजिश रचने के आरोप मामले में रउता के ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि एक परिवार ईसाई धर्म अपना कर गांव में लंबे समय से रह रहा था। लेकिन युवक ने साजिश रचकर पिछले माह में इनकी संख्या बढ़कर 2 से 3 हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि छठ पर्व की प्रसाद लेने से इनकार करने के बाद मामले का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने मतांतरण में साजिश रचने में स्थानीय और बाहरी लोगों पर विशेष निगरानी रखने निर्णय लिया गया। वहीं, ईसाई धर्म अपना चुके एक युवक से ग्रामीणों ने पूछताछ की। बैठक में रामचल मुंडा, बैजनाथ रजवार, पवन मुंडा, विजय रजवार, राम मुंडा, कैलाश कुशवाहा, विजय कुशवाहा, भास्कर महतो, जिम्मी साव, सुनील मुंडा समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

# बिहार में रेवड़ी बांटने की होड़

बिहार के मुजफ्फरपुर में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव एक साथ चुनावी मंच पर दिखे। आइएनडीआइए ब्लॉक के समर्थकों को यह तस्वीर थोड़ा पहले आने की उम्मीद रही होगी, लेकिन महागठबंधन के भीतर चल रही उठा-पटक और सीटों पर मोलभाव की वजह से शायद इतनी देरी हुई। बिहार का यह चुनाव इसलिए खास नहीं है क्योंकि इससे दो दशकों से राज्य का चेहरा रहे सीएम नीतीश कुमार का भविष्य तय होना है - यह खास है क्योंकि दोनों गठबंधनों की तरफ से एक जैसी राजनीति चल रही है - लोकलुभावन घोषणाओं की। महागठबंधन ने दो दिन पहले 'तेजस्वी प्रण' घोषित किया। कांग्रेस, आरजेडी और दूसरे सहयोगी दलों ने बीते दिनों में जो चुनावी वादे किए हैं, उन्हें ही इसमें शामिल किया गया है। दोनों ही तरफ से वादों की लिस्ट बेहद लंबी है। शुरुआत नीतीश सरकार की तरफ से हुई। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये, 125 यूनिट फ्री बिजली, एक करोड़ नौकरियों का वादा, महिलाओं को नौकरी में आरक्षण, बढ़ी पेंशन - नीतीश ने चुनावी अभियान इस तरह शुरू किया।

**बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश की औसत प्रति व्यक्ति आय का केवल 30% है, जबकि बेरोजगारी ज्यादा। 2022-23 में राज्य की जीडीपी की तुलना में ऋण का अनुपात 39.6% था। बिहार के सामने सबसे बड़ी समस्या है आय के साधन जुटाने की।**

महागठबंधन ने जवाब में 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, महिलाओं को हर महीने ढाई हजार और भी बहुत कुछ देने का वादा किया है। तेजस्वी का दावा है कि वादों को पूरा करने के लिए कैलकुलेशन की जा चुकी है। क्या वाकई ऐसा है? नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि देश की जनसंख्या में बिहार का हिस्सा 9% से ज्यादा है, पर जीडीपी में योगदान 2021-22 में घटकर 2.8% रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश की औसत प्रति व्यक्ति आय का केवल 30% है, जबकि बेरोजगारी ज्यादा। 2022-23 में राज्य की जीडीपी की तुलना में ऋण का अनुपात 39.6% था। बिहार के सामने सबसे बड़ी समस्या है आय के साधन जुटाने की। कुल कमाई में उसका अपना टैक्स रेवेन्यू केवल 23% है और केंद्र की तरफ से अनुदान का हिस्सा 21%। जन सुराज का दावा है कि मुफ्त की योजनाओं को पूरा करने के लिए 33 हजार करोड़ चाहिए होंगे। इस आंकड़े को सच मान लें तो राज्य के कुल बजट में से रोजमर्रा के कामकाज व योजनाओं का खर्च निकालने के बाद करीब 40 हजार करोड़ रुपये बचते हैं। क्या फ्रीबीज का वादा इससे पूरा होगा? एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि हकीकत में दोनों को बताना चाहिए कि वे किस तरह इन वादों को पूरा करेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 औपचारिक रूप से गिग, प्लेटफॉर्म और असंगठित श्रमिकों को मान्यता देती है तथा केंद्र और राज्यों को उनके लिए समर्पित सामाजिक-सुरक्षा कोष स्थापित करने की सुविधा देती है। एग्रीगेटर्स को टर्नओवर का 1-2 प्रतिशत, भुगतान का अधिकतम 5 प्रतिशत, योगदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है, जो गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लाभों के वित्तपोषण का एक व्यावहारिक तरीका है।**

# भारत की श्रम संहिताएं: समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम

**चंद्रजीत बनर्जी**



भूमि और श्रम; भारत के विकास के आधार-स्तंभ हैं– भूमि अवसंरचना और औद्योगिक विकास को गति देती है, जबकि श्रम उत्पादकता और समावेश को बढ़ावा देता है। इस संदर्भ में, भारत की नयी श्रम संहिताएं एक परिवर्तनकारी कदम को रेखांकित करती हैं, 29 कानूनों को एक आधुनिक, एकीकृत संरचना में समेकित करती हैं तथा श्रम परिदृश्य में स्पष्टता, एकरूपता और समानता सुनिश्चित करती है।

श्रमिकों के लिए, ये संहिताएं मजबूत सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित कार्यस्थल और औपचारिक लाभों तक व्यापक पहुंच की सुविधा प्रदान करती हैं, जबकि व्यवसायों को सरलीकृत अनुपालन, कार्यबल प्रबंधन में लचीलेपन और सभी क्षेत्रों में समान अवसर का लाभ मिलता है। हालाँकि अंतिम प्रभाव कार्यान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा, लेकिन ये संहिताएं भारत के श्रम बाजार को 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम हैं।

जयपुर में वितरण सेवाओं से लेकर साणंद में तकनीकी भूमिकाओं और गुवाहाटी में निर्माण कार्य तक– विभिन्न क्षेत्रों में भारत के कार्यबल की आकांक्षा एक-जैसी है: सुरक्षित कार्य परिस्थितियों तक पहुँच, उचित पारिश्रमिक और दूसरी जगह ले जाने योग्य एवं विश्वसनीय सामाजिक सुरक्षा। श्रमिक चाहे कारखानों में कार्यरत हों या खेतों में, या प्लेटफॉर्म-आधारित सेवाओं से जुड़े हों, वे तीन प्रमुख आश्वासन चाहते हैं: आय स्थिरता, पूर्वानुमानित सामाजिक सुरक्षा और रोजगार में सम्मान। भारत की चार श्रम संहिताएँ इस आकांक्षा को जीवंत वास्तविकता में बदलने के उद्देश्य से तैयार की गयी हैं, ताकि समता और सुरक्षा के सिद्धांत का कार्य जगत में अंतर्निहित होना सुनिश्चित हो सके।

**एक राष्ट्र, एक श्रम कानून व्यवस्था के विजन को साकार करने के लिए, यह आवश्यक है कि केंद्र और सभी राज्य कार्यान्वयन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ें।**

सुधारों के केंद्र में है - सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार। लाखों असंगठित, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक, जो भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, नयी व्यवस्था के तहत औपचारिक मान्यता प्राप्त करेंगे और कई सुविधाओं के पात्र बन जायेंगे।

भविष्य निधि, स्वास्थ्य बीमा और मातृत्व लाभ के प्रावधान अब औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ऐतिहासिक रूप से बहिष्कृत श्रेणियों तक इनका विस्तार हो जायेगा। यह बदलाव, न केवल कमजोर श्रमिकों के लिए सुरक्षा सुविधा को मजबूत करता है, बल्कि उद्यमों को रोजगार को औपचारिक बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक सुरक्षा के समग्र आधार का विस्तार होता है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 औपचारिक रूप से गिग, प्लेटफॉर्म और असंगठित श्रमिकों को मान्यता देती है तथा केंद्र और राज्यों को उनके लिए समर्पित सामाजिक-सुरक्षा कोष स्थापित करने की सुविधा देती है। एग्रीगेटर्स को टर्नओवर का 1-2 प्रतिशत, भुगतान का अधिकतम 5 प्रतिशत, योगदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है, जो गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लाभों के वित्तपोषण का एक व्यावहारिक तरीका है। आधार-आधारित पंजीकरण पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है और इ-श्रम पोर्टल में 31 करोड़ से अधिक श्रमिक नामांकित हैं।

प्रत्येक श्रमिक को एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर, यूएएन) दी गयी है, जिसके जरिये स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व सहायता, या वृद्धावस्था पेंशन जैसे लाभों को नये कार्य-स्थल में स्थानांतरित किया जा सकता है, चाहे वे कहीं भी काम करते हों। ई-श्रम रजिस्ट्री, वास्तव में, अनौपचारिक श्रमिकों के संदर्भ में भारत का पहला राष्ट्रीय डेटाबेस है– जो समावेशी विकास और आपदा सहनीयता की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

व्यवसाय सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता भी उतनी ही परिवर्तनकारी है, जो सुरक्षा मानदंडों को एकीकृत करती है और विशेष रूप से, महिलाओं को सहमति और सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देती है। यह प्रगतिशील उपाय महिलाओं के लिए अवसरों का विस्तार करता है, जबकि सुरक्षा को अनिवार्य बनाए रखता है। ओएसएच संहिता लाइसेंस और निरीक्षण प्रणालियों को भी युक्तिसंगत बनाती है, जो दंड के बजाय रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देने के क्रम में जोखिम-आधारित, प्रौद्योगिकी-सक्षम अनुपालन की ओर अग्रसर है। इसी तरह, वेतन संहिता सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन और समय पर भुगतान व्यवस्था को सार्वभौमिक बनाती है, चाहे उनका क्षेत्र या कौशल स्तर कुछ भी हो।

औद्योगिक संबंध संहिता, विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने और सामाजिक संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। विवाद बढ़ने से पहले बातचीत, सुलह और मध्यस्थता को प्रोत्साहित कर-के, यह संहिता एक अधिक स्थिर औद्योगिक संबंध वातावरण का निर्माण करती है। इसके अतिरिक्त, ट्रेड यूनियन मान्यता और बड़े उद्यमों के लिए स्थायी आदेशों से संबंधित सरलीकृत नियम; नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों में पारदर्शिता और पूर्वानुमान में सुधार को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं।

उद्यमों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के लिए, श्रम संहिताओं का अर्थ है सरल अनुपालन: मानकीकृत परिभाषाएं, कम रजिस्टर, डिजिटल रूप से दाखिल करना और बहुत कम अस्पष्टता।

भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) प्रवाह वित्त वर्ष 2021-22 में 83.6 बिलियन डॉलर रहा था और वित्त वर्ष 2024-25 में यह 81 बिलियन डॉलर के साथ मजबूत स्थिति में है। इस अवधि में, भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किये, जिनमें श्रम सुधारों का अधिनियमन भी शामिल है। वित्त वर्ष 2021-22 में पूंजीगत व्यय के लिए लगभग 13 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उच्चतम आवंटन हुआ। इसके अलावा, संस्थागत नीति, डिजिटल सुधारों, देश में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने और भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य स्थल बनाने के माध्यम से अनुपालन बोझ को कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गये। इसी अवधि में विनिर्माण क्षेत्र में सुधार तथा सेमीकंडक्टर उद्योग, कोयला क्षेत्र, ऊर्जा और खनिज क्षेत्र को मजबूत करने से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बाजार में देश की स्थिति को और मजबूत करने में योगदान मिला। फिर भी, कानून पारित करना केवल आधी यात्रा है। श्रम समवर्ती सूची का विषय है, जिसका अर्थ है कि केंद्र और राज्य दोनों को कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने और अधिसूचित करने होंगे।

हालाकि अधिकांश राज्यों ने चारों संहिताओं के अंतर्गत नियमों का मसौदा तैयार कर लिया है, लेकिन अंतिम अधिसूचना जारी करने की गति असमान बनी हुई है। एक राष्ट्र, एक श्रम कानून व्यवस्था के विजन को साकार करने के लिए, यह आवश्यक है कि केंद्र और सभी राज्य कार्यान्वयन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ें। इस बदलाव को प्रभावी बनाने के लिए, कुछ प्राथमिकताएं उभर कर सामने आती हैं- पहला, असंगठित श्रमिकों के कवरेज को क्रियान्वित करना। एग्रीगेटर्स के लिए अंशदान दरों की सूचना देना, पारदर्शी नामांकन और लाभ-वितरण प्रणालियां स्थापित करना तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक डैशबोर्ड बनाना।

प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सिंगापुर के केंद्रीय भविष्य निधि (सीपीएफ) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मॉडल, मूल्यवान जानकारी प्रदान कर सकते हैं। दूसरा, डिजिटल अवसंरचना को वास्तविक पात्रता में बदलना।

इ-श्रम, इपीएफओ और इएसआइसी डेटाबेस को लिंक करना, ताकि श्रमिक जहां भी जायें, लाभ उनके साथ चलें।

आधार का उपयोग दूसरी जगह ले जाने की सुविधा (पोर्टेबिलिटी) के लिए किया जाना चाहिए, न कि बहिष्करण के लिए।

तीसरा, जागरूकता और क्षमता का निर्माण।

एमएसएमइ को संहिताओं को समझने के लिए हेल्प-डेस्क और सरलीकृत मार्गदर्शिकाओं की आवश्यकता है; श्रमिकों को बहुभाषी हेल्पलाइन और जमीनी सहायता की जरूरत होती है। सरकार, उद्योग निकायों और यूनियनों के संयुक्त प्रयास यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि कागज पर लिखे अधिकार, लाभ-प्राप्ति में परिवर्तित होंगे।

मूलतः, यह सुधार इस विश्वास पर आधारित है कि काम सुरक्षित होगा और उचित भुगतान किया जायेगा; सामाजिक सुरक्षा श्रमिक के साथ बनी रहेगी और अनुपालन इतना सरल होगा कि सभी इसमें भाग ले सकेंगे।

इस संरचना के निर्माण के लिए सरकार प्रशंसा की पात्र है। यदि हम इन्हें गति, पारदर्शिता और सहयोग के साथ कार्यान्वयन करते हैं, तो ये संहिताएं भारत के अगले विकास अध्याय का आधार बन सकती हैं - व्यवसायों के लिए प्रतिस्पर्धा, श्रमिकों के लिए सम्मानजनक कार्य और निवेशकों के लिए पूर्वानुमानित व्यावसायिक वातावरण। यही विकसित भारत का सार है - समावेश के साथ विकास और समृद्धि, जो प्रत्येक श्रमिक तक पहुंचती हो।

**(लेखक : भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के महानिदेशक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### विधायक ने गालूडीह क्षेत्र में किया जनसंपर्क

# जीत हमेशा जनबल से होगी : मंगल कालिंदी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गालूडीह।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गालूडीह जोनल क्षेत्र के बड़बिल, जोड़सा एवं खड़ियाडीह गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया। वहीं ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर श्री कालिंदी ने कहा चुनाव समाप्त होते ही इन मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जायेगा। विधायक श्री कालिंदी ने कहा गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन एक शिक्षित, मृदुभाषी और जनसेवी युवक हैं। उनकी सोच है अपने पिता स्व. रामदास सोरेन के समान जनता की सेवा करना। उन्होंने कहा विपक्ष के पास धनबल जरूर है, लेकिन जीत हमेशा जनबल से ही होती है। विधायक श्री कालिंदी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। इसलिए घाटशिला विधानसभा को और मजबूती देने के लिए मतदाता 11 नवंबर को क्रम संख्या 02 में तीर-धनुष के निशान पर मतदान करे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष तुलसी बाला मुर्मू, अशोक कुमार महतो, बड़ा दुर्गा मुर्मू, अबनी महतो, फूलचांद, दीपक शेख, बदरुद्दीन अली और बबलू हुसैन सहित सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 204 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए 6,600 गर्म स्वेटर क्रमवार सभी केंद्रों में होगा वितरण

**जमशेदपुर। ठंड के मौसम के पूर्व बच्चों को सर्दी से बचाने के उद्देश्य से जमशेदपुर प्रखंड के 204 आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्म स्वेटर का वितरण शुरू किया गया। इस कार्य की शुरुआत बाल विकास परियोजना करंडीह केंद्र से की गयी। इस वर्ष कुल 6,600 गर्म स्वेटर पहुंचे हैं, जिन्हें क्रमवार सभी केंद्रों में वितरण किया जायेगा। शेष स्वेटरों की खेप भी शीघ्र ही आने की उम्मीद है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया सरकार हर साल समय पर आंगनबाड़ी बच्चों के लिए गर्म कपड़ों की आपूर्ति सुनिश्चित करती है, ताकि सर्दी के मौसम में बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। वहीं जमशेदपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना केंद्र करंडीह में पहुचे सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं अपने-अपने केंद्रों में बच्चों के लिए स्वेटर प्राप्त किये।**

# उपचुनाव में झामुमो की एकता और जनता का विश्वास निर्णायक साबित होगा : संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में झामुमो का जनसंपर्क अभियान जारी है। गुरुवार को पोटका विधायक संजिव सरदार ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में घाटशिला विधानसभा के कई गांवों का दौरा कर जनता से संवाद किया और पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए अपील की। विधायक श्री सरदार ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा की एकता और जनता का विश्वास इस चुनाव में निर्णायक साबित होगा। भाजपा आज अपनी अंतर्कलह और जनविरोधी नीतियों के कारण खात्मे की कगार पर है।घाटशिला की जनता अब झूठे वादों में नहीं आने वाली है।

**जनता का उत्साह ही झामुमो की जीत की गारंटी**

विधायक ने कहा झामुमो का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार देना है। उन्होंने कहा जनता का विश्वास और झारखंड मुक्ति मोर्चा का संकल्प मिलकर हम घाटशिला को विकास, शिक्षा, रोजगार और सम्मान की नई राह पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा स्वर्गीय रामदास सोरेन अपने कार्यकाल में हमेशा जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया। आज झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन उन्हीं अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए जनता से आशिर्वाद मांग रहे। मौके पर जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा अबुआ सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा है। इस अवसर पर झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

### चांडिल में आजसू की बैठक : घाटशिला उपचुनाव में जीत की रणनीति बनी

# बांटने की झामुमो की साजिश नाकाम करेंगे : सुदेश

**आजसू ने रामचंद्र सहिस को चुनाव प्रभारी और हरेलाल एवं सागेन हांसदा को सह प्रभारी बनाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस झारखंडी जनता में विभेद पैदा कर राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं। सबने मिलकर झारखंड आंदोलन में सबने मिलकर संघर्ष किया है। झारखंडी जनता को बांटने की साजिश नाकाम करेंगे। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी ने एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित करने हेतु व्यापक रणनीति तैयार की है। चिलगु, चांडिल स्थित आजसू कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सुदेश महतो समेत कोल्हान क्षेत्र के सभी प्रमुख नेता उपस्थित थे।

श्री महतो ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा केंद्रीय महासचिव द्वय हरे लाल महतो एवं सागेन हांसदा को सह प्रभारी बनाया गया है। बैठक में पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, हरेलाल महतो, सागेन हांसदा, सपन सिंह देव, नंदू पटेल, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, संजय मेहता, राजू कर्मकार, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सत्यनारायण महतो, सुखलाल हेंब्रम, बनबिहारी महतो, राजेश महतो, नवीन महतो, टिकैत महतो, करण महतो उपस्थित थे।

### कुड्मी समाज का एलान 'नो एसटी, नो वोट'

# 15 दिनों में वार्ता नहीं, तो बहिष्कार : अजित प्रसाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव से पूर्व कुड्मी समाज ने बड़ा राजनीतिक ऐलान कर दिया। समाज ने चेतावनी दी यदि आगामी 15 दिनों में केंद्र और राज्य सरकार कुड्मी समाज की मांगों पर वार्ता नहीं की तो घाटशिला उपचुनाव में ह्लनो एसटी, नो वोटह्व अभियान चलाया जाएगा और समाज मतदान से दूरी बनाएगा।गुरुवार को गालुडीह स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित बैठक में आदिवासी कुड्मी समाज के मूल संरक्षक सह झारखंड आंदोलनकारी अजित प्रसाद महतो ने कहा कुड्मी समाज बीते 75 वर्षों से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है।लेकिन अब तक उनकी मांगों पर सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।श्री महतो ने कहा समाज की तीन प्रमुख मांगें में कुड्मी समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल,कुड्मालि भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिले और सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग शामिल है।उन्होंने कहा बीते 20 सितंबर को झारखंड, ओडिशा और बंगाल के लाखों महतो समाज के लोगों ने रेल टेका आंदोलन कर अपनी आवाज बुलंद की थी लेकिन सरकारों ने अब तक कोई वार्ता नहीं की।युवा आंदोलनकारी अमित महतो ने कहा घाटशिला उपचुनाव से ही ह्लनो एसटी, नो वोटह्व के नारे को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। समाज के कार्यकर्ता गांव-गांव में ग्रामसभाएं कर लोगों को जागरूक करेंगे और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया शीघ्र ही समाज की ओर से निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन को माँगपत्र सौंपा जायेगा। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष सशंक शेखर महतो ने कहा अब समाज के लोग जाग चुके हैं, यह लड़ाई हक, अधिकार और अस्तित्व की है। वहीं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पदमलोचन महतो ने कहा अब कुड्मी समाज अपने अधिकारों से समझौता नहीं करेगा। केंद्रीय नेतृत्व जयराम महतो ने कहा यह आंदोलन समाज की अस्मिता और सम्मान की लड़ाई है, जिसे अब कोई रोक नहीं सकता।

बैठक में बिरेन महतो, मलय महतो, अमित महतो, विजय, विकास, वीरेंद्र, चंदन, मुकेश, माधव, पीयूष, शंकर और सुनील महतो समेत बड़ी संख्या में समाज के नेता, ग्राम प्रमुख और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन का आरोप बेबुनियाद पकड़े गये सभी लोगों को छोड़ा गया



**रंका (आजाद सपिाही)।** अनुमंडल अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के ग्राम रंकाकला टोला सुकुलडीह से बुधवार को धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में हिरासत में लिए गए लोगों को रंका पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने आजाद सिपाही को बताया कि रंकाकला के टोला सुकुलडीह निवासी बबन घांसी के घर से पिछले दिनों धर्मपरिवर्तन कराने की खबर के आलोक में विपिन बिहारी प्रधान सहित पांच लोगों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गयी, लेकिन किसी प्रकार का दबाव बनाकर, बहला फुसलाकर या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला। ना ही किसी व्यक्ति द्वारा धर्म परिवर्तन कराने संबंधी लिखित शिकायत या प्राथमिकी थाने में दर्ज करायी गयी है। बताया कि बबन घांसी परिवार ने बताया कि उसका लड़का बहुत दिनों से बीमार था। उसके हित संबंधी जो गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र में रहते हैं, से पता चला कि प्रार्थना कराने से रोग दूर हो जाता है और पीड़ित ठीक हो जाता है। इस लिए उक्त लोगों को प्रार्थना कराने के लिए बुलाया था न कि धर्म परिवर्तन कराने के लिए। इन सभी बिंदुओं पर विकास और पूछताछ करने के बाद धर्म परिवर्तन का आरोप निराधार पाया गया। जिसके बाद हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़ दिया गया है।

## दो बाइक की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र की गड़ियाटोली गांव में दो बाइक की सीधी टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान घाघरा निवासी लवीश कुमार गुप्ता और कसपोड़िया निवासी सुखनाथ मुंडा के रूप में हुई है। दोनों को ग्रामीणों के सहयोग से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## एसडीएम ने किया मझिआंव, कांडी और बरडीहा प्रखंड क्षेत्रों का औचक निरीक्षण

# दाल-भात केंद्रों की स्थिति ठीक ना मिली तो होगी कार्रवाई: एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने गुरुवार को मझिआंव, कांडी और बरडीहा प्रखंड क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांडी क्षेत्र में कई आवास योजनाओं की संबंधित पदाधिकारियों की मौजूदगी में जांच की। कांडी में अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक को बंद करवाया, जबकि तीनों प्रखंडों में संचालित दाल-भात केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। मझिआंव प्रखंड के आपूर्ति गोदाम के पास अवस्थित दाल भात केंद्र का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक और गोदाम के एजीएम की मौजूदगी में की गयी। दुर्गा स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित इस केंद्र में मौके पर गीता देवी मिली। उन्होंने बताया कि उन्हें 9 क्विंटल प्रतिमाह राशन ठेकेदार की ओर से दिया जाता है। जबकि मौके पर लगभग सिर्फ चार किलो चावल चढ़ाया मिला।



दाल-भात केंद्रों का निरीक्षण करते एसडीएम संजय कुमार।

लगभग 500 ग्राम बेसन की कढ़ी बनती मिली। कोई भी ग्राहक वहां मौजूद नहीं मिला। दाल भात केंद्र की इस दयनीय स्थिति के बारे में केंद्र संचालिका और प्रखंड के पदाधिकारी दोनों ही कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। वहीं, बरडीहा प्रखंड कार्यालय के ठीक द्वार के पास स्थित दाल-भात केंद्र निरीक्षण के दौरान बंद मिला। ग्रामीणों ने बताया कि यह अक्सर बंद ही रहता है। प्रखंड कार्यालय के प्रवेश द्वार पर स्थित होने के बावजूद इस प्रकार की स्थिति समझ से परे है। कांडी प्रखंड कार्यालय के सामने अवस्थित दाल भात केंद्र के निरीक्षण के दौरान भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। यहां चूल्हे की बजाय एक छोटा सा इलेक्ट्रिक हीटर रखा मिला, किसी प्रकार के बड़े बर्तन नहीं मिले, ना ही राशन का भंडार मिला, कोई ग्राहक भी यहां नहीं मिला। इससे इस केंद्र का समुचित संचालन होना संदिग्ध प्रतीत हुआ। कांडी बीडीओ राकेश सहाय एवं अन्य प्रखंड स्तरीय कर्मचारी भी मौके पर मौजूद थे। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि दाल-भात केंद्र अंतिम व्यक्तियों विशेष कर गरीब राहगीरों, मजदूरों के लिए भोजन की किफायती व्यवस्था है, लेकिन इस योजना के संचालन में इन केंद्रों के संचालकों और आपूर्ति कर्ता ठेकेदारों द्वारा प्रथम दृष्टया मनमानी देखने को मिल रही है। इन सभी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा जा रहा है। उन्होंने संबंधित बीडीओ को भी इन भोजन केंद्रों का विधिवत और नियमित संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

### क्लीनिक को करवाया बंद

कांडी के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र की जांच करने पहुंचे एसडीएम को उक्त अल्ट्रासाउंड केंद्र बंद मिला। लेकिन उसके निकट उसी परिसर में एक बिना नाम का क्लीनिक चलता पाया गया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि एक इंटरमीडिएट पास युवक द्वारा उक्त क्लिनिक को चलाया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से मौके पर ही एसडीएम ने बंद करवा दिया।

# चक्रवाती तूफान 'मोंथा' ने बिगाड़ी किसानों की मेहनत की फसल

अरुण कुमार चौबे











**कांडी (आजाद सिपाही)।** मौसम की मार एक बार फिर किसानों पर भारी पड़ रही है। बीते चार दिनों से चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के प्रभाव से प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी इलाकों में लगातार बारिश और ठंडी हवाएं बह रही हैं। इस अनवरत वर्षा ने खेतों में पानी भर दिया है, जिससे किसानों की मेहनत से उगाई फसल अब बबार्दी के कगार पर पहुंच गई है। इस वर्ष शुरू से हुई अच्छी बारिश के कारण धान की फसल अपेक्षाकृत बेहतर हुई थी। किसानों की उम्मीदें इस बार कुछ ज्यादा थीं। लेकिन अब जब फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी, तभी मौसम के बदले मिजाज ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वहीं कुछ किसानों ने मौसम साफ होते ही आलू की बुवाई कर दी थी, लेकिन अब लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी जमा हो गया है जिससे आलू के बीज सड़ने का डर सताने लगा है। दूसरी ओर, क्षेत्र के किसान लगातार चिंतित हैं। उनके चेहरों पर चिंता की गहरी लकीरें साफ झलक रही हैं। डूमरसोता पंचायत निवासी किसान अरुण दुबे ने कहा कि 17 बिगहा में धान की रोपाई की थी। पर अब सारे मंसूबे पर पानी फिरने को है। वहीं, किसान राणाडीह पंचायत निवासी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ से जिराफुल नामक धान की मंहगे दामों पर बीज लाए थे। अब बारिश और हवा की वजह से सारे धान पानी में डूबे हुए हैं। वहीं, मझिगावां पंचायत क्षेत्र के किसान देवकुमार साह और जितेंद्र चौबे कहते हैं कि सरकारी पैक्सों में हमने बड़ी आस लगाकर धान की बिक्री की थी, लेकिन आज तक उसकी पूरी राशि नहीं मिली। ऊपर से यह बारिश फसल भी बर्बाद कर रही है। किसान शैलेश चौबे कहते हैं कि बारिश ज्यादा होने की वजह से हमने खरीफ फसल की बुआई नहीं की थी। इसके बाद बड़े पैमाने पर धान की रोपाई की थी। जो धान कुछ ठीक था, पर बारिश से वह भी खेतों में सड़ने लगा है। लगता है इस बार मुंह का निवाला भी खेत में ही रह जाएगा। वहीं. जयपाल चौबे नामक किसान ने नाराजगी जताते हुए कहा नेता केवल चुनावी समय में किसानों की बात करते हैं। असली हक किसी को नहीं मिलता। अब किसान बनना कोई नहीं चाहता, क्योंकि समाज में किसानों को सम्मान की जगह तिरस्कार मिलता है।

### राशि भुगतान में देरी से बढ़ी परेशानी

गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश किसानों को अब तक सरकारी पैक्सों में की गई धान बिक्री की पूरी राशि नहीं मिल पाई है। ऐसे में किसानों पर आर्थिक बोझ और अधिक बढ़ गया है। कर्ज, फसल नुकसान और भुगतान में देरी ने मिलकर किसान वर्ग को निराशा के दलदल में धकेल दिया है। कांडी प्रखंड के किसान अब सरकार और प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कुछ राहत मिले। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते मौसम नहीं खुला और मुआवजा नहीं मिली तो यह स्थिति आने वाले दिनों में किसानों के लिए आर्थिक आपदा का रूप ले सकती है।

# स्वस्थ शरीर में ही होता है स्वस्थ मस्तिष्क का वास : अलखनाथ

**आरके पब्लिक स्कूल में स्वस्थ शिशु प्रदर्शनी एवं जांच कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शैक्षणिक संस्थान मंझिआंव आरके पब्लिक स्कूल में गुरुवार को 'स्वस्थ शिशु प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम' का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्य केआर झा ने कहा कि बचपन ही जीवन की नींव है। स्वस्थ बचपन ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखता है। उन्होंने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग और उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंझिआंव रेफरल अस्पताल से डॉ विशाल कुमार सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक विशेष टीम ने बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने बच्चों की ऊंचाई, वजन, आंख, कान, दांत एवं सामान्य शारीरिक स्थिति की जांच की। इस दौरान अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता और टीकाकरण संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए। डॉक्टरों ने कहा कि छोटे बच्चों में नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित आहार उनके संपूर्ण विकास की कुंजी है। वहीं, कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शिशुओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। नन्हें बच्चों ने गीत, कविता, नृत्य और संवाद प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। जिसमें आरवी प्रिया ने प्रथम, वेदांत कुमार ने द्वितीय और अदिति सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडेय और प्रधानाचार्य केआर झा ने सभी विजेता बच्चों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अपने संबोधन में निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में शिक्षा और देखभाल के महत्व को भी समझाना है। अंत में सभी ने विद्यालय परिवार की इस पहल की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## मोंथा साइक्लोन का असर, खेतों में धान की फसल झुकी, सड़ने की आशंका

**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मोंथा साइक्लोन का प्रभाव अब झारखंड के गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड में भी दिखने लगा है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और तेज ठंडी हवाओं ने जहां आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं किसानों की मेहनत पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है। लगातार वर्षा और हवाओं के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल बबार्दी की कगार पर पहुंच गई है। कई गांवों में धान के पौधे बारिश और पानी के दबाव से पूरी तरह झुक गए हैं। खेतों में जलजमाव के कारण फसलें मिट्टी में मिलती जा रही हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष की पूरी मेहनत पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

# कलवार समाज ने अपने कुल देवता सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती मनाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बेयाहूत कलवार जायसवाल समाज के तत्वाधान में स्थानीय बड़ा ठाकुरबाड़ी जोड़ा मंदिर मुख्य बाजार के प्रांगण में श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जी कुल देवता की जयंती मनाई गई। जिसकी शुरूआत शाम सात बजे विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। इस अवसर बेयाहूत कलवार जायसवाल समाज के संरक्षक डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसमें सर्वप्रथम कुल देवता श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की तस्वीर पर फूल माला प्रसाद चढ़ा कर बड़ा ठाकुरबाड़ी मंदिर के कुल पुरोहित पंडित शंभूनाथ पाठक द्वारा आरती-पूजा की गई। इस मौके पर समाज के संरक्षक पीएन गुप्ता, डॉक्टर वीरेंद्र जायसवाल, डॉ संजय कुमार, अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल नेताजी, महासचिव नंदलाल प्रसाद, सहसचिव शशि शेखर गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल, निक्की जयसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, संयोजक दयाशंकर गुप्ता, बृज बिहारी प्रसाद, आनंद कुमार एवं महिला मंडली में अध्यक्ष विनीता आनंद, उपाध्यक्ष शालिनी देवी, पुष्पा गुप्ता, शारदा जायसवाल, भूमिका कुमारी, भावना कुमारी आदि मौजूद रहे।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर भाजपा मनायेगी राष्ट्रीय एकता दिवस : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने बताया कि शुक्रवार को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायेगी। इस अवसर पर भाजपा गढ़वा की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कहा कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे गढ़वा भाजपा की ओर से टाऊन हॉल के पास गोविंद हाईस्कूल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ता एकत्र होंगें। इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। कहा कि देश के प्रथम गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की आजादी के बाद उसे एकता के सुत्र में बांधकर बचाने का काम किया था। ऐसे राष्ट्रभक्त देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेंगे।

## अक्षय नवमी पर पूजा-अर्चना एवं कथा का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** टाउनशिप स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को अक्षय नवमी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आंवला वृक्ष के नीचे विधिवत पूजा-पाठ और कथा का आयोजन हुआ, जिसमें पंडित सतेंद्र वैद ने भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की आराधना के महत्व पर विस्तृत रूप से कथा श्रवण कराया। बताया कि अक्षय तृतीया का दिन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन किया गया दान, पूजन और व्रत अक्षय फल प्रदान करता है। वहीं, पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष की परिक्रमा करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन भी किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। अंत में सामूहिक प्रसाद वितरण किया गया।

## डीसी की आज होनेवाले जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीसी दिनेश यादव ने शुक्रवार और मंगलवार को आयोजित होने वाला जनसुनवाई कार्यक्रम, 31 अक्टूबर और चार नवंबर को समाहरणालय सभागार में आयोजित होना प्रस्तावित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। बताते चलें कि जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान किया जाता है। इस संदर्भ में डीसी ने बताया कि यह केवल तिथि परिवर्तन है। कार्यक्रम को निरस्त नहीं किया गया है। जनसुनवाई कार्यक्रम को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। इसे आगामी निर्धारित दिवस एवं समय पर पूर्ववत रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे नागरिकों से सीधे संवाद के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन को पुनः निर्धारित दिवस एवं समय पर पूर्ववत रूप से आयोजित किया जाएगा।

## भवनाथपुर में बड़ी दुर्घटना टली

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** हीरो शो रूम के पास स्थित सड़क किनारे खड़ा शीशम का एक सूखा पेड़ गुरुवार को अचानक भरभराकर मुख्य सड़क के बीचोबीच गिर गया। यह मार्ग भवनाथपुर का प्रमुख और अत्यंत व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां दिन-रात वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। पेड़ के गिरने के समय सड़क पर कई वाहन गुजर रहे थे, लेकिन किसी को कोई हानी नहीं हुई।

## अपर समाहर्ता ने की राजस्व विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

# राजस्व संबंधित कार्यों को निर्धारित समय के अंदर पूरा करें : अपर समाहर्ता

**राजस्व संग्रहण एवं भूमि विवाद से संबंधित सभी अनुमंडल और अंचल अधिकारियों को दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने की। इसमें दाखिल-खारिज, राजस्व संग्रहण, झारसेवा पोर्टल, पीएम किसान, भूमि सीमांकन, सर्टिफिकेट इश्यू, लैंड ट्रांसफर, नामांतरण, लैंड डिस्प्यूट के मामले, भू-अर्जन, अतिक्रमण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। इससे पहले अपर समाहर्ता ने विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर बिंदुवार समीक्षा हुई। दाखिल-खारिज संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अपर समाहर्ता ने जिले के विभिन्न अंचलों को 30 दिनों के अंदर दाखिल-खारिज के मामले का निष्पादन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। किसी भी आवेदन को बिना किसी कारण 30 या 90 दिनों तक लंबित नहीं रखने का निर्देश दिया गया। अंचल कार्यालय से निर्गत होने वाले विभिन्न प्रमाण पत्रों को लेकर भी अपर समाहर्ता ने प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत करने की बात कही। समीक्षा के दौरान प्रतिवेदन के अनुसार पोर्टल पर राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों से जुड़े मामलों की समीक्षा के क्रम में कई आवेदन लंबित पाए गए, जिसका निष्पादन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया। भूमि सीमांकन के लिए प्राप्त आवेदनों पर अमीन की ओर से तय समय पर भूमि सीमांकन करने का निर्देश दिया गया। कुछ कार्यों में पेंडेंसी को लेकर अपर समाहर्ता ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सीओ एवं उनके अधीनस्थ कर्मियों को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी कार्य जानबूझकर लंबित न रखें। राइट टू सर्विस एक्ट के तहत अपर समाहर्ता द्वारा सभी पेंडिंग कार्यों यथा म्यूटेशन, डीमार्केसन, सर्टिफिकेट इश्यू, डिस्प्यूट लैंड आदि समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए अध्यतन प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त सक्रियता बढ़ाते हुए शत-प्रतिशत राजस्व संग्रहण करने के लिए निर्देशित किया गया। अपेक्षाकृत पुअर खराब प्रदर्शित करने वाले सीओ एवं संबंधित पदाधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। जबकि भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निबटारे के लिए अपर समाहर्ता द्वारा सभी अंचल अधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों सहित संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किया गया। भूमि सीमांकन के लिए प्राप्त आवेदन/शिकायत पर त्वरीत संज्ञान लेते हुए अविलंब कार्रवाई करने कि बात कही गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि का मापी कर उसका सीमांकन कराते हुए अतिक्रमण की स्थिति में अविलंब कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। लगान अपडेशन-त्रुटि सुधार के लिए प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार अविलंब आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में प्रत्येक माह जिला स्तर पर इसकी समीक्षा की जायेगी। सभी अनुमण्डल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले क्षेत्र में सभी सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, भूमि सुधार उप समाहर्ता गढ़वा रविश राज सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(उत्पाद शाखा)

–: आदेश :–

उत्पाद एवं मद्य निशेध विभाग, झारखंड, राँची के पत्र संख्या– 01/नीति–40–20/2012 (खंड–2)– 2011 दिनांक 29.10.2025 के आलोक में आसन्न बिहार विधान सभा निर्वाचन– 2025 के द्वितीय चरण में कोडरमा जिला से सटे नवादा जिला एवं गयाजी जिला (बिहार) में दिनांक– 11.11.2025 को होने वाले मतदान को स्वतंत्र, निश्पक्ष एवं शांतिपूर्ण और निर्विध्न निर्वाचन के संचालन हेतु एवं मतगणना की तिथि 14.11.2025 को शुष्क दिवस (Dry Day) घोशित किया जाना है।

उक्त के आलोक में सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिकी प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं ऋतुराज (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) में निहित निदेश के अलोक में एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम 1915 की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण कोडरमा जिला में आसन्न बिहार विधान सभा निर्वाचन– 2025 मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक तथा मतगणना के दिन शराब की बिकी पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (Dry Day) निम्नरूप से घोशित करता हूँ :–

| क्र0 सं0 | चरण | मतदान की तिथि | शुष्क दिवस का क्षेत्र | शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | द्वितीय | 11.11.2025 | सम्पूर्ण कोडरमा जिला | दिनांक– 09.11.2025 को शाम 6:00 PM से दिनांक– 11.11.2025 को शाम 6:00 PM तक तथा मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 14.11.2025 को |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में कोडरमा जिला की सभी खुदरा शराब दुकानें, होटल, रेस्तरॉ एवं बार सहित सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरॉ, भोजनालय, पाक्शाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिश्ठान में अथवा अन्य निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिीटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विकय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उल्लंघन करेगा तो दोशी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) एवं उत्पाद अधिनियम के अर्न्तगत् दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी तथा इसके साथ–साथ किसी भी प्रकार का अनलाईसेन्सड प्रीमिसेस (Unlicensed Premises) में शराब के भण्डारण हेतु लगाये गये प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन किया जायेगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 364839 Excise(25-26)D

# तालाब में डूबने से दो सगे भाई-बहन की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा लातेहार जिला के चंदवा प्रखण्ड के जमीरा ग्राम में दर्दनाक हादसा हो गयी। चंदवा थाना क्षेत्र के रक्सी पंचायत अन्तर्गत जमीरा गांव के रहने वाले दो नाबालिग बच्चों के तालाब में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान सुशांत प्रजापति (5 वर्ष) और छोटी कुमारी (8 वर्ष) पिता धर्मपाल प्रजापति और माता जितनी देवी के रूप में हुई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे मकई तोड़ने के नाम पर घर से निकले हुए थे और पास में ही स्थित बेंगाबांध डायफार्म नामक तालाब में दोनों ही बच्चे डूब गये। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में दोनों को चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जमीरा गांव में सन्नाटा छा गया है। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने दोनो शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। इस अवसर पर चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चंदवा के अंचल पदाधिकारी सुमित कुमार झा, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे और जमीर पंचायत के मुखियापति सीत मोहन मुंडा मौजूद रहे।

## पलामू किला आदिवासी जतरा मेला में उमड़ा जनसैलाब

# 2026 से राजकीय मेला के रूप में लगेगा जतरा : राधाकृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** ऐतिहासिक पलामू किला परिसर स्थित ग्राम रबदा, फुलवरिया, सतबरवा में आयोजित दो दिवसीय आदिवासी जतरा मेला के प्रथम दिन बुधवार को भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। मेला में दूर-दराज के इलाकों से आए हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के प्रधान महासचिव सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय रामचंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने फीता काटकर एवं अतिथियों संग सामूहिक दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ की मांग को स्वीकार करते हुए घोषणा की कि 'आगामी वर्ष 2026 से यह जतरा मेला राजकीय मेला के रूप में आयोजित किया जायेगा।' वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि पलामू किला के जीर्णोद्धार तथा औरंगा नदी पर पुल निर्माण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जायेगा। अपने संबोधन में विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हम बोलते कम हैं और धरातल पर काम ज्यादा करते हैं। इसी का परिणाम है कि यह जतरा मेला अब राजकीय मेला का दर्जा पाने की ओर अग्रसर है।



उन्होंने पलामू किला जीर्णोद्धार और औरंगा नदी पर पुल निर्माण जैसे मुद्दों पर अपने निरंतर प्रयासों का भी उल्लेख किया। वहीं राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो (दुद्धी, उत्तर प्रदेश) ने अपने संबोधन में महाराजा मेदिनी राय जी को महापुरुष का दर्जा देने की मांग की। आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने समाज को एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, पूर्व प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, एवं कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलाहकार भरदूल कुमार सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह चेरो, प्रदेश सचिव मृतुंजय सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, जिला संयोजक कामेश सिंह चेरो, लातेहार जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी पप्पू सिंह, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

मौके पर लाखों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया, जिससे पूरा मेला परिसर उत्सवमय माहौल में डूब गया। जतरा मेला के दूसरे दिन भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक झांकियों के आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहेगा।

# सड़क हादसे में तीन युवक घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पलामू किला मेला से वापस लौट रहे तीन युवक सड़क हादसे का हुए शिकार दर्दनाक घटना बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमु-बेतला मुख्य मार्ग स्थित अखरा के समीप हुई। जंहा दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वही आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह पहुंचाया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ निशांत कुमार,ड्रेसर हसीब अंसारी व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल तीन लोगो में से दो युवक केचकी निवासी अनंत विश्वकर्मा और सत्यवान सिंह, तथा एक मंगरा निवासी छोटू कुमार सिंह शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार तीनों युवक शराब के नशे में थे। जिसके कारण नियंत्रण खोने से उक्त हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बाइकें तेज रफ्तार में थीं। जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई।उधर घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

# स्तन कैंसर जागरूकता अभियान आयोजित




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एसबीआइ फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को प्रखंड सेन्हा स्थित ग्राम चौकनि में एक दिवसीय स्तन कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को स्तन कैंसर के लक्षण, स्वयं जांच के तरीके, बचाव, देखभाल और समय पर उपचार की जानकारी दी गयी। मौके पर जागरूकता बढ़ाने के लिए वीडियो क्लिप दिखाये गये तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी कैंसर के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। एमएमयू टीम के सदस्यों ने बताया कि स्तन कैंसर शुरूआती चरण में पहचान कर लिया जाए तो इसका उपचार संभव है। महिलाएँ नियमित रूप से स्वयं जाँच कर सतर्क रहें और किसी भी असामान्य लक्षण के दिखने पर चिकित्सीय सलाह अवश्य लें। कार्यक्रम में टीम कोऑर्डिनेटर विवेक मिश्रा, डॉ. नरेश उरांव, नर्स बिलाशि कुमारी, लैब टेक्नीशियन विकास गुप्ता, फार्मासिस्ट सोनू राज, पायलट सूरज महतो, ग्राम प्रधान रविंद्र भगत, सेविका शिला कुमारी, साहिया गांधारी देवी, सहायिका जसिंता भगत, वार्ड सदस्य उर्मिला देवी सहित ग्रामीण महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुखदेव भगत ने कार्तिक उरांव को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्वर्गीय कार्तिक उरांव की 101 जयंती के अवसर पर सोबरन टोली लोहरदगा में स्थित स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा स्थल परिसर में जयंती सह जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत थे। सभा स्थल पहुंचने पर सांसद सुखदेव भगत का पारंपरिक ढंग से स्वागत करते हुए आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिमा स्थल तक लाया गया। सांसद स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना किया। मौके पर सांसद ने कहा कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव झारखंड के एक महान आदिवासी नेता, स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उनका पूरा जीवन आदिवासी, अधिकारों, संस्कृति और शिक्षा के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने पूरे देश के आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने के लिए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का गठन किया था। श्री भगत ने कहा कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव विलक्षण प्रतिभा के धनी थे, उन्होंने इंग्लैंड से उच्च शिक्षा प्राप्त की और दुनिया के सबसे बड़े परमाणु उर्जा संयंत्रों में से एक की डिजाइन तैयार किये थे। आज भी वे हम सबों के प्रेरणा स्त्रोत है मौके पर सांसद ने खोड़हा दलों के साथ सामूहिक नृत्य में सहभागिता निभायें। इस दौरान सांसद ने वहां उपस्थित खोड़हा दलों को पुरस्कृत भी किया। वही सांसद हिरही ग्राम में आयोजित जयंती सह जतरा कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वर्गीय कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित किये। आयोजन समिति द्वारा प्रतिमा स्थल से सांसद को पारंपरिक ढंग से स्वागत करते हुए सभा स्थल तक लाया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि कार्तिक उरांव जनजातीय समाज के एक महान नेता थे। आदिवासियों और अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। आदिवासियों के कल्याण के लिए उनके अतुलनीय योगदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा ।

# लोहरदगा में कमजोर मोबाइल नेटवर्क से कामकाज चौपट

**राशन वितरण से लेकर आधार सत्यापन तक प्रभावित**

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के रिहायशी एरिया समेत सुदूरवर्ती पठारी इलाकों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। तकनीकी विकास के दौर में भी यहां के ग्रामीण नेटवर्क की तलाश में जगह-जगह घूमते हैं ताकि, कभी-कभी कॉल लग सके। कमजोर सिग्नल के कारण लोगों को फोन पर बात करने में दिक्कत होती है, वहीं सरकारी योजनाओं पर भी इसका असर पड़ रहा है। स्मार्ट पीडीएस, ई-गवर्नेंस, जन सेवा केंद्र और भारत नेट जैसी योजनाएं इन क्षेत्रों में पूरी तरह असरदार नहीं हो पायी हैं। गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि, कई बार नेटवर्क इतना कमजोर रहता है कि, राशन वितरण, पेंशन सत्यापन और आधार प्रमाणीकरण जैसे सामान्य कार्य भी रुक जाते हैं। जन सेवा केंद्र संचालकों का कहना है कि, कमजोर इंटरनेट कनेक्शन के कारण पोर्टल खुलने में काफी समय लगता है, जिससे लाभार्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। भारत नेट परियोजना के तहत हर पंचायत को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ने की योजना थी, लेकिन पहाड़ी और वन क्षेत्रों में फाइबर बिछाने और टावर लगाने में तकनीकी व भौगोलिक बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। सीमित डिजिटल जानकारी के कारण ग्रामीण इंटरनेट आधारित सेवाओं का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार करने के लिए सुदूर ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ सामान्य क्षेत्रों में भी नेटवर्क ढांचे को मजबूत करना जरूरी है। लोगों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। जिससे लोग सरकारी सुविधाओं का पूरा लाभ ले सकें।



# अक्षय नवमी पर विधि-विधान से की आंवला पूजा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर गुरुवार को अक्षय नवमी के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक के समीप श्रद्धालुओं द्वारा आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ की गयी। प्राचीन पहाड़ी मंदिर के पुरोहित पुजारी मृत्युंजय मिश्रा और बबलू के द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना एवं कथा वाचन कराया गया। पूजा के पश्चात भंडारे के प्रसाद को भगवान को अर्पित करने के बाद पुजारियों को भोजन कराया गया, तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। हिंदू धर्म में इसका विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने और दान करने से व्यक्ति को अपार पुण्य की प्राप्ति होती है, जो इस जन्म के साथ अगले जन्म तक फल देता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार, आंवला वृक्ष की पूजा करने से पापों से मुक्ति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली आती है। इस दिन वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन करने और प्रसाद स्वरूप आंवला ग्रहण करने की परंपरा भी निभाई जाती है। वही इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन पहाड़ी मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर सुमित अन्य पूजा स्थान पर आंवला पुजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर रेलवे क्लब महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, राखी अग्रवाल, सबिता कुमारी निहारिका देवी, उपासना सिंन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सेवा भारती ने डीसी, एसपी समेत कई पदाधिकारियों को किया सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ की अगुवाई में लोहरदगा उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद को अंग वस्त्र एवं राम दरबार का प्रारूप देकर सम्मानित किया गया। वही लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को अंग वस्त्र एवं अशोक स्तंभ का प्रारूप देकर सम्मानित किया। वही जिला अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस अधीक्षक श्रद्धा केरकेट्टा एवं इन्स्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर से भेंट कर अशोक स्तंभ का प्रारूप एवं रामचरितमानस पुस्तिका भेंट कर सम्मानित करते हुए दशहरा, दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। इस क्षेत्र के कई विषयों पर चर्चा भी की। दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग एवं मुस्तैदी से सभी पर्व काफी धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। कहा कि आए दिन सड़कों पर काफी दुर्घटनाएं हो रही हैं। टू व्हीलर गाड़ियों को नए युवा पीढ़ी के लोग अनियंत्रित होकर चलाते हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस पर प्रशासनिक अधिकारी ने बताया की इस पर अंकुश लगाने के साथ-साथ दंड देने की भी प्रक्रिया चल रही है। जल्दी ही कई जगहों पर स्पीड मीटर कैमरा लगाये जायेंगे। जिससे की गाड़ियों की गति तेज रहने पर चालान कट जायेंगे। नशा कर गाड़ी चलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुलाकात कर पर्व की शुभकामनाएं देने वालों में दीपक सर्राफ के साथ-साथ शुभम शर्मा, हर्षित सोनी, अतुल सर्राफ, अनिकेत वर्मा, बबलू आदि उपस्थित थे।

# खौरा नदी से बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**बारियातु (आजाद सिपाही)।** अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी ने गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान खौरा नदी के समीप अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी कोकिला ने बताया कि भ्रमण के दौरान खौरा नदी से बालू लादकर दो ट्रैक्टर गड़गोमा मार्ग से गिद्दी मोड़ की ओर जा रहे थे। संदेह होने पर दोनों वाहनों को रोका गया और चालकों से बालू से संबंधित चालान व कागजात की मांग की गयी, परंतु वे कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। अवैध कारोबार की पुष्टि के बाद दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु स्थानीय थाना को सौंप दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों क्षेत्र में बालू माफियाओं द्वारा ट्रैक्टरों के माध्यम से खौरा नदी से अवैध रूप से बालू निकासी कर बड़े पैमाने पर कारोबार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# लातेहार में आज होगा 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**दौड़ में शामिल होंगे चतरा सांसद और लातेहार विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सुबह 7 बजे कारगिल पार्क, लातेहार से प्रारंभ होकर समाहरणालय गेट तक निकाला जायेगा। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर चतरा के सांसद कालीचरण सिंह एवं लातेहार के विधायक प्रकाश राम मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि बंशी यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य (मोर्चा सहित), नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष, मोर्चा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श और देश की एकता के प्रति समर्पण से प्रेरित यह 'रन फॉर यूनिटी' हर कार्यकर्ता के लिए गर्व का क्षण होगा।

# प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में शिक्षा, कल्याण, आपूर्ति, बाल विकास परियोजना सहित स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रखंड के विभिन्न गांव में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त संग्रह कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही 10 नवंबर से 26 नवंबर तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों की पहचान को लेकर संचालित कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों को विभाग से दिये गये निर्देश के अनुरूप कार्य को पूरा करें। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं में से एक है। जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही कतई भी बर्दाशत नहीं की जायेगी। मौके पर बीपीओ रामविजय खलखो, सीडीपीओ नंदी रानी कच्छप, पिरामल संस्था से मोनू गुप्ता, बीपीएम मेरी बेक सहित टास्क फोर्स के अधिकारी मौजूद थे।

# बाला साहब देश पांडेय भवन निर्माण के लिए बैठक



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजेन्द्र साहू का आवास में वनवासी कल्याण केन्द्र के संस्थापक बाला साहब देश पाण्डेय का स्मृति में भवन निर्माण के लिये राजेन्द्र साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में वनवासी कल्याण केन्द्र के लोहरदगा जिला संगठन मंत्री मंगल उरांव मौजूद थ। वही मंगल उरांव ने बाला साहब देश पांडेय का जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वनवासी कल्याण केन्द्र के माध्यम से आम मानव सेवा और आम जनों का भलाई के लिये सम्पूर्ण जीवन को समर्पित कर दिये थे। वही लक्ष्मी नरायण भगत,धीरज गोप ने लोगों को सम्बोधित करते हुए अपना विचार रखा साथ ही उपस्थित सदस्यों के बीच भवन निर्माण में सहयोग के लिये कूपन वितरण किया गया। मौके पर लालमोहन यादव, कृष्णा उरांव, श्यामनंदन लोहरा, भीखराम उरांव, चंद्रकिशोर यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# सत्यप्रकाश को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने किया सम्मानित

**नेटफ्लिक्स पर रिलीज वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में सत्यप्रकाश साहू ने मचाया धमाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गूंज उठा है। जिले के होनहार युवा सत्यप्रकाश साहू ने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई बहुचर्चित वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। घर लौटने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की ओर से सत्यप्रकाश साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे समाज में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गयी। संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार साहू, युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, तथा कार्यकर्ता विक्की साहू, विनय कुमार, नीरज साहू और देव साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीपक कुमार साहू ने कहा कि सत्यप्रकाश साहू की यह सफलता पूरे साहू समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने अभिनय से यह साबित किया है कि छोटे शहरों के युवा भी अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने कहा कि सत्यप्रकाश की उपलब्धि ने युवाओं में आगे बढ़ने का एक नया जोश और जुनून पैदा किया है। यह सम्मान समाज में सकारात्मक परिवर्तन और प्रेरणा का प्रतीक है। गौरतलब है कि सत्यप्रकाश ने इससे पहले लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत और फिल्म ग्राउंड जीरो में अभिनेता इमरान हाशमी के साथ भी शानदार अभिनय किया था। वे पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर हैं और लोहरदगा के सेवानिवृत्त फौजी एवं समाजसेवी डॉ टी साहू के पुत्र हैं, जो लंबे समय से तेली साहू समाज के उत्थान और संगठन निर्माण के लिए कार्यरत हैं। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन द्वारा दिया गया यह सम्मान न केवल सत्यप्रकाश साहू की उपलब्धि का गौरव है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन गया है। आने वाले समय में वे बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय मंच पर झारखंड का नाम और भी रोशन करेंगे।

# तपा पहाड़ में आंवला पूजा के लिए उमड़ी भीड़



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के प्रसिद्ध तपा पहाड़ में गुरुवार को आवला पूजा के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस पवित्र पर्व पर सुबह से ही आसपास के गांवों और अन्य जिलों से हजारों की संख्या में लोग तपा पहाड़ पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। स्थानीय परंपरा के अनुसार, आवला पूजा कार्तिक मास की एकादशी तिथि को की जाती है। मान्यता है कि इस दिन आवला वृक्ष की पूजा करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। तपा पहाड़ के प्राकृतिक वातावरण में भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री लेकर पहुंचीं, जबकि युवाओं ने मेले जैसे माहौल का आनंद लिया। स्थानीय दुकानदारों और फेरीवालों के लिए भी यह अवसर उत्साह का रहा, क्योंकि बड़ी संख्या में आए लोगों से बाजारों में रौनक बढ़ गयी।

# राज्य स्थापना दिवस झारखंडी संस्कृति एकता और विकास का प्रतीक: उपायुक्त

**राज्य स्थापना दिवस गौरवपूर्ण तरीके से मनाएं : एसपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह 15 नवम्बर 2025 को गरिमामय तरीके से मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में जिलास्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन होगा। समारोह की तैयारी को लेकर डीसी समीरा एस एवं एसपी रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीसी ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी दी और समारोह को वृहद तरीके से मनाने का निदेश दिया। डीसी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस हमारे गौरव और अस्मिता का प्रतीक है। इसे सौहार्दपूर्ण, आकर्षक और जनसहभागिता से युक्त बनाया जाए। राज्य स्थापना दिवस झारखंड की संस्कृति, एकता और विकास का उत्सव है। हम सब मिलकर इसे भव्यता और अनुशासन के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी भूमिका जिम्मेदारीपूर्वक निभाये।

राज्य स्थापना दिवस समारोह को लेकर 11 नवंबर से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। 11 नवंबर को जागरूकता वैन को हरि झंडी दिखाकर रवाना की जायेगी। यह रथ विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। वहीं 12 नवंबर को फ्लैश मॉब/ स्ट्रीट डांस, 13 को साइकिल रैली, 14 नवंबर को आदिवासी जतरा एवं राज्य स्थापना दिवस के दिन 15 नवंबर को जिला मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन होगा। मौके पर एसपी रीष्मा रमेशन ने भी राज्य स्थापना दिवस को गौरवपूर्ण तरीके से मनाने की बातें कहीं। कार्यक्रम एवं गतिविधियों के दौरान विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने की बातें कहीं।

डीसी ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के विकास कार्यों, राज्य की उपलब्धियों एवं जनहित योजनाओं पर फ्लैक्स, होर्डिंग लगाने, एलईडी वैन से जागरूकता लाने, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता बनाने, जेएसएलपीएस की डीपीएम को सखी मंडल की दीदियों की सहभागिता सुनिश्चित करने आदि का निदेश दिया।

# गौ की सुरक्षा हर मानव का धर्म : अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गोपाष्टमी के अवसर पर आज श्री गोशाला, बाईपास रोड़ मेदिनीनगर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने विधिवत रूप से गौ माता की पूजा-अर्चना कर नगरवासियों के कल्याण और गौ संवर्धन की मंगल कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने गौ सुरक्षा संकल्प लिया तथा गौ सेवा एवं संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का प्रण किया। इसके पश्चात सामूहिक गौ आरती का आयोजन किया गया और उपस्थित भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री गोशाला समिति के सभी सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भावनात्मक और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि ह्यगौ माता हमारी संस्कृति और आस्था की प्रतीक हैं। गौ सेवा, पर्यावरण और मानवता की सेवा के समान है ह्वकार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री गोशाला समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## उर्सुला में ग्रामीणों ने चलाया नशामुक्ति अभियान




**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के उर्सुला गांव में ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस क्रम में ग्रामीणों ने लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली भी निकाली। रैली की शुरूआत चुनाटाड़ गांव से किया गया। रैली में शामिल लोगों ने अपने हाथों में नशा नही नाश है, जीवन का विनाश है, नशे को ना कहे, जीवन को हां कहे, जन-जन का यही पुकार, नशा मुक्त हो सारा परिवार जैसे नारे लिखी तख्तियां लिये हुए थे। रैली लकड़ही,नवडीहवा सहित कई गांवों का भ्रमण करते हुये उर्सुला गांव वापस पहुंचा। जहां लोगों को नशा नही करने का संकल्प दिलाते हुए रैली का समापन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने लोगो को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत रूप से बताया और नशापान दूर रहने का आग्रह किया। अभियान के आयोजकों ने बताया कि नप के वार्ड 14 और 15 में शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। देशी शराब बनाकर बेचने वाले व पीने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी गयी है। नशामुक्ति अभियान में निवर्तमान वार्ड पार्षद अजय कुमार रवि,संजय राम, सूर्यदेव राम, विष्णु राम, देवनाथ राम,सुरेश यादव,उपेंद्र अमीन,विशाल राम, जीतू राम, सुरेश राम, प्रदीप यादव, अरुण कुमार, उमाकांत कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## चैनपुर में बीज वितरण प्रत्यक्षण को लेकर बैठक



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बैठक आयोजित की गयी। इसमें प्रत्यक्षण बीज वितरण पर चर्चा की गयी। अध्यक्षता प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह ने की। बैठक में जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्याम सुंदर पाठक ने बताया कि बिरसा बीज वितरण योजना और बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत चैनपुर प्रखंड को 66 क्विंटल गेहूं, 37 क्विंटल चना, 17 क्विंटल मसूर और 12.90 क्विंटल सरसों का बीज आवंटित किया गया है। इसमें 600 कृषकों को 10 किलो प्रति किसान के हिसाब से गेहूं, 370 किसानों को प्रति किसान 10किलो चना, 645 कृषकों को दो-दो किलो सरसों और 215 किसानों को प्रति किसान 8 किलो मसूर का बीज प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि पिछले सीजन में जिन गांवों के किसानों को प्रत्यक्षण का बीज दिया गया है उन्हें छोड़कर दूसरे गांव के किसानों को निशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में बीज वितरण के लिए 38 गांवो का चयन किया गया। एटीएम प्रियंका कुमारी ने बताया कि इन गांवों के अलावा चार महिला समूह को भी बीज उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय,विधायक प्रतिनिधि संटू चौरसिया सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# 2 नवंबर तक होगा सब जूनियर बैडमिंटन नेशनल सेलेक्शन ट्रायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** धनबाद झारखंड बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में और धनबाद जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सब जूनियर अंडर15 एवं अंडर17 बालक-बालिकाओं का राज्यस्तरीय नेशनल सिलेक्शन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्यभर के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। देवघर जिले से लाडली रोज, सृष्टि सुमन, माही, नेहा कुमारी, श्रेयांश केशरी, श्रेयांश कश्यप, अभिषेक एवं ऋषभ चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए जसीडीह से धनबाद रवाना हो गये। खिलाड़ियों के साथ टीम की कोच सोनाली दुबे और मैनेजर नवीन शर्मा भी मौजूद हैं। सभी खिलाड़ी जिला खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित लक्ष्य बैडमिंटन अकादमी, इनडोर स्टेडियम देवघर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष आशीष झा, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्णवाल, सचिव कनिष्क कश्यप, कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, सुरेशनंद झा, अभय यादव, अमित कुमार, पंकज चौधरी, देव, कमलेश सहित कई पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

## आतंक मचाने वाले बंदर को वन विभाग ने पकड़ा

**देवघर (आजाद सिपाही)।** वन विभाग, देवघर की टीम ने आज उस बंदर को पकड़ने में सफलता हासिल की, जो पिछले कई दिनों से शहरवासियों के लिए आतंक का कारण बना हुआ था। उक्त बंदर को स्थानीय जलसार रोड स्थित संतोष शाह के घर से सुरक्षित पकड़ा गया। बीते कई दिनों से यह बंदर जसीडीह स्टेशन, डढवा नदी, स्मार्ट बाजार, बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में घूमते हुए लोगों पर हमला कर घायल कर रहा था। इसके काटने की लगातार घटनाओं की सूचना वन विभाग को मिलती रही। इस स्थिति को देखते हुए डीएफओ श्री अभिषेक भूषण के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी एसडी सिंह ने एक आपात बैठक आयोजित की और बंदर को पकड़ने के लिए विशेष रेस्क्यू टीम का गठन किया। सुबह से ही टीम आवश्यक उपकरणों के साथ बंदर की लोकेशन ट्रैक करने और उसे पकड़ने के लिए लगी रही। बंदर मोहल्ले से मोहल्ले की छतों पर कूदता रहा, जिससे टीम को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# उपायुक्त ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच करने का दिया निर्देश

**जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक में दिये गये आवश्यक निर्देश**




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्याह्न भोजन योजना, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसइ के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम, स्मार्ट क्लास तथा स्टीयरिंग समिति से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि जिले, प्रखंड और पंचायत स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास करने का निर्देश दिया। बैठक में विशेष रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता, खाद्यान्न की समय पर उपलब्धता, रसोई शेड, पोषण वाटिका (किचन गार्डन), बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की स्थिति पर समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच की जाये तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाये। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के बीओ एवं संबंधित अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

## गौशाला में विहिप और बजरंग दल ने की पूजा-अर्चना




**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने गुरुवार को गोपाष्टमी के पावन पर्व पर चैनपुर स्थित श्रीराम चौक गौशाला में गौमाता का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने गौमाता को गुड़, चना और लाई आदि खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने गोसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष पंडित देवराज शर्मा ने बताया कि गो पूजन से समाज जन को संदेश दिया कि सभी गौ माता की सेवा करें, जिससे आपका जीवन सफल हो और समाज को गो माता से सीखना चाहिए। गो माता हमेशा समाज को अपना सब कुछ देती हैं। वहीं प्रखंड मंत्री घनश्याम गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता समाज से कुछ लेती नहीं, लेकिन समाज स्वार्थ के वशीभूत होकर इन सब चीजों से दूर होता जा रहा है। इसलिए प्रत्येक हिंदू समाज के व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने घर में गो माता रखें और उनकी सेवा करें साथ ही प्रखंड संरक्षक सरजू कमलापुरी ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति की आधारशिला हैं और गोसंवर्धन तथा गोसेवा से समाज में सद्भाव एवं समृद्धि आती है। कार्यक्रम में 'गोमाता की जय' के जयकारे लगाए गए और गोपालन का संकल्प लिया गया। मौके पर सदस्य मुकेश प्रजापति,सुरेश प्रसाद,गणेश प्रसाद,अजय चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## देवघर पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता कार्यक्रम



**देवघर (आजाद सिपाही)।** पुलिस कप्तान सौरभ के निर्देश पर जिले में साइबर जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार से हुई। इसका उद्देश्य जिले में बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम है। इसके तहत मोहनपुर थाना क्षेत्र के मोरने गांव में पुलिस ने स्थानीय ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम में साइबर डीएसपी राजा मित्रा, सदर एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह, साइबर थाने का इंस्पेक्टर कृष्णदत्त झा, मोहनपुर थानेदार प्रिय रंजन और साइबर थाने के आरक्षी सरोज कुमार झा मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ना सिर्फ साइबर अपराध के विरुद्ध आम जनता को जागरूक करना है, बल्कि यह भी संदेश देना है कि साइबर अपराध के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई के लिए देवघर पुलिस कृतसंकल्प है। कार्यक्रम में जनता का सहयोग प्राप्त कर आसूचना संकलन के द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना भी है। यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि साइबर अपराध कारित करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही संगठित साइबर अपराधियों के विरुद्ध संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई भी होगी। साइबर अपराधियों को संरक्षण देने वाले लोगों को चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कार्यक्रम में मोरने पंचायत के उपमुखिया के मो. फिरोज, लतासारे के मो. बदरूद्दीन, पंचायत समिति सदस्य नौशाद अंसारी, वार्ड सदस्य बरकत अंसारी, इब्राहिम अंसारी, नईम असारी, बासुदेव राय, जगदीश राय व ग्रामीण मौजूद थे।

# झारखंड आंदोलनकारियों ने अविनाश देव का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारियों के एक जत्था ने बुधवार को संत मरियम स्कूल के चेयरमैन, युवा झामुमो नेता सह झारखंड सरकार के माटी बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव को सम्मानित करते हुए आगामी 6 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय झारखंड आंदोलनकारी सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया। इस अवसर पर पलामू जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा, जिला सचिव राजू प्रजापति, प्रदीप सिन्हा,सुलेमान अंसारी, संजय बर्मन, शंखनाथ सिंह चेरो एवं हेरेन हेंब्रम सहित कई आंदोलनकारी उपस्थित थे। अविनाश देव ने इस सम्मान के लिए सभी आंदोलनकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड की नींव शहीदों के खून और संघर्ष पर टिकी है, लेकिन आज भी उनके सपनों का झारखंड अधूरा है। उन्होंने कहा कि खनिज-संपन्न राज्य होने के बावजूद यहां के नौजवान आज भी रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं। यह समय आत्ममंथन का है कि आखिर हम कहां चूके। आगे कहा कि वे झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मेलन में अवश्य शामिल होंगे।

# अक्षय नवमी पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शुक्ल पक्ष नवमी तिथि और अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर आज देवाधिदेव महादेव की नगरी देवघर में आस्था का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। मान्यता है कि इस पावन दिन किए गए धार्मिक कार्यों का फल अक्षय रहता है और कभी नष्ट नहीं होता। इसी आस्था के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गयी। भक्तों ने विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। मंदिर परिसर में दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होते रहे, जिनमें मुंडन संस्कार, उपनयन, गठबंधन एवं अभिषेक शामिल रहे। धार्मिक माहौल में जय बाबा बम-बम व हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, पाठ बंद होने तक करीब 60 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन किए। मंदिर के स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने बताया कि अक्षय नवमी के दिन किए गए धार्मिक कार्यों के फल अक्षय माने जाते हैं, इसलिए देशभर से भक्त बाबा धाम पहुंचते हैं। वहीं सरदार पंडा गुलाबानंद झा ने भी भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए इस दिन के धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया

## बीडीओ ने खड़कपुर पंचायत का किया दौरा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने गुरुवार को खड़गपुर पंचायत के विभिन्न गांवों खड़कपुर, भंवर और कटकोमा का दौरा कर सरकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा कार्यों की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बीडीओ ने इस दौरान खड़कपुर विद्यालय और भांवर मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया। भांवर मध्य विद्यालय में लंबे समय से चल रही अवैध कब्जे की शिकायत के आलोक में विद्यालय भवन के एक कमरे को प्रशासन की पहल पर स्थानीय ग्रामीणों से कब्जा मुक्त कराया गया। बीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में पठन-पाठन का माहौल बेहतर बनाने और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी विकास कार्यों में सहयोग की अपील की। निरीक्षण के दौरान आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र मेहता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर अक्षय नवमी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। शहर के राजबाड़ी रोड स्थित आंवला वृक्ष स्थल पर गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं ने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा और भुआ दान कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पुजारी द्वारा अक्षय नवमी की कथा श्रवण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य अर्जित किया और वृक्ष की छाया में प्रसाद ग्रहण किया। पंडितों के अनुसार अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा से अखंड सौभाग्य, आरोग्य और संतान सुख की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान और पूजन अक्षय फल प्रदान करता है तथा कभी नष्ट नहीं होता। बताया जाता है कि इसी दिन द्वापर युग का आरंभ हुआ था। पंच मंदिर रोड, मीना बाजार,रेलवे न्यू क्लोनी, नया बाजार सहित कई स्थानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही।

# उत्कृष्ट पूजा पंडाल समिति को मंत्री हफीजुल हसन ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** नगर परिषद मधुपुर के द्वारा स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2025 के तहत नगर परिषद सभागार में दुर्गापूजा सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में झारखंड सरकार के जल संसाधन मंत्री सह स्थानीय विधायक हफीजुल हसन, एसडीओ राजीव कुमार, सीओ यामुन रविदास और नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू ने स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पूजा समिति के प्रतिनिधि को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दुर्गापूजा पंडाल में श्री श्री न्यू कॉलोनी रेलवे दुर्गा पूजा समिति प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान में श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर थाना मोड और तृतीय स्थान पर पुरानी धर्मशाला गांधी चौक पूजा समिति को दिया गया। जबकि पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था सही तरीके से अच्छे तरीके से पालन करने को लेकर डंगाल पाड़ा दुर्गा पूजा समिति को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पुलपार दुर्गापूजा समिति व तीसरे स्थान पर कालीपुट टाउन पूजा समिति को दिया गया। शहर के मीना बाजार काली पूजा समिति को सम्मानित किया गया।

इसके अलावा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता दीपक कुमार समेत विद्युत कर्मी बासुदेव दास, मुकेश, मुनमुन, मो तुफैल और सफाई प्रभारी के रूप मनोहर कुमार दास, अमरजीत पासवान, राजीव कुमार और तुलसी हाडी को सम्मानित किया गया। वहीं अन्य पूजा समिति को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सभी शहरवासी प्रशासन को शांतिपूर्वक पूजा संपन्न करने के लिए, बधाई देते हुए कहा कि आप सभी मधुपुरियत को फिर एक बार कायम रखा। इसके लिए, धन्यवाद देता हूं। उन्होंने मधुपुर एचडीएफसी बैंक डकैती को लेकर कहा कि एक महीने तक रैकी कर नये तरीके से बनाया था। कड़ी मेहनत कर घटना का उद्भेदन किया है। यही कारण है कि अभी अपराधी मधुपुर को सॉफ्ट जॉन मान रहा है। सभी लोग सतर्क रहें। पढ़ाई पर सभी अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक

**ऊंटारी रोड/ पलामू (आजाद सिपाही)।** ऊटारी रोड प्रखंड कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं गव्य विकास योजना के तहत लाभुक चयन को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अल्का कुमारी ने की। डॉ जितेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री पशुधन व गव्य विकास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों को समिति के समक्ष रखा। पात्र लाभुकों का चयन कर प्रस्ताव जिलास्तरीय चयन समिति को अनुमोदन के लिए भेजने का निर्णय लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दोनों योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। चयन में एससी, पीटीजी, बीपीएल,विधवा,दिव्यांग सहित पशुपालन प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गयी है। बैठक में जिला परिषद अरविंद कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुनील बैठा, सुनील शर्मा मौजूद थे।

# गुमला में आज से अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगी बस सेवा

## गुमला बस ऑनर एसोसिएशन से की घोषणा, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** प्रशासनिक निर्देशों और बंदिशों ने परेशान होकर गुमला बस ऑनर एसोसिएशन ने शुक्रवार से अनिश्चितकाल के लिए बस सेवा स्थगित करने की घोषणा की है। उक्त निर्णय लोहरदगा रोड से गुजरने वाली बसों के दूंदुरिया स्थित पुराने बस स्टैंड में ठहराव के आदेश से बस मालिक परेशान हैं। स्थानीय ललित उरांव बस पड़ाव से इस रूट के बसों का ठहराव डीसी प्रेरणा दीक्षित के आदेश से हटाया गया था। अब स्थिति यह है कि इस रूट में चलने वाली बसों के मालिक सीधे डीसी से गुहार लगा रहे हैं कि उक्त निर्णय पर पुनर्विचार किया जाय अन्यथा वो बस नहीं चलाएंगे। इस


गुमला बस ऑनर एसोसिएशन के सदस्य।

परस्थिति को लेकर गुमला बस ऑनर एसोसिएशन ने गुरुवार को गुमला डीसी को एक पत्र भी सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि 17 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश के तहत लोहरदगा रोड रूट की बसों को गुमला बस स्टैंड (दुंदुरिया) से चलाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन इस निर्णय से बस मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष शिव प्रसाद सोनी की मानें तो ललित उरांव बस स्टैंड से परिचालन बंद होने के बाद लोहरदगा रोड की बसों को पर्याप्त यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। इस कारण बस मालिकों को टैक्स, इंश्योरेंस और स्टाफ का वेतन चुकाने में कठिनाई हो रही है। आर्थिक नुकसान के चलते बसों का परिचालन जारी रखना अब संभव नहीं है। परेशान बस मालिकों के एसोसिएशन ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने आदेश पर पुनर्विचार नहीं करता है, तो शुक्रवार से गुमला से चलने वाली सभी बसों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा। लोहरदगा रोड रूट की बसों को पूर्ववत ललित उरांव बस स्टैंड से परिचालन की अनुमति को लेकर बस मालिक डीसी से गुहार लगा रहे हैं। ताकि यात्रियों को सुविधा मिले और बस मालिकों को आर्थिक राहत प्राप्त हो सके। पत्र की प्रतिलिपि गुमला अनुमंडल पदाधिकारी को भी प्रेषित की गई है। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव सोनी और महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चैनपुर बाजार क्षेत्र में चंद पैसों के लिए दांव पर लग रही सैकड़ों जिंदगियां

## ऊबड़-खाबड़ रास्तों के बीच वाहनों की छतों पर सवार होने के मजबूर ग्रामीण

## 'मुख्यमंत्री ग्रामगाड़ी योजना' की बसें भी इस अवैध ओवरलोडिंग की गिरफ्त में

- प्रशासन की चुप्पी, दुर्घटना को दो रहा न्योता

**आजाद सिपाही संवाददात**

**चैनपुर।** क्षेत्र में जान जोखिम में डालकर लोग छोटे-छोटे वाहनों की छतों पर सवार होकर यात्रा करने को विवष है। हैरत की बात यह है कि छोटी-छोटी खामियां निकाल कर वाहनों पर चालान करने वाली पुलिस इस दृष्य को देखकर भी चुप्पी साधे हुए है। लापरवाही की हैरान करने वाली तस्वीर चैनपुर के साप्ताहिक बाजार में हर हफ्ते देखने को मिल रही है, जो किसी भी क्षण एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। दूर-दराज के ग्रामीण और विशेषकर पीवीटीजी क्षेत्रों के निवासी जो अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए चैनपुर में गुरुवार को लगने वाली सप्ताहिक बाजार पर निर्भर हैं उन्हें निजी वाहन मालिक और चालकों





के मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। गाड़ी मालिकों की चंद पैसों के लालच की भूख इतनी बढ़ गयी है कि वे यात्रियों की जान को ताक पर रखकर सरेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। चैनपुर का यह क्षेत्र पहले से ही खतरनाक घाटियों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों वाला है। लेकिन हालात तब और भी खतरनाक हो जाती हैं जब सीट पर जरूरत से ज्यादा यात्री होने के बाद भी यात्रियों को भेड़-बकरियों की तरह गाड़ियों की छतों पर बैठाकर ले जाया जाता है। एक छोटी सी चूक, मामूली झटका या संतुलन बिगड़ने की घटना छत पर सवार दर्जनों यात्रियों की जान ले सकती है। डोका पाठ, बेसना पाठ और गड्ढा पाठ जैसे दूरस्थ गांवों के ग्रामीण अपनी मजबूरी के चलते इस मौत के सफर को स्वीकार करने को विवश हैं। यह विडंबना ही है कि पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों को सुविधा देने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री ग्रामगाड़ी योजना की बसें भी इस अवैध ओवरलोडिंग की गिरफ्त में हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी बसों में भी क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरी जा रही हैं। इस वजह से महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। निजी वाहन मालिक ग्रामीणों की परिवहन की कमी और बाजार की मजबूरी का फायदा उठाकर खुलेआम लोगों की जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं। लोगों का बड़ा सवाल यह है कि स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग की आंखें कब खुलेंगी? यदि इस जानलेवा और अवैध ओवरलोडिंग पर तत्काल सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो निश्चित रूप से किसी भी दिन एक बड़ा दर्दनाक हादसा हो सकता है, जिससे अनायास लोग काल के गाल में समा सकते हैं।

## बजा बार एसोसिएशन चुनावी बिगुल, 24 नवंबर को मतदान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बार एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव पदाधिकारियों हीरा ओहदार और तापस कुमार लाल ने चुनावी प्रक्रिया की पूरी रूपरेखा जारी की है। बताया गया कि नामांकन पत्रों की बिक्री शुक्रवार की दोपहर 1.30 से शाम चार बजे तक होगी। जबकि छह नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकेगा। नामांकन पत्र की जांच 10 नवंबर तक और नाम वापसी की अंतिम तिथि 12 नवंबर तय की गई है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 13 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। मतदान प्रक्रिया 24 नवंबर की सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलेगी। जिसके बाद 3.30 बजे से मतगणना शुरू होगी। चुनाव पदाधिकारियों ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही बार एसोसिएशन के सदस्यों और संभावित उम्मीदवारों के बीच खेमेबाजी और चचाओं का दौर शुरू हो गया है।

## 44 लाख की राशि से निर्मित पुलिया चार महीने में ही हुई क्षतिग्रस्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत नवाडीह पंचायत के गोढ़ीह टोली गांव के पास तीन महीना पहले सीआरसी के तहत पुलिया का निर्माण किया गया था। उसके पास बना पीसीसी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। सड़क पूरी तरह से टूट गयी है और उसमें दरार भी आ गई है। पुलिया-सड़क का निर्माण कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण विकास विभाग प्रमंडल गुमला की ओर से कराया गया है। लेकिन कार्य समाप्ति के चार महीने के भीतर ही सड़क टूट कर क्षतिग्रस्त हो गयी। कई बार लोग उक्त पुलिया पर पहुंचते ही दुर्घटना का शिकार हो गए हैं। विभाग की ओर से दुर्घटना से बचाव को लेकर सांकेतिक बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिस कारण तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। पीसीसी सड़क पुलिया को छोड़ चुका है और जमीन पर धंस गया है। अगर जल्दी इसे दुरुस्त नहीं किया गया तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा



सकता है। बुधवार को अपराह्न तीन बजे नवागढ़ के पंचायत समिति सदस्य हिमांशु केसरी अपने कार्यकर्ताओं के साथ उक्त स्थल पहुंचे और गड्ढे को बोल्डर से भरकर ठीक करने का प्रयास किया। साथ ही सड़क पर पत्थर रखकर अवरोधक लगाया। जिससे तेज रफ्तार वाहन को नियंत्रित किया जा सके। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया योजना 44 लाख रुपए की थी, लेकिन निर्माण कार्य में लीपा पोती कर दी गई है। ग्रामीणों ने पुलिया और पीसीसी सड़क को दुरुस्त करने की प्रशासन से मांग की है। मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

## चैनपुर के परसा पारिस में ब्रदर रिचर्ड खलखो ने की आत्महत्या

**चैनपुर/जारी (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के जारी थाना अंतर्गत जरडा पंचायत के परसा पारिस में 25 वर्षीय ब्रदर रिचर्ड खलखो ने अपने कमरे की खिड़की में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पल्ली पुरोहित फादर फिलमोन एक्का ने बताया कि स्कूल की छुट्टी के बाद जब वे आवास पहुंचे तो ब्रदर का कमरा अंदर से बंद मिला। इसके बाद अनहोनी की आशंका पर उन्होंने तत्काल जारी थानेदार आदित्य कुमार को सूचित किया। थानेदार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ तक भीतर प्रवेश किया, तो शव फंदे से लटका मिला। मृतक डुमरी थाना क्षेत्र के रजावाल पारिश के अम्बाटोली गांव के रहने वाले जुस्टीन खलखो का पुत्र था और पिछले 16 महीनों से पारिस में सेवा दे रहा था। परिवार का सबसे बड़ा और मिलनसार सदस्य था। उसके भाई अमल



खलखो ने आत्महत्या के कारणों पर अनभिज्ञता जताई है। उधर, घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक ने परिवार को सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, जारी थानेदार आदित्य कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों पर स्पष्ट कहा जा सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 'कब्र पर्व' को लेकर तैयारियों में जुटे मिशनरी समुदाय के लोग



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी कब्रिस्तानों में इन दिनों चहल-पहल दिख रही है। आगामी कब्र पर्व (मृत आत्माओं की स्मृति दिवस) को लेकर मिशनरी समुदाय के लोग अपने-अपने पूर्वजों और संबंधियों की कब्रों की साफ-सफाई में जुटे हैं। इस साल भी श्रद्धालु बड़ी आस्था और समर्पण के साथ कब्रिस्तानों में जाकर कब्रों की मरम्मत, लिपाई-पुताई और सजावट का कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक, डुमरी प्रखंड के लगभग सभी चर्च परिसरों से जुड़े कब्रिस्तानों में लोग सामूहिक रूप से सफाई अभियान चला रहे हैं। कई जगहों पर महिलाएं मिट्टी की लिपाई और फूलों की सजावट कर रहीं, वहीं पुरुष कब्रों के आस-पास की झाड़ियों, घास-फूस और सूखे पत्तों को साफ कर रहे हैं। प्रखंड के कई गांवों के मिशनरी परिवार कब्रिस्तानों में एकजुट होकर अपने प्रियजनों की स्मृतियों को सहेजने में लगे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह कार्य केवल सफाई का नहीं, बल्कि प्रेम और सम्मान का प्रतीक है जिससे वे अपने दिवंगत आत्मीयजनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो नवंबर को कब्र पर्व के अवसर पर सामूहिक प्रार्थना सभा, दीप प्रज्वलन और श्रद्धांजलि अर्पण का आयोजन होगा। इसके लिए लोग अभी से कब्रों की सजावट और रख-रखाव में पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। कब्रिस्तानों में हो रही यह सामूहिक सफाई केवल धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी नहीं, बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और पूर्वजों के प्रति आदर की भावना का प्रतीक भी है। मिशनरी समुदाय के लोग हर वर्ष इस कार्य को एक पर्व की तरह मनाते हैं, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## सड़क सुरक्षा अभियान तेज, नियम तोड़ने वालों से 1.36 लाख का वसूला गया जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने गुरुवार को दुन्दुरिया के पास विशेष जांच अभियान चलाया। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में चले इस अभियान में 115 से अधिक वाहन चालकों को जागरूक किया गया। लगे हाथ यातायात नियम तोड़ने वालों से कुल एक लाख 36 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, बिना सीट बेल्ट, अमान्य कागजात, प्रेशर हॉर्न और ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई की गई। डीटीओ ने चालकों को नियम पालन का संदेश देते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। अभियान में मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की, थाना प्रभारी और पुलिस बल मौजूद रहे। चेतावनी दी कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मोंथा चक्रवात से किसानों की फसल बर्बाद, लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवार्ती तूफान मोंथा का प्रभाव गुमला जिले में भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। इससे किसानों को भारी क्षति हुई है। जिले में इस समय धन, मड़वा और मक्का की कटाई चल रही है। तेज बारिश और हवा के चलने से धान एवं अन्य फसलें खेत में ही गिर गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। कई किसान खेतों से फसलों को काटकर खलिहान में रखे हैं। वर्षा के कारण उन में फफूंदी आ रही है। बालियों में अंकुरण की संभावना भी बढ़ गई है। नमी बढ़ने से गोदाम और तिरपाल रहित घेरे में फफूंद जनित रोग पनप रहे हैं। गुरुवार की सुबह 10 बजे कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि खेतों में जल जमाव होने से धान के पौधे खेत में लेट सकते हैं जिससे कटाई में कठिनाई और उपज में कमी आ सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 30 और 31 अक्टूबर को बारिश के साथ तेज हवा चलने का अनुमान है। रुक-रुक कर हो रही वर्षा से जन जीवन भी प्रभावित हो गया है। वहीं, ठंड बढ़ गई है। सबसे ज्यादा चिंता किसानों को हो रही है। अब तक जिले में औसतन 4.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि हवा की रफ्तार 8 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई है। मौसम वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी गुरुवार और शुक्रवार को 6 से 10 मिलीमीटर एवं एक और दो नवंबर को क्रमशः 3 और 2 मिमी वर्षा होने की संभावना है।

## अस्पताल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रुकवाया

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोरी गांव में चल रहे अस्पताल भवन निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रुकवा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक की ओर से घटिया ईंट, सीमेंट, बालू और छड़ का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उन्हें भवन की भविष्य को लेकर चिंता हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक विभागीय जांच नहीं होगी और कार्य स्थल पर इंजीनियर की उपस्थिति नहीं होगी, तब तक कार्य प्रारंभ नहीं होने दिया जाएगा। इधर, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे भाजपा नेता भिखारी भगत ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में संवेदक बेलगाम हो गए हैं। दूसरी ओर, संवेदक ने कहा कि कार्य पूरी गुणवत्तापूर्ण तरीके हो रही है, लेकिन स्थानीय एक संवेदक के इशारे पर लगातार कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को पुनः स्थानीय संवेदक के इशारे पर गांव के कुछ लोग कार्यस्थल पहुंचकर कार्य में अनियमता का आरोप लगाते हुए लेबर-मिस्त्री के साथ मारपीट की। वे लोग विरोध करने लगे जिस कारण कार्य बंद करना पड़ा। कहा कि अगर अनियमितता बरती जा रही है, तो आप सभी विभाग को सूचित करें, विभाग जांच करेगी। बेवजह आरोप लगाना और काम बंद करना यह ठीक नहीं है।

## सिसई में जनशिकायत निवारण दिवस शिविर आयोजित, 92 में से 76 आवेदन का निष्पादन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के दूर दराज गांवों से आए ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन मिले गये। इसमें अधिकतर मामला जाति, आवासीय और आय का रहा। प्राप्त आवेदनों में पेंशन योजना से संबंधित 09, मंईयां सम्मान योजना से संबंधित 07, जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित 05 एवं बिजली विभाग से संबंधित एक मामला शामिल था। इसमें से प्राप्त कुल 22 में से 21 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि एक आवेदन को संबंधित विभाग को कार्रवाई करने के लिए अग्रसारित कर दिया गया। वहीं, अंचल कार्यालय में प्राप्त आवेदनों में ऑनलाइन सुधार से संबंधित 10, राशन कार्ड से संबंधित दो, जाति, आवासीय और आय से संबंधित 54, भूमि प्रतिवेदन (वृक्षारोपण) से संबंधित एक, वज्रपात से संबंधित दो और प्राकृतिक आपदा से संबंधित एक मामला शामिल है। इसमें से 55 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। जबकि 15 आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया। इस मौके पर सीओ अशोक बड़ाइक, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, कर्मचारी प्रकाश उरांव, मुनेश्वर सिंह, दीपक उरांव आदि उपस्थित थे।

# करम टोली में दिव्यांग व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में कुआं में डूबने से हुई मौत

## दोनों पैर से था दिव्यांग, पर मौके से नहीं मिली कोई बैशाखी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहर से सटे करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में कुआं में डूबने से दिव्यांग व्यक्ति की मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान फुलवारटोली निवासी विजय महतो के रूप में हुई है। इसकी जानकारी पाकर गुरुवार की सुबह 7.30 बजे ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों ने उसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही गुमला पुलिस मौके पर पहुंच गयी और रस्सी के सहारे काफी मशक्कत के बाद मृतक के



शव को कुएं से बाहर निकाला। पता चला है कि मृतक दोनों पैर से दिव्यांग था और बैसाखी के सहारे चलता था। हालांकि कुआं के आसपास से बैसाखी बरामद नहीं हुई है, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिना बैसाखी के विजय कुआं तक कैसे पहुंचा। लोगों ने हत्या की भी आशंका जतायी है। हालांकि पुलिस हर बिंदु पर गहानता से जांच कर रही है। परिजनों के आने पर मामला स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।


## कार्यालयः— नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

Email-npsbnagar@gmail.com

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अंतर्गत सभी संचालित प्रतिष्ठानों / दुकानदारों 07(सात) दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर (जन सुविधा केन्द्र) या Tax Collector(कर संग्राहक) से सम्पर्क स्थापित कर अपना Trade License बनवा लें, अन्यथा नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 459 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

प्रतिष्ठानों / दुकानदारों का विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | प्रतिष्ठानों / दुकानदारों का नाम | प्रतिष्ठानों / दुकानदारों मालीकों नाम | पता | वार्ड सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GOPAL GENERAL STORE | GOPAL PRASAD | PURAINI | 10 |
| 2 | AJAD NEW FATION TAILOR | MAINUDDIN | PURAINI | 10 |
| 3 | MOTORCYCLE REPAIRING CENTRE | NITISH KUMAR | PURAINI | 10 |
| 4 | MINA SHRINGAR STORE | ASHISH KUMAR | PURAINI | 10 |
| 5 | C S P CENTERAL BANK | JITENDRA DAS | PURAINI | 10 |
| 6 | GOLA SHRINGAR STORE | ARYAN CHANDRA | PURAINI | 10 |
| 7 | MUKESH KUMAR KAPDA DUKAN | MUKESH KUMAR | CHECHARIYA | 2 |
| 8 | ABHISHEK ROADWAYS | ASHOK PRASAD | CHECHARIYA | 2 |
| 9 | GUDDDU ELECTRONICS | GUDDU KUMAR | CHECHARIYA | 2 |
| 10 | ROHIT GENERAL STORE | ROHIT KUMAR | CHECHARIYA | 2 |
| 11 | CHILDREN PARADISE SCHOOL | DAYANAND PRASAD | CHECHARIYA | 2 |
| 12 | HARISHCHANDRA GENERAL STORE | HARISHCHANDRA PRASAD | CHECHARIYA | 2 |
| 13 | SAURABH TRADERS | SAURABH KUMAR | CHECHARIYA | 2 |
| 14 | S K DJ AND GENERAL STORE | SURESH KUMAR GUPTA | CHECHARIYA | 9 |
| 15 | SAILOON DUKAN | ADITYA THAKUR | CHECHARIYA | 9 |
| 16 | SAMIM TENT HOUSE | SAMIM ANSARI | CHECHARIYA | 9 |
| 17 | N S TAILOR | SAHAMAD ANSARI | CHECHARIYA | 9 |
| 18 | RBL FINSERV |  | CHECHARIYA | 2 |
| 19 | IDFC BHARAT FIRST | CHANDAN KUMAR SINGH | CHECHARIYA | 2 |
| 20 | GUPTA ELECTRONIC | SANTOSH GUPTA | CHECHARIYA | 2 |
| 21 | THE ROYAL CHIKEN BIRYANI | SADAM KHAN | CHECHARIYA | 9 |
| 22 | FAL DUKAN | MD SHAMIR | CHECHARIYA | 9 |
| 23 | RAMASHANKAR KIRANA DUKAN | RAMASHANKAR PRAJAPATI | CHECHARIYA | 9 |
| 24 | GRAHAK SEWA KENDRA | ANKUL KUMAR | CHECHARIYA | 9 |
| 25 | MANOJ GENERAL STORE | MANOJ KUMAR CHOURASIYA | CHECHARIYA | 9 |
| 26 | A TO Z SCHOOL DRESS | JAYAD AHMAD | CHECHARIYA | 2 |
| 27 | SALOON DUKAN | SANJAY THAKUR | CHECHARIYA | 2 |
| 28 | PARIWAR CLINIC | D B CHAKRAWARTI | CHECHARIYA | 2 |
| 29 | ANSHIKA ELECTRONIC | RAJU SETH | CHECHARIYA | 2 |
| 30 | HAIDRABADI BIRYANI | SABIR HUSAIN | CHECHARIYA | 2 |
| 31 | TAIBA CLINIC | SAHNAWAJ ALAM | CHECHARIYA | 2 |
| 32 | KHUSHBU ONLINE SERVICE | PAWAN KUMAR | CHECHARIYA | 2 |
| 33 | DEEPAK JWELLERS | DEEPAK SONI | CHECHARIYA | 3 |
| 34 | GUPTA HOMEOCLINIC | DR K ANUPMA | CHECHARIYA | 9 |
| 35 | NEW INDIA FASHION | SABIR SIDDIKI | CHECHARIYA | 9 |
| 36 | MAHI TAILOR | JULKARNAIN ALAM | CHECHARIYA | 9 |
| 37 | SHUBHAM HOMEO HALL | SATISH KUMAR | CHECHARIYA | 9 |
| 38 | ARHAM MOBILE REPAIRING |  | CHECHARIYA | 9 |
| 39 | KABIR OPTICLAS | MD HASHMIN | CHECHARIYA | 9 |
| 40 | DHANI SHRINGAR STORE | DHANANJAY KUMAR | CHECHARIYA | 9 |
| 41 | VISHAL TWO WHEELER | VISHAL KUMAR | CHECHARIYA | 9 |
| 42 | KAJAL HAIR CUTTING SALOON | DHIRAJ KUMAR | NAGAR UNTARI | 8 |
| 43 | JIO OFFICE | AMIT KUMAR | NAGAR UNTARI | 12 |
| 44 | KIRAN HAIR SAMRAT | SUBHASH THAKUR | NAGAR UNTARI | 12 |
| 45 | RAMAN PRINTING PRESS | J P RAMAN | NAGAR UNTARI | 12 |
| 46 | MONISHKA ENTERPRISSES |  | NAGAR UNTARI | 12 |
| 47 | UNIQUE MENS WEAR | SANTOSH THAKUR | NAGAR UNTARI | 8 |
| 48 | RISHABH HAIR CUTTING SALOON | UPENDRA THAKUR | NAGAR UNTARI | 12 |
| 49 | GANGA HOJARI | ANUJ KUMAR | NAGAR UNTARI | 12 |
| 50 | BABA BANSHIDHAR DENTAL CLINIC | DR SASHISEKHAR | NAGAR UNTARI | 12 |
| 51 | BANSHIDHAR ALTRA SOUND | ASHISH KUMAR SHRIWASTAWA | NAGAR UNTARI | 8 |
| 52 | DELHI DARBAR BIRYANI | MAHBUB ALI | NAGAR UNTARI | 12 |
| 53 | BIRENDRA GENERAL STORE | BIRENDRA PRASAD | HENHO | 13 |
| 54 | MOBILE REPAIRING CENTRE | JIYAUDDIN ANSARI | NAGAR UNTARI | 12 |
| 55 | SARAISA KHAINI DUKAN | SADIK ANSARI | NAGAR UNTARI | 12 |
| 56 | RAJA ELECTRONIC | SUHAIL ANSARI | NAGAR UNTARI | 12 |
| 57 | SCHOOL DRESS AND CLOTH STORE | IMTEYAJ AHMAD | NAGAR UNTARI | 8 |
| 58 | CHARITAR SAW KIRANA DUKAN | CHARITAR PRASAD | NAGAR UNTARI | 8 |
| 59 | VISHWAKARMA SHAN DUKAN | GOPAL VISHWAKARMA | NAGAR UNTARI | 11 |
| 60 | SAI SHOBHANAD HONDA |  | DHAMNI | 14 |
| 61 | SARAD HOTEL | SARAD KUMAR | DHAMNI | 6 |
| 62 | SIDHI SHRI NETRA CHIKITSALAY | YASHWANT YADAW | DHAMNI | 6 |

PR 364884 Urban Development(25-26)D

प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# मोंथा चक्रवात को लेकर प्रशासन सतर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बंगाल की खाड़ी में तेजी से विकसित हो रहे मोंथा चक्रवात को लेकर बोकारो जिला प्रशासन सतर्क है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी स्तरों पर पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने को कहा है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, झारखंड, रांची से प्राप्त पत्र के आधार पर प्रशासन ने व्यापक समीक्षा की है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि मोंथा आने वाले दिनों में गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक बोकारो को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक सुरक्षा बल, बचाव दल और वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा संभावित आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नियंत्रण कक्ष को भी सक्रिय कर दिया गया है। सिविल सर्जन बोकारो को निर्देश दिया गया है कि सभी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस, चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी पूर्ण रूप से तैयार रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने की भी योजना बनाई जा रही है ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई, जल जमाव की रोकथाम, तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए। इसी प्रकार नगर सेवाएं, बोकारो इस्पात संयंत्र को भी अपने क्षेत्रों में स्वच्छता और संक्रमण-निरोधी कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं।

# सुदामडीह में दो घरों से नगद समेत गहनों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ जोड़ापोखर।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी दंगाल धौड़ा में बीती रात चोरों ने तांडव मचा दिया। एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब 1 लाख 10 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के गहनों समेत लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने रमेश केसरी के घर का मेन गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी व दीवान में रखे गहनों व नकदी की चोरी कर ली। घर की मालकिन ज्योति केसरी ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर वे अपने ससुराल गयी हुई थीं। इसी दौरान कॉलोनी के लोगों ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा टूटा हुआ है। जब वे लौटीं तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और गहनों के साथ-साथ नगदी भी गायब थी।

ज्योति केसरी ने बताया, अलमारी में रखे सोने का हार, टीका, नथिया, बाला, पायल, बिछिया और करीब 40 हजार रुपये के बर्तन सहित 1 लाख 10 हजार रुपये नकद चोरी हो गये हैं। स्थानीय निवासी पिंटू कुमार ने बताया कि चोरी की दूसरी वारदात मनोज राजभर के घर में हुई है, जो छठ पूजा के लिए अपने गांव उत्तर प्रदेश गए हुए हैं। उनके लौटने के बाद ही चोरी की सही जानकारी मिल सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही सुदामडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कॉलोनीवासियों से पूछताछ की है और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

# ब्लास्ट फर्नेस हादसे में ठेका श्रमिक की कलाई कटी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस-4 में हुए हादसे में एक ठेका श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में ठेका श्रमिक का दाहिना हाथ कलाई के पास से कट गया। साथ ही, दूसरे हाथ की कुछ अंगुलियों को भी नुकसान हुआ है। आनन फानन में उसे बी जी एच ले जाया गया। जहां आवश्यक इलाज के पश्चात बेहतर इलाज के लिए अपोलो कोलकाता रेफर किया गया है। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल के मूल निवासी 45 वर्षीय देबाशीष रॉय बीएसएल में अनस्किल्ड वर्कर के रूप में ठेका मजदूरी करते हैं। एचएन रिफ्रेक्ट्री वर्क्स कंपनी के अधीन ब्लास्ट फर्नेस ऑपरेशन एरिया में देबाशीष काम कर रहे थे। ब्लास्ट फर्नेस 4 के कास्ट हाउस में नाइट शिफ्ट में सबकुछ ठीक से चल रहा था। 6 बजे शिफ्ट चेंज होनी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मडगन में मिट्टी भरने के दौरान अचानक मशीन में हाथ फंस जाने से यह हादसा हुआ।

# ब्रजेंद्र सिंह ने रेल मंत्री के आश्वासन को खोखला बताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दिवाली के पहले देश की जनता को आश्वस्त किया था कि दिवाली और छठ में जाने आने वाले यात्रियों को किसी भी तरह की इस बार कठिनाई नहीं होगी। लेकिन जैसे ही दिवाली और छठ आया तो कई इलेक्ट्रॉनिक चैनल में देश के प्रमुख शहरों के स्टेशनों पर जिस कदर भीड़ उमड़ी उसे रेलवे संभाल नहीं पायी और लोग शौचालय में खड़े होकर यात्रा करने के लिए मजबूर हुए। अभी लोक आस्था का महा पर्व छठ समाप्त हो चुका है यात्रीगण अपने अपने गंतव्य स्थानों तक जाने के लिए परेशान हो रहे है लेकिन किसी भी ट्रेन में उन्हें जगह नहीं मिल रही है। यहां तक की हवाई जहाज में पटना रांची से दिल्ली, बेंगलुरु, और मुंबई का किराया 21000 तक चला गया है आखिर रेल मंत्री झूठा आश्वासन क्यों दिए। उन्होंने कहा था कि देश भर में 12 000 अतिरिक्त रेल गाड़ियां चलेगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं और हर साल की भांति के ऐसा ही यात्रीगण रेल की सीढ़ियों पर बैठ कर, लटक कर यात्रा करने के लिए मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में रेल मंत्री से मैं मांग करता हूं की अभी से अगले साल के लिए प्लानिंग करें ताकि यात्रियों को सुविधा नहीं हो साथ-साथ यह भी मांग करता हूं कि धनबाद से दिल्ली मुंबई और बेंगलुरु का डायरेक्ट ट्रेन चलाया जाये।

# झारखंड के 25वें स्थापना दिवस को ऐतिहासिक रूप देने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन बोकारो द्वारा श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ गोपनीय कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि यह स्थापना दिवस झारखंडी अस्मिता, एकता और गौरव का प्रतीक बने - यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रमों को जन भागीदारी आधारित बनाया जाये ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन आयोजनों से जुड़ें।

स्थापना दिवस की शुरूआत 11 नवंबर को 'रन फॉर झारखंड' कार्यक्रम से होगी। इसके साथ ही स्ट्रीट डांस, साइकिल रैली और वाल पेंटिंग अभियान के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक ऊर्जा को प्रदर्शित किया जायेगा। सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर वर्ष 2026 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जायेगा। जिसमें विकास की प्राथमिकताओं पर स्थानीय स्तर पर चर्चा होगी। जनजातीय परिधानों में आयोजित भव्य जात्रा, कार्यक्रमों की एक प्रमुख झलक होगी। जिले के सभी पंचायतों में आगामी 18 से 28 नवंबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस बार का फोकस आम लोगों को आय जाति, आवासीय, दिव्यांगता, जन्म मृत्यु आदि प्रमाण पत्र दिलाना है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में आगामी 15 नवंबर से सीएम राम रूद्र उत्कृष्ट विद्यालय चास परिसर में दिवा-रात्रि पुस्तकालय' का शुभारंभ होगा।

### हरनौत विधानसभा पहुंचे सीएम नीतीश

# एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/ नालंदा।** नालंदा जिला के हरनौत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंडी बाजार में एन.डी.ए प्रत्याशी हरि नारायण सिंह के समर्थन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक विशाल जनसभा को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी हरि नारायण सिंह के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। जदयू पार्टी के राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने अपने विचार व्यक्त कर श्रोताओं से हरि नारायण सिंह को भारी मतों से जीताने का अपील किया। उक्त मौके पर झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, युवा प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह आदि मौजूद थे।

# सुरक्षा को लेकर किसी तरह की कोताही नहीं बरतें : रंजय सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/ बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के चपरी रेस्ट हाउस में क्षेत्रीय द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता श्रमिक संगठन यूसीडब्लूयू के जवाहरलाल यादव ने की। जबकि संचालन एसओ सेफ्टी आरएन सिंह द्वारा की गयी। इसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के जीएम रंजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। जीएम श्री सिन्हा ने कोयला खदानों में कामगारों की सुरक्षा को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। प्रोजेक्टर के माध्यम से मशीनों की स्थिति, माइंस के हॉल रोड, उत्पादन ग्राफ आदि दिखाया गया। जीएम श्री सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं हो, इसके लिए यूनियन प्रतिनिधि व प्रबंधन मिल कर कार्य करें। थोड़ी सी चूक के कारण दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। इससे बचने के लिए सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। सीसीएल के पास फंड की कमी नहीं है। अस्पताल में जरूरी संसाधनों को बढ़ाया जायेगा। ओवरलोड कोल ट्रांसपोर्टिंग पर अंकुश लगाया जायेगा। प्रदुषण से बचाव हेतु सड़कों सहित खदान में नियमित रूप से पानी का छिड़काव करवाया जायेगा। कामगारों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिलाया जाये। मशीनों की जांच करायी जायेगी। यूनियन नेताओं के सुझावों पर अमल किया जायेगा। मौके पर एएडीओसीएम पीओ राजीव कुमार सिंह, एसडीओसीएम पीओ शैलेश प्रसाद, ढोरी खास पीओ रंजीत कुमार, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओएक्स यूके पासवान, एसओ सिक्यूरिटी सुरेश सिंह, पीइ रामलखन कुमार, डॉ दीपरंजन भटाचार्यजी सहित सेफ्टी सदस्य मौजूद थे।

# दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में खेलों का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में गुरुवार को कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड गेम गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में एकाग्रता, तर्कशक्ति, सहयोग और खेल भावना का विकास करना था। इस खेल गतिविधि में विद्यार्थियों ने पसंदीदा बोर्ड गेम जैसे- लूडो, कैरम, स्नेक एंड लैडर, यूनो, चाइनीज चेकर्स, मोनोपली, शतरंज आदि में भाग लिया। विद्यालय परिसर में विभिन्न खेलों के लिए विशेष स्थान निर्धारित किया गया था। जहाँ सभी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक खेल में भाग लेकर अपनी गूढ़ रणनीति, अद्वितीय तर्कशक्ति और अद्भुत क्रीडा कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक -शिक्षिकाओं की देखरेख में हुआ। विद्यार्थियों को खेल के नियमों का पालन करने तथा आपसी सहयोग से खेलने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

# रासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमीर राज बने पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**तोपचांची।** राष्ट्रीय सनातन पार्टी (रासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वजीत सिंह 'अनंत' ने राष्ट्रीय सनातन पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष तोपचांची निवासी अमीर राज पांडेय को पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव -2026 का मुख्य चुनाव प्रभारी प्रतिनियुक्त किया है। इस आशय की जानकारी रासपा नेता अमीर राज पांडेय ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया है कि पश्चिम बंगाल के कुल 294 विधान सभा सीट से राष्ट्रीय सनातन पार्टी (रासपा) अपना प्रत्याशी खड़ा कर सनातनी सरकार बनवाने का लक्ष्य रखा गया है। इस चुनाव में बिहार की तरह किसी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने यह बताया कि परमधमार्धीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराजजी बिहार की तरह पश्चिम बंगाल में भी राष्ट्रीय सनातन पार्टी को सपोर्ट करेंगे। कट्टर राष्ट्रवादी, गौ रक्षक और सनातनी हिंदूवादी को पार्टी निःशुल्क टिकट देगी और मजबूती के साथ पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़गी। राष्ट्रीय सनातन पार्टी (रासपा) पश्चिम बंगाल के साथ-साथ असम में भी विधान सभा चुनाव लड़गी।

# बीएसएल में 'बेस्ट इंप्लायी ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के सितम्बर माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आरएमपी विभाग के नरेंद्र कुमार, ब्लास्ट फर्नेस के सपन कुमार, एसएमएस-टू और सीसीएस के संगम कुमार, हॉट स्ट्रिप मिल के शैलेंद्र सिंह गंगवार, सीआरएम एक और दो के मुक्तेश्वर रजक, सीइडी के कुमार अनुपम, हैवी मेंटेनन्स-मैकेनिकल के राजेश चौधरी तथा सीएसआर विभाग के संतोष कुमार के साथ कुल आठ (08) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक(मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित मानव संसाधन के वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों के अलावा नित नयी चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा जुनून के साथ काम काम करते हुए विकास की गति को बनाये रखना चाहिए।

अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान अति सराहनीय है तथा प्रत्येक चुनौतिपूर्ण काम को करने के समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि सुरक्षा सर्वोपरि है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक सुश्री प्रगति के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सीबिल सिंह, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया।

# कथारा में एक तरफ पानी के लिए हाहाकार, दूसरी ओर बर्बादी





आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा/ बेरमो।** आरसीएमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कथारा क्षेत्र मे पानी कि समस्या को उठाते हुए कहा कि लम्बे समय से कथारा क्षेत्र वासियों तथा कामगार पानी के लिए पानी पानी हो रहे हैं। यह कहानी की पहेली बन चुकी है। यह सिर्फ विभाग के सुस्ती का परिणाम है। दो दशक से पानी जलापूर्ति की योजना धरातल पर नहीं उतर पाना अपने आप में सवाल पैदा करता है। क्षेत्र के बगल में डीवीसी एवं आईएल के लोग को मिलने वाला पानी सीसीएल प्रबंधन अपने लोगों के लिए उपलब्ध करा पायेगी या नहीं भविष्य की बात होगी, लेकिन इतना जरूर है जब पानी मिलने लगेगा तो क्षेत्र वासियों के बीच हर्ष का माहोल होगा। इस बात की जानकारी सीसीएल के उच्च अधिकारियों को भी है। लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया। इस संदर्भ में अजय कुमार सिंह ने क्षेत्र के महाप्रबंधक से हस्तक्षेप कर निराकरण हेतु अनुरोध किया है।

# उत्पादन प्रक्रिया को सुचारू बनाने में एमआरडी विभाग की भूमिका अहम

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट का मेटेरियल रिकवरी विभाग (एमआरडी) संयंत्र में संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग तथा इस्पात उत्पादन के लिए आवश्यक स्क्रैप की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मेटेरियल रिकवरी विभाग संयंत्र के विभिन्न विभागों से स्क्रैप एकत्र कर उसका प्रसंस्करण करता है तथा उसे स्टील मेल्टिंग शॉप्स (एसएमएस) को आपूर्ति करता है जहाँ यह स्टील उत्पादन की प्रक्रिया में उपयोग होता है। इस प्रकार एमआरडी विभाग न केवल उत्पादन प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में सहायक है, बल्कि संसाधनों के कुशल एवं पुनर्नवीनीकरण उपयोग को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में स्क्रैप की उपलब्धता इस्पात उद्योग के लिए एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभरी है। ऐसे समय में, बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के मार्गदर्शन में आरंभ की गयी एक नवाचारपूर्ण पहल के अंतर्गत विभिन्न विभागों से स्क्रैप एकत्रीकरण एवं उसका उचित निपटान किया जा रहा है। इस पहल से न केवल संयंत्र के विभिन्न विभागों में स्वच्छता एवं हाउसकीपिंग के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, बल्कि स्क्रैप प्रबंधन प्रक्रिया भी अधिक संगठित एवं पारदर्शी बनी है।

इस प्रयास के फलस्वरूप, स्टील मेल्टिंग शॉप्स हेतु स्क्रैप की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे उत्पादन प्रक्रिया और अधिक संतुलित बनी है। साथ ही, संयंत्र परिसर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। यह पहल रखरखाव कार्यों के दौरान उत्पन्न स्क्रैप की व्यवस्थित पहचान और संग्रहण को प्रोत्साहित करते हुए स्क्रैप की कमी को दूर करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। यह पहल न केवल स्क्रैप की कमी की चुनौती का समाधान प्रस्तुत कर रही है, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ के सिद्धांत को भी सशक्त बना रही है, जहां प्रत्येक अवशिष्ट सामग्री को एक मूल्यवान संसाधन के रूप में पुनः उपयोग में लाया जा रहा है।

बोकारो स्टील प्लांट की यह पहल संचालन दक्षता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित कर रहा है, जो विकसित भारत के निर्माण में बीएसएल के योगदान को और अधिक सशक्त बना रहा है।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**
**NIT No. – 484/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply , Erection, Testing & Commissioning of 01 nos. 33 kV Bays, 01 no. Gantry Tower, 01 no. Gantry Beam & associated work at 132/33 kV GSS, Daltonganj and erection, testing & commissioning of 132/33 kV 50 MVA Power Transformer (departmentally supplied) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,48,37,877.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,96,800.00 (On line mode) |
| Completion Period | 09 (Nine) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% (Online mode). |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 03.11.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 03.11.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 24.11.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 25.11.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(62021s62568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।**

**Sd/-**
**General Manager C&M (NWBP)**

PR 364885 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती आज

# गणतंत्र दिवस की तर्ज पर भव्य परेड, पीएम मोदी लेंगे सलामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अहमदाबाद।** भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्तूबर को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जायेगा। इसी के साथ गुजरात के एकता नगर में गणतंत्र दिवस की तर्ज पर भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परेड की सलामी लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (31 अक्तूबर) को गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का नेतृत्व करेंगे। एकता नगर में ही भारत के पहले गृह मंत्री के सम्मान में स्थापित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थित है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस साल राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह, जो 'भारत के लौह पुरुष' की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, उसमें एक सांस्कृतिक उत्सव और सुरक्षा बलों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस परेड शामिल होगी, जिसमें उनके कौशल, अनुशासन और वीरता का प्रदर्शन किया जाएगा।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली यह परेड एकता नगर में आयोजित की जाएगी, जहां 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। गुजरात सरकार ने जानकारी दी कि इस वर्ष एकता नगर में आयोजित होने वाले समारोह का एक प्रमुख आकर्षण



सशस्त्र बलों की गणतंत्र दिवस शैली की परेड होगी, जिसमें सजावटी झांकियां भी शामिल होंगी। परेड के दौरान राज्य की झांकियों सहित 10 झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन

बता दें कि शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन होगा। वह एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे और परेड का अवलोकन करेंगे। जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टुकड़ियां परेड में हिस्सा लेंगी।

### बीएसएफ का मार्चिंग दस्ता मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा

सुरक्षा बलों में महिला सशक्तिकरण के प्रदर्शन के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों से औपचारिक सलामी लेंगे, जिनका नेतृत्व महिला अधिकारी करेंगी। इस वर्ष के मुख्य आकर्षणों में बीएसएफ का मार्चिंग दस्ता शामिल है, जिसमें केवल भारतीय नस्ल के कुत्ते जैसे रामपुर हाउंड्स और मुधोल हाउंड्स शामिल हैं, गुजरात पुलिस का घुड़सवार दस्ता, असम पुलिस का मोटरसाइकिल डेयरडेविल शो और बीएसएफ का ऊंट दस्ता और ऊंट पर सवार बैंड शामिल हैं। परेड में सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेताओं और बीएसएफ के 16 वीरता पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया जायेगा, जिन्होंने झारखंड में नक्सल विरोधी अभियानों और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में असाधारण साहस का परिचय दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी परेड के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने के लिए वीरता पदक जीतनेवाले बीएसएफ कर्मियों से औपचारिक सलामी लेंगे।

### अलग-अलग राज्यों की झांकियां होंगी शामिल

राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में एनएसजी, एनडीआरएफ, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मणिपुर, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और पुडुचेरी की 10 झांकियां शामिल होंगी, जो 'विविधता में एकता' विषय पर आधारित होंगी। 900 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत के शास्त्रीय नृत्यों का प्रदर्शन किया जायेगा, जो भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को दर्शाता है।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने तेघरा विधानसभा के बरौनी गांव में जनसभा को किया संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिला के तेघरा विधानसभा के बरौनी गांव में गुरुवार को अपराह्न दो बजे विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री की गिरिराज बाबू के साथ पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से बीजेपी के






प्रत्याशी रजनीश सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह सिंह ने सभी से अपील की कि वे भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बना कर बिहार में एक बार फिर सुशासन और विकास वाली सरकार का चयन करें।

# हैलोविन फैशन परेड एवं मेकअप शो का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** आई-फा इंटरनेशनल, रांची द्वारा विश्व हैलोविन दिवस (31 अक्टूबर) पर आयोजित हैलोविन फैशन परेड एवं मेकअप शो का आयोजन रंगारंग तरीके से संपन्न हुआ। इसमें बच्चों और युवाओं ने रचनात्मकता और कलात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार सुरैया को, दूसरा पुरस्कार सुदिक्षा को तथा तीसरा पुरस्कार दिया जोशी और सुदीक्षा को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने हैलोविन थीम पर आधारित अनोखी वेशभूषा और मेकअप से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और कला के प्रति लगाव को बढ़ावा देती हैं।

कार्यक्रम का समापन विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरण आई इंटरनेशनल के निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हुमायूं कबीर, अलमा हसन, आसेम, का साथ रहा तथा निर्णायक मंडली में शगुफ्ता बानो, हुमायूं कबीर तथा सलमा हसन के द्वारा किया गया।

### जस्टिस सूर्यकांत 53वां चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया नियुक्त



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया नियुक्त किया गया है। वे 24 नवंबर को शपथ लेंगे। कानून मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वे मौजूदा सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की जगह लेंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल करीब 14 महीने का होगा।




## रूस से तेल खरीदने के बावजूद चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ घटा

# ट्रंप-जिनपिंग की बैठक में दुर्लभ खनिजों पर समझौता

**एजेंसी**

**सियोल।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एलान किया कि उनके और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ) को लेकर सहमति बन गयी है। ट्रंप ने बताया कि चीन अगले एक साल तक अमेरिका को रेयर अर्थ सप्लाई करने के लिए तैयार हो गया है।

ट्रंप ने यह भी बताया कि उन्होंने चीन पर फेन्टानिल (मादक पदार्थ) को लेकर लगाये गये टैरिफ को 10 फीसदी पर लाने का फैसला कर लिया है। इसी के साथ चीन पर अब अमेरिका का कुल टैरिफ 57 फीसदी से घट कर 47 प्रतिशत पर आ गया है।



डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग गुरुवार को ही दक्षिण अफ्रीका के बुसान में मिले। इस दौरान दोनों ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच सभी विवाद निपटा लिये गये हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि चीन के साथ समझौता एक साल के लिए और बढ़ाया जा सकता है। यह पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद होगा।

ट्रंप ने कहा कि शी और उनके बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में सहयोग पर भी बात हुई है। उन्होंने कहा, यूक्रेन का मुद्दा बैठक के दौरान मजबूती से उठा। हमने काफी लंबे समय तक बात की और दोनों साथ काम करेंगे और देखेंगे कि इस मुद्दे पर क्या-कुछ किया जा सकता है।

ट्रंप ने कहा कि वाशिंगटन और बीजिंग कई मुद्दों पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका तुरंत प्रभाव से फेंटेनिल की अमेरिका में तस्करी को लेकर लागू किये गये टैरिफ को हटा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन ने अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने का वादा किया है।

**ताइवान पर नहीं हुई ट्रंप-जिनपिंग के बीच चर्चा :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी बातचीत में ताइवान का मुद्दा नहीं उठा। गौरतलब है कि चीन हमेशा से ताइवान पर दावा करता रहा है, हालांकि अमेरिका चीन की मुख्य भूमि से दूर इस द्वीप की स्वायत्तता का समर्थन करता आया है। ऐसे में माना जा रहा था कि चीनी राष्ट्रपति ताइवान के मुद्दे को ट्रंप के सामने उठायेंगे।

**अप्रैल में चीन का दौरा करेंगे ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे अप्रैल में चीन जायेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद शी अमेरिका का दौरा करेंगे, जहां वे या तो वॉशिंगटन डीसी या फिर फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित ट्रंप के आवास पर भी आ सकते हैं।




# प्रदूषण के कारण वर्ष 2022 में देश में 17 लाख से ज्यादा मौतें

- द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट का चौकानेवाला आंकड़ा
- साल 2010 की तुलना में मौत के मामलों में 38 प्रतिशत की वृद्धि
- जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी 44 प्रतिशत मौतों का कारण बना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली-एनसीआर में व्यापक रूप से वायु प्रदूषण का असर देखा जा रहा है। विशेषकर दिवाली के बाद से दिल्ली की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है। गुरुवार (30 अक्तूबर) को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार हो गया है। हवा में बढ़ते सूक्ष्मकण (पीएम 2.5) को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। अध्ययनों में पीएम 2.5 के कारण होने वाले कई दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को लेकर अलर्ट किया गया है। इससे हृदय रोगों से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा हो सकता है।

इसी से संबंधित एक हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने पीएम 2.5 के कारण होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर सावधान किया है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, मानव-जनित पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गयी। साल 2010 की तुलना में मौत के मामलों में 38 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है। इतना ही नहीं, जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी 44 प्रतिशत मौतों का कारण बना।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तेजी से बढ़ते प्रदूषण और इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर लोगों को अलर्ट किया है।

'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025 की रिपोर्ट' में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कई स्रोत हैं और इसका संपूर्ण स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए सड़क परिवहन के लिए पेट्रोल के उपयोग से होने वाले प्रदूषण ने 2.69 लाख लोगों की जान ले ली। अनुमान यह भी बताते हैं कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2022 में हुई समय से पहले मृत्यु के चलते 339.4 बिलियन अमरीकी डॉलर का वित्तीय नुकसान भी झेलना पड़ा जोकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 9.5 प्रतिशत था। इससे स्पष्ट होता है कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के साथ आर्थिक रूप से भी संकट बढ़ाता जा रहा है।

### भारत में लगातार बढ़ रहा है वायु प्रदूषण का जोखिम : रिपोर्ट

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नेतृत्व में 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के 128 विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने ये रिपोर्ट तैयार की है। लेखकों ने कहा कि 30वें संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (कॉप30) से पहले प्रकाशित यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बीच संबंधों का अब तक का सबसे व्यापक आकलन प्रस्तुत करती है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के लगातार उच्च स्तर को देखते हुए ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से वायु गुणवत्ता ₹खराब₹ और ₹बेहद खराब₹ के बीच बनी हुई है। प्रदूषण की समस्या से निपटने के प्रयास में पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी, करोल बाग और मयूर विहार जैसे कुछ हिस्सों में क्लाउड-सीडिंग परीक्षण किए गए। हालांकि, पर्यावरणविद इसे एक अल्पकालिक उपाय बताते हैं। लैंसेट रिपोर्ट के साथ देश-संबंधित डेटा शीट में लेखकों ने बताया, भारत में साल 2022 में मानव-जनित वायु प्रदूषण (पीएम 2.5) के कारण 17.18 लाख से अधिक मौतें हुईं, जो 2010 से 38 प्रतिशत की वृद्धि है। जीवाश्म ईंधन (कोयला और तरल गैस) के कारण 2022 में इन मौतों में 7.52 लाख (44 प्रतिशत) का हिस्सा रहा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**